You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-319 | गुरुवार, 19 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



भारतीय संस्कृति में प्रकृति पूजनीय है। हम पेड़ों की पूजा करते हैं और धरती को अपनी मां मानते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी रीतियाँ और नीतियाँ प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना पर आधारित हैं। ओम बिरला

आईएनएस निर्देशक नौसेना के बेड़े में शामिल 11

मसूरीः शीतकालीन पर्यटन को मिलेगा नया आयाम 12

## संक्षेप

### शरद पवार महाराष्ट्र के दो किसानों के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मिले

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास आघाडी (एमवीए) की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति से हार के कुछ सप्ताह बाद हुई। पवार ने पश्चिमी महाराष्ट्र के फलटण के दो किसानों के साथ संसद में प्रधानमंत्री के कार्यालय में उनसे मुलाकात की और उन्हें किसानों के खेत से लाई गई अनार की एक पेटी भेंट की। हाल ही में, पवार ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में फरवरी में आयोजित होने वाले 98वें मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद पवार ने कहा, ''मैंने साहित्य सम्मेलन के विषय पर बात नहीं की। पिछले माह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, राकांपा (एसपी), शिवसेना (उबाठा) वाले गठबंधन एमवीए को भाजपा, शिवसेना, राकांपा वाले गठबंधन महायुति से करारी हार मिली थी। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीट में से महायुति ने 235 और एमवीए ने 46 सीट जीती हैं।

### सपा नेता अतुल प्रधान विधानसभा सत्र से निष्कासित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को उस समय अप्रिय हालात पैदा हो गये, जब प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं पर मेरठ के सरधना से समाजवादी पार्टी (सपा) सदस्य अतुल प्रधान के सवाल का जवाब स्वास्थ्य मंत्री और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक दे रहे थे कि विपक्षी दल नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने श्री प्रधान को अपशब्दों का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी और इसके बाद उन्हे शीतकालीन सत्र के लिये सदन से निष्कासित कर दिया। इस पर भी श्री प्रधान जब सदन के बाहर नहीं निकले तो मार्शलो ने उन्हे बाहर किया। इस बात को लेकर विपक्षी दल भड़क गये और सदन में भारी हंगामा और शोरशराबा मचा रहा। दरअसल, श्री प्रधान ने प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्थाओं की बदहाली का आरोप लगा कर नियम 56 के तहत सूचना मांगी थी। उनका कहना था कि सरकारी अस्पतालों में न तो दवायें उपलब्ध रहती है और न ही चिकित्सक मौजूद रहते हैं जिसके चलते गरीब मरीजों को मजबूरन महंगे इलाज के लिये निजी नर्सिंग होम्स का रुख करना पड़ता है। उन्होने झांसी मेडिकल कालेज में अग्निकांड में नवजातों की मृत्यु, महराजगंज और उन्नाव में हुयी घटनाओं को जिक्र किया। इस मुद्दे पर श्री पाठक के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी दल नारेबाजी करने लगे, इस बीच श्री प्रधान और राज्य मंत्री मयंकेश्वर सिंह आपसे में बहसबाजी करने लगे और दोनो सदस्यों के बीच तीखी तकरार हुयी। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने हस्तक्षेप करते हुये दोनो सदस्यों को मर्यादित आचरण की नसीहत दी ।

# उत्तराखंड में जनवरी से लागू होगी यूसीसी : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कहा कि राज्य में जनवरी, 2025 से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस तरह उत्तराखंड, आजादी के बाद यूसीसी लागू करने वाला पहला प्रदेश बन जाएगा।

आज सचिवालय में 'उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड' (यूआईआईडीबी) की बैठक के दौरान, श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही



प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति, गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर सात फरवरी, 2024 को राज्य विधान सभा से यूसीसी विधेयक 2024 पारित किया गया। इस विधेयक पर राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। श्री धामी ने कहा कि अब इसी क्रम में समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली गई है। इस तरह उत्तराखंड, अब जनवरी से यह संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए कार्मिकों को समुचित प्रशिक्षण देने के साथ ही, सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं जुटा ली जाएं। साथ ही अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन रखते हुए, जनसामान्य की सुविधा का ख्याल रखा जाए। मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

# गगन गिल को साहित्य अकादमी पुरस्कार

एजेंसी

नयी दिल्ली। हिन्दी की प्रख्यात लेखिका और कवयित्री गगन गिल को उनके कविता संग्रह मैं जब तक आयी बाहर के लिए वर्ष 2023-24 का साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है।

साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासनराव ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए 21 भाषाओं में साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। इन पुरस्कारों में आठ कविता संग्रह, तीन उपन्यास, दो कहानी संग्रह, तीन निबंध, तीन साहित्यिक आलोचना, एक नाटक और एक शोध की पुस्तकें शामिल हैं। साहित्य अकादमी ने हिंदी में 'जब तक आयी बाहर' (कविता) की कवयित्री गगन गिल, अंग्रेजी में 'स्पिरिट नाइट्स'



(उपन्यास) के लेखक ईस्टरिन किरे, गुजराती में 'भगवान-मी वातो' (कविता) के कवि दिलीप झावेरी, मैथिली में 'प्रबन्ध संग्रह' (निबंध) के लेखक महेन्द्र मलंगिया, मराठी में 'विदांचे गद्यरूप' (आलोचना) के लेखक सुधीर रसाल, नेपाली में 'छिचिमिरा' (कहानी) के लेखक युवा बराल, राजस्थानी में 'गांव अर अम्मा' (कविता) के कवि मुकुट मणिराज, संस्कृत में भास्करचरितम् (कविता) के कवि दीपक कुमार शर्मा, असमिया में 'फरिगबोर बटोर कथा जने' (कविता) के कवि समीर तांती, बोडो में 'सोराने थखाय' (उपन्यास) के लेखक अरन राजा, कन्नड में 'नुडिगाला अलिवु' (आलोचना) के लेखक केवी नारायण, कश्मीरी में 'साइकेट्रिक वार्ड' (उपन्यास) के लेखक सोहन कौल, कोकणी में 'रंगतरंग' (निबंध) के लेखक मुकेश थली, मलयालम में 'पिंगलकेशिनी' (कविता) के कवि के. जयकुमार, मणिपुरी में 'मैनू बोरा नुंग्शी शिरोल' (कविता) के हाओबम सत्यबती देवी, ओडिया में 'भूति भक्ति विभूति' (निबंध) के लेखक बैष्णव चरण सामल, पंजाबी में 'सुन गुणवंता सुन बुद्धिवंता' इतिहासनामा पंजाब' (कविता) की कवयित्री ● शेष पेज 11 पर

# अम्बेडकर पर भिड़े पक्ष-विपक्ष

## माफी मांगे अमित शाह, वरना मोदी करें उन्हें बर्खास्त : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया है इसलिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए और यदि ऐसा नहीं करते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।



श्री खरगे ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद में संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब श्री शाह ने दिया जिसमें उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्होंने बाबा साहब को लेकर सत्ता पक्ष की तरफ देखते हुए उन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि देश में दलितों के प्रति मानसिकता नहीं बदली है। श्री शाह ने भी इसी मानसिकता का परिचय देते हुए विपक्ष की तरफ मुखातिब होते हुए तंज कसते हुए कहा कि आप रोज क्या लगाए रहते हैं- अम्बेडकर, अम्बेडकर, अम्बेडकर, अगर इतना ही नाम आप भगवान का लेते तो आपको सात जन्मों का स्वर्ग मिल जाता। इससे साफ है कि ये लोग संविधान की बात नहीं मानते हैं। स्वर्ग और नरक की बात करते हैं तो यह सोच मनुस्मृति की है क्योंकि इसमें ही इस तरह की बातें लिखी हैं। श्री मोदी और शाह के अलावा उनके गुरु गोलवलकर भी यही कहते थे। वे जिस स्कूल में पढ़े हैं उसी की शिक्षा का पालन वे करते हैं। श्री खरगे ने कहा, यह सारी बातें कांग्रेस, नेहरू तथा गांधी परिवार को नीचा दिखाने के लिए की जाती है। इस तरह की बातें वे पहले करते थे उसी तरह की बात उन्होंने कल की और आश्चर्य यह है कि टीवी पर लाइव के दौरान उन्होंने इस तरह की बात की है। स्वर्ग और नरक की बात अम्बेडकर नहीं मानते थे। मोदी साहब ट्वीट कर उनको डिफेंड कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुलाकार उन्हें डांटना चाहिए था कि यह नहीं चलेगा और कैबिनेट से बाहर कर देना चाहिए था, लेकिन दोनों दोस्त हैं ● शेष पेज 11 पर

## खड़गे जी को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर आज आरोप लगाया कि वह बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर राज्यसभा में उनके बयान को तोड़मरोड़ कर पेश कर रही है लेकिन देश की जनता अच्छी तरह से जान चुकी है कि कांग्रेस हमेशा से डॉ. अंबेडकर, आरक्षण, सावरकर, पिछड़े वर्ग की विरोधी रही है और उसने संविधान को मनमाफिक तोड़ामरोड़ा है।



श्री शाह ने भाजपा के मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों के जवाब देते हुए यह भी कहा कि श्री खड़गे का दायित्व बनता है कि वे डॉ. अंबेडकर के बारे में सच बोलें क्योंकि वह उसी वर्ग से आते हैं जिनके कल्याण के लिए बाबा साहेब प्रतिबद्ध थे। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी से भी ये कहना चाहता हूं कि आपको कांग्रेस के इस कुत्सित प्रयास का समर्थन नहीं करना चाहिए था। मुझे बहुत दुख है कि राहुल गांधी के दबाव में आप भी इसमें शामिल हो गए हैं।... मुझे लगता है कि खड़गे जी को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। इस हाई प्रोफाइल संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, अश्विनी वैष्णव, पीयूष गोयल, किरन रिजीजू भी मौजूद थे। गृह मंत्री ने कहा, मैं उस पार्टी से आता हूं तो कभी भी बाबा साहेब का अपमान नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा, राज्यसभा में मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। इससे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयानों को संपादित करके सार्वजनिक किया था। जब चुनाव चल रहे थे तो मेरे बयान को एआई का उपयोग करके संपादित किया गया था। और आज वे मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस के नेता उनके भाषण के तथ्यों को चुनौती देते तो अच्छा लगता लेकिन इस तरह से भाषण को संपादित करके गलत अर्थ निकाल कर रखना गलत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे के बारे में विस्तार में नहीं जाएंगे लेकिन जनता अच्छी तरह से ● शेष पेज 11 पर

### आने वाली पीढ़ियों को बताने के लिए निकोबार द्वीप का नाम देश के नायकों पर रखा: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि अंडमान एवं निकोबार के द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद रखें क्योंकि जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे विकास एवं राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को बताया कि श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में लिखा, ल्ल अंडमान और निकोबार के द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद रखें। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और उन प्रतिष्ठित हस्तियों की स्मृति को संरक्षित करने और बनाए रखने के हमारे बड़े प्रयास का भी हिस्सा है जिन्होंने हमारे देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है।आखिरकार, जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे ही विकास और राष्ट्र-निर्माण में आगे बढ़ते हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और वहां सेलुलर जेल देखने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा आप अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का भी आनंद लें।

# कांग्रेसी नहीं घेर सके विधानसभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जन सरोकार के मुद्दों पर योगी सरकार के विफल रहने का आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हजारों कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता विधानसभा को घेरने के इरादे से एकत्र हुये लेकिन पुलिस के सख्त पहरे के चलते उनका अभियान पार्टी दफ्तर से चंद कदम दूर तक चल सका।

कांग्रेस के विधानसभा के घेराव के ऐलान के बाद जिला प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं को धारा-163 बीएनएसएस-(धारा 144) का हवाला देते हुये नोटिस दी थी और लखनऊ एवं अन्य जिलों में



बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं को नजरबंद कर दिया गया था, इसके बावजूद हजारों की संख्या में कांग्रेसी आज सुबह पार्टी के प्रदेश दफ्तर में एकत्र हो गये। इनमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय,महासचिव अविनाश पांडे समेत कई नेता शामिल थे। दफ्तर के बाहर सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानो को तैनात कर दिया गया था। कांग्रेस पार्टी दफ्तर मार्ग पर डबल लेयर्ड बैरीकेडिंग लगायी गयी। नाकाबंदी मज़बूत करने के लिए बैरीकेडिंग के साथ सड़कों पर गड्ढा कर बल्लियां लगाई गई। कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करने पर कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया मगर विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले में चर्चा की अनुमति नहीं दी। उनका कहना था कि कानून व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी प्रशासन की है और इसका विधानसभा की कार्यवाही से कोई सरोकार नहीं है। इस बीच कांग्रेसियों ने बेरीकेडिंग को फांदने की कोशिश की ● शेष पेज 11 पर

### आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

ब्रिस्बेन। भारत के दिग्गज स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास ले लिया।

आज यहां अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद संवाददाता सम्मेलन में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी उनके साथ थे। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ बैठे नजर आए थे। इस दौरान कोहली ने उन्हें गले भी लगाया था। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे। अश्विन ने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सभी प्रारूपों में ये मेरा आखिरी मैच था। मेरे अंदर अभी भी क्रिकेट शेष है।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

## बातचीत से इनकार करने पर सुप्रीम कोर्ट

# किसानों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि किसानों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से 2024 धरने पर बैठे किसानों से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं। पीठ ने पंजाब सरकार से कहा कि अगर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी होती है तो इसके लिए वह जिम्मेदार होगी। पीठ ने कहा कि डॉक्टर की सलाह के अनुसार श्री दल्लेवाल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। अदालत के समक्ष पंजाब के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा कि किसान अदालत द्वारा नियुक्त समिति से चर्चा करने के लिए अनिच्छुक हैं। इस पर पीठ ने कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि अदालत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। किसानों द्वारा सीधे या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कोई भी सुझाव या मांग पत्र रिकॉर्ड में लाया जा सकता है। सभी हितधारकों के साथ चर्चा के साथ इस पर उचित विचार किया जाएगा। अदालत के समक्ष श्री सिंह ने यह भी कहा कि पिछले 20 दिनों से अनशन पर बैठे दल्लेवाल ने मेडिकल जांच से इनकार कर दिया है। उनकी हालत ठीक है, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती करने का सुझाव दिया है। इस पर पीठ ने सिंह से कहा, मतभेद हो सकते हैं, लेकिन आंदोलन करने के लिए उनका स्वस्थ होना जरूरी है। एक निर्वाचित सरकार और एक संवैधानिक अंग के रूप में आप उन्हें कुछ भी नहीं होने दे सकते। ● शेष पेज 11 पर



### कुछ रिटायर्ड जजों की पेंशन देखकर चौंका सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि यह 'दयनीय' है कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 10 से 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा, 'आप हर मामले में कानूनी दृष्टिकोण नहीं अपना सकते। कभी-कभी आपको मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत होती है। उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 10,000 से 15,000 रुपये के बीच पेंशन मिलने की बात पर गौर करते हुए पीठ ने कहा, 'यह दयनीय है।' उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की पेंशन से संबंधित एक याचिका बुधवार को पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और अनुरोध किया कि इस पर जनवरी में सुनवाई की जाए। वेंकटरमणी ने कहा कि सरकार इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करेगी। पीठ ने कहा, 'बेहतर होगा कि आप उन्हें (सरकार को) समझाएं कि (इस मामले में) हमारे हस्तक्षेप से बचा जाए तो बेहतर है।' पीठ ने कहा कि मामले का फैसला व्यक्तिगत मामलों के आधार पर नहीं किया जाएगा और ● शेष पेज 11 पर

# डोनाल्ड ट्रंप को महाकुंभ में शिरकत करने का न्योता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आमंत्रण**

- श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने दी जानकारी

महाकुंभनगर। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने का जूना अखाड़े ने न्योता दिया है। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बुधवार को बताया कि अमेरिका में जीत के बाद पहली बार डोनाल्ड ट्रंप पहली बार भारत में प्रयागराज के महाकुंभ में शिरकत कर सकते हैं। जूना अखाड़े की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप को महाकुंभ के लिए औपचारिक तौर पर आमंत्रित किए जाने के लिए निमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है। उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि अमेरिका स्थित कैलिफोर्निया में अखाड़ा के महात्मा रामपुरी महराज ने डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी और निमंत्रण पत्र देकर प्रयागराज के कुंभ में शामिल होकर आध्यात्मिक वैभव एवं भारतीय संस्कृति का साक्षात अनुभव करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि इस निमंत्रण का उद्देश्य भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करना एवं वैश्विक शांति, सहयोग और सांस्कृतिक एकता का संदेश देना है। डोनाल्ड ट्रंप जैसे वैश्विक नेताओं की उपस्थिति से महाकुंभ का गौरव तो बढ़ेगा ही साथ यह भारतीय आध्यात्मिकता और सनातन परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पहचान दिलाएगा। श्रीमहंत नारायण गिरी ने कहा कि महाकुंभ मेले का सनातन धर्म में बहुत महत्व है। यह मेला महज एक धार्मिक आयोजन ही नहीं है बल्कि यह तो ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है, जो हमें मानव अस्तित्व के सार से रूबरू कराती है और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करती है। वसुधैव कुटुम्बकम की परिकल्पना



महाकुंभ में उस समय धरातल पर उतर आती है, जब सभी हिंदू जाति के लोग भेदभाव को मिटाकर आपसी प्रेम, सौहार्द व सद्भाव के संगम में डुबकी लगाते हैं और समस्त हिंदू समाज एक सूत्र में बंध जाता है। महाकुंभ मेला यह भारतीय आध्यात्मिकता और सनातन परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पहचान दिलाएगा। प्रयागराज का महाकुंभ उस त्रिवेणी संगम पर हो रहा है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियां मिलती हैं। इसे अत्यंत पवित्र स्थल माना जाता है और यहां स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि संगम में स्नान करने से आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाकुंभ में लाखों लोग अपने पापों का प्रायश्चित कर आत्मा को शुद्ध करने का सुनहरा अवसर हैं। महाकुंभ में स्नान करने से आत्मिक बल मिलता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। महाकुंभ धर्म की जड़ों को गहरा करता है और समाज में नैतिकता और आदर्शों का प्रचार करता है। महाकुंभ में विभिन्न अखाड़ों, मठों और सम्प्रदायों के संतों का संगम होता है तो हिंदू धर्म की विविधता में एकता के दर्शन भी हो जाते हैं।

### महाकुंभ के दौरान ट्रेनों में मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं : रेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने अगले साल जनवरी माह में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वालेमें जाने वाले श्रद्धालुओं को ट्रेनों में मुफ्त यात्रा संबंधी खबरों का खंडन किया है। रेलवे ने कहा है कि महाकुंभ या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है। रेल मंत्रालय ने महाकुंभ मेले के दौरान मुफ्त यात्रा के बारे में भ्रामक रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया आउटलेट ऐसी रिपोर्ट प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने बयान में ऐसी खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा, भारतीय रेलवे इन रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है, क्योंकि ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने बयान में यह भी याद दिलाया है कि भारतीय रेलवे के नियमों और विनियमों के तहत वैध टिकट के बिना यात्रा करना सख्त वर्जित है और यह दंडनीय अपराध है। इसमें कहा गया है, महाकुंभ मेले या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है। बयान में कहा गया है कि भारतीय रेलवे महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की अपेक्षित आमद को प्रबंधित करने के लिए विशेष होल्डिंग क्षेत्रों, अतिरिक्त टिकट काउंटरों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थापना सहित पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ मेला 13 जनवरी, 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शुरू होगा और 26 फरवरी, 2025 को महाशिवरात्रि के दिन संपन्न होगा।

# उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम, खुलेंगे विदेशी विश्वविद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने वाले चार विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। इन विधेयकों के तहत राज्य में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना और विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को शैक्षिक हब बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा क्षेत्र में यह सुधार राज्य की छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगा। नए विश्वविद्यालयों और विदेशी परिसरों के माध्यम से छात्रों को उनके गृह राज्य में ही विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विदेशी विश्वविद्यालय के आने से प्रदेश के छात्रों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा अपने प्रदेश में ही अब सस्ती और सहज मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी तक उत्तर प्रदेश में ही रजिस्टर्ड संस्थायें यहाँ पर विश्वविद्यालय स्थापित कर सकती थी परन्तु अब इस नये संशोधन विधेयक द्वारा किसी भी अन्य राज्य में रजिस्टर्ड संस्थायें, कम्पनियाँ, ट्रस्ट जिनका ट्रैक रिकार्ड भी अच्छा हो, उत्तर प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए अर्ह होंगे। यदि यूजीसी द्वारा विदेशी विश्वविद्यालय जिनको उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता दी जाती है तो ऐसी संस्थायें भी उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय स्थापित कर सकेगी। यह विधेयक प्रदेश के छात्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेंगे। योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को शैक्षिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के साथ-साथ स्थानीय और वैश्विक स्तर पर रोजगार और शोध के अवसरों को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल नए विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में उच्च शिक्षा को सुलभ और उन्नत बनाने के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन 2019) में संशोधन किया गया है।

# योगी के नेतृत्व में सौर ऊर्ज़ा से जगमग हो रहा उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- प्रदेश में तेजी से लगाए जा रहे सोलर रूफटॉफ पैनल
- अब तक प्रदेश में हुआ 53 हजार से अधिक सोलर रूफटॉफ पैनल इंस्टालेशन
- सोलर रूफटॉफ पैनल लगाने में देश में तीसरे स्थान पर है यूपी
- प्रदेश में हो चुका है 18 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन
- 3 साल में 25 लाख सोलर रूफटॉप पैनल लगाने का लक्ष्य



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में 'पीएम सूर्य घर योजना' को उत्तर प्रदेश में नए आयाम मिल रहे हैं। केंद्र की योजनाओं को प्रदेश के विकास से जोड़ते हुए योगी सरकार ने यूपी को सौर ऊर्ज़ा उत्पादन के क्षेत्र में शीर्ष राज्यों में ला खड़ा किया है। बिजली बचत, आय वृद्धि और हरित ऊर्ज़ा के लक्ष्य को पूरा करने वाली इस योजना से प्रदेश के लाखों घर लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रदेश सरकार की सक्रियता का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश, सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन के मामले में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद देशभर में तीसरे स्थान पर है। अब तक प्रदेश में 53 हजार से अधिक सोलर रूफ टॉप पैनल लगाए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 25 लाख सोलर रूफटॉप पैनल लगाने का है। योजना को जनता तक पहुंचाने में मिली सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 18 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जिनमें से 32 हजार से अधिक घरों में पैनल का इंस्टालेशन भी पूरा कर लिया गया है।

**सब्सिडी के लाभ से घरों में सौर ऊर्ज़ा को सुलभ बना रही योगी सरकार**

पीएम सूर्य घर योजना के तहत सरकार सोलर रूफटॉप लगाने के लिए आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है। 1 किलोवॉट क्षमता के पैनल के लिए केंद्र सरकार 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार 15 हजार रुपए की सहायता देती है, यानी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी। इसी तरह, 2 किलोवॉट के पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार और योगी सरकार द्वारा 30 हजार, कुल 90 हजार रुपए की सहायता लाभार्थियों को दी जा रही है। वहीं, 3 किलोवॉट या उससे ऊपर के पैनल के लिए केंद्र की ओर से 78 हजार रुपए और राज्य सरकार की ओर से 30 हजार रुपए की सब्सिडी मिलाकर 1 लाख 8 हजार रुपए तक की सहायता दी जा रही है।

इस योजना का सीधा फायदा उन घरों को मिल रहा है जो बिजली बिल के बोझ से राहत पाना चाहते हैं। सोलर पैनल लगवाने से न केवल बिजली के बिलों में भारी कमी आ रही है, बल्कि लोग अतिरिक्त ऊर्ज़ा का उपयोग करके आय में वृद्धि भी कर रहे हैं। खास बात यह है कि सौर ऊर्ज़ा के उपयोग से पर्यावरण को भी स्वच्छ और हरित बनाया जा रहा है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सौर ऊर्ज़ा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में 25 लाख सोलर रूफटॉप पैनल लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए प्रदेश के सातों डिस्कॉम और हर जिले के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री स्वयं इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। आरईसी, डिस्कॉम्स और वेंडर्स के साथ समन्वय स्थापित कर इस योजना में आने वाली हर चुनौती का समाधान किया जा रहा है। यह योजना न केवल बिजली के संकट को दूर करने में सहायक है, बल्कि इससे प्रदेश को आत्मनिर्भर और हरित ऊर्ज़ा से संपन्न राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

पीएम सूर्य घर योजना के तहत न केवल बिजली बचत की दिशा में सफलता मिल रही है, बल्कि यह योजना रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रही है। सोलर पैनल इंस्टालेशन से तकनीकी विशेषज्ञों, श्रमिकों और अन्य संबंधित क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए रोजगार के द्वार खुले हैं। इसके अलावा, सौर ऊर्ज़ा के उपयोग से प्रदेश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी मदद मिल रही है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह योजना एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। जनता को राहत, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के इस अद्भुत संगम से यूपी आने वाले वर्षों में ऊर्ज़ा क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर है।

**सुरक्षित महाकुम्भ : सीएम योगी के निर्देश पर युद्ध स्तर पर चल रहा महाकुम्भ को भव्य बनाने का काम**

# बॉलीवुड के आर्ट डायरेक्टर ने तैयार किया महाकुम्भ का पॉवर सेंटर

- 100 से अधिक अफसरों की टीम यहीं से करेगी महाकुम्भ की मॉनिटरिंग
- कॉन्फ्रेंस हॉल में बनेगी रणनीति, मीडिया के लिए भी बन रहे स्पेशल ब्लॉक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में इस बार सुंदरता और सुरक्षा का अद्भुत संगम होने जा रहा है। देश विदेश के श्रद्धालु यहां नव्यता के साथ साथ भव्यता का भी आनंद लेने के लिए बस पहुंचने ही वाले हैं। इस पूरे मेले को संचालित करने वाला पावर सेंटर यानी नया कंट्रोल रूम भी बनकर तैयार हो गया है, जहां शीर्ष अधिकारी बैठकर रणनीति बनाएंगे। कंट्रोल रूम से ही मेले के चप्पे चप्पे पर नजर रखी जाएगी। महाकुम्भनगर में इस कंट्रोल रूम को बनाने में बॉलीवुड के प्रसिद्ध आर्ट डायरेक्टर और वास्तुकार पवन पांडे की मदद ली गई है।

सीएम योगी के निर्देश पर विश्व के इस सबसे बड़े मेले को सजाने संवारने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। महाकुम्भनगर में बना यह कंट्रोल रूम मेले से पहले चल रही तैयारियों के साथ साथ मेले के दौरान सभी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करेगा। यहां कॉन्फ्रेंस हॉल में मेले को संचालित करने के लिए मीटिंग्स की जाएगी। मीडिया के स्पेशल ब्लॉक भी बनाए जा रहे हैं, जो संपूर्ण मेले की जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाएंगे। महाकुम्भनगर के अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उनकी मंशा है कि दुनिया के सामने महाकुम्भ के माध्यम से ऐसा उदाहरण पेश किया जाए, जिससे लोग जानें कि आखिर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश क्यों कहा जाता है। महाकुम्भ की सुंदरता को संवारने के लिए देश के कोने-कोने से प्रसिद्ध कलाकारों की बड़ी महत्वपूर्ण टीमें यहां महाकुम्भनगर की दीवारों में नवजीवन के रंग उकेरते देखी जा सकती हैं। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि कंट्रोल रूम में श्रद्धालुओं को लेकर होने वाले जरूरी इंतजाम के लिए वीआईपी मीटिंग होंगी। साथ में कॉन्फ्रेंस हॉल और करोड़ों लोगों तक सही समय पर उचित जानकारी पहुंचाने के लिए मीडिया के ब्लॉक भी बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुंबई में कई फिल्मों और रियलिटी शो के अनुभवी आर्ट डायरेक्टर पवन पांडे ने महाकुम्भ का पॉवर सेंटर समय सीमा से पहले तैयार कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कंट्रोल रूम को अंतिम रूप दिया गया है। यह सुरक्षा के लिहाज से बेहद मुफीद है। प्रयाग के प्रमुख मंदिरों और धर्मस्थलों की कलाकृतियों से इसे सजाया गया है। यहां एक साथ 100 से अधिक अफसरों की टीम काम करेगी।

साथ ही महाकुम्भ के दौरान हर गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी यहीं से की जाएगी। मेले के शीर्ष अधिकारी इसी कंट्रोल रूम से मेले के चप्पे चप्पे पर नजर रखेंगे और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपडेट देंगे। कंट्रोल रूम में अफसरों के अलग-अलग प्रकार के केबिन बनाए जा रहे हैं। जिसमें सुरक्षा, प्रशासनिक कार्यों के साथ साथ चिकित्सा, पेयजल संबंधित सभी आवश्यक कार्यों की निगरानी की जाएगी। देश-विदेश से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए, इसके लिए बाकायदा रणनीति बनाने का काम भी इसी कंट्रोल रूम से किया जाएगा। विभागीय समन्वय के लिए यहीं पर कॉन्फ्रेंस हॉल रहेंगे और जन सुविधाओं से संबंधित जानकारी के लिए मीडिया के ब्लॉक भी यहीं पर अलग से बनाए जा रहे हैं। सुविधा के लिहाज से इस सेंटर को एल शेप का आकर दिया जा रहा है। जिसमें अफसर से लेकर उनके स्टाफ तक के लिए हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

## नहर हेड के पास घायल मिले दो युवकों में एक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार क्षेत्र कौंधियारा थाना अंतर्गत मंगलवार को देर शाम दो युवक नौगवां नहर हेड के पास घायल मिले जानकारी होने पर स्वजन पहुचे अस्पताल ले गये के सेहरा में जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया, दूसरे को मामूली चोट थी जिसे इलाज के बाद घर भेज दिया। मृतक के पिता ने मामूली घायल युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस युवक को पड़कर पूछताछ कर रही है। विरोध के बाद मृत युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। ग्राम पंचायत पवर मजरा सुक्खू का पूरा थाना घूरपुर निवासी कमलेश बिंद का 18 पुत्र सचिन बिन्द दोपहर दो बजे गांव के ही अपने साथी मंगल बिन्द के साथ कौंधियारा के ग्राम पंचायत एकौनी के मजारा खडियान अपनी बहन प्रीति के यहां गया था। देर शाम घायल होने सूचना पर स्वजन घटनास्थल पर पहुंच कर प्राइवेट एम्बुलेंस से अस्पताल ले गए जहाँ डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर अपने गांव सुक्खू का पूरा चले गए। सुबह मृतक का पिता कमलेश थाने पर शिकायती पत्र देकर साथ गये युवक मंगल पर हत्या का आरोप लगाया है वहीं मामले को गम्भीरता से लेते हुए प्रभारी थाना कौंधियारा ने जांच शुरू कर दी है और बताया कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कला क्राफ़्ट प्रतियोगिता में ममता कनौजिया ने प्रदेश में बढ़ाया मान



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार क्षेत्र कौंधियारा में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, लखनऊ में आयोजित पंचम राज्य स्तरीय कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय जोखनई कौंधियारा की शिक्षिका ममता कनौजिया द्वारा कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री से सम्बन्धित भाषा विषय एवं स्तर के अनुसार सामग्री का निर्माण किया गया तथा निर्मित सामग्री का प्रस्तुतीकरण निर्णायक मण्डल के समक्ष किया गया। जिसके लिए उन्हें प्रदेश में प्रथम स्थान मिला। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरुण कुमार अवस्थी और शिक्षक साथियों द्वारा बधाई दी गयी।

## भोजपुरी साहित्य एवं देशज आधुनिकता विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 29 दिसंबर को

**गोरखपुर।** भोजपुरी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत अंतर्राष्ट्रीय संस्था भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया ल्भाईङ्क एवं अंग्रेजी विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29 दिसंबर 2024 को एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी संगोष्ठीङ्क का आयोजन भोजपुरी साहित्य एवं देशज आधुनिकता विषय पर किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संवाद भवन, गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश से कई विद्वान शामिल होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह संगोष्ठी क्षेत्रीय भाषाओं, विविधता, सांस्कृतिक पहचान एवं उनके संरक्षण की महत्ता को रेखांकित करेगी। अंग्रेजी साहित्य और भोजपुरी साहित्य के अंतर्संबंधों पर विशेष विमर्श होगा, जिससे वैश्विक स्तर पर भाषा और संस्कृति के अध्ययन को नए आयाम मिल सकें। इस संगोष्ठी के लिए अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ल एवं ल्भाईङ्क के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने कुलपति प्रो. पूनम टंडन को औपचारिक निमंत्रण दिया। इस अवसर पर कुलपति ने संगोष्ठी की सराहना करते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और आयोजन के लिए दोनों आयोजकों को बधाई दी। विज्ञप्ति के माध्यम से कार्यक्रम के संयोजक द्वय ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. सरिता बुधु (पूर्व अध्यक्ष, भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन, मॉरीशस) उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. पूनम टंडन करेंगी। संगोष्ठी में अखिल भारतीय भोजपुरी सम्मेलन के अध्यक्ष बृज भूषण मिश्र, प्रो. जय कांत सिंह ल्जयङ्क (मुजफ्फरपुर), मनोज भाऊक, केशव मोहन पांडेय, जलज अनुपम (दिल्ली), गोपाल ठाकुर (अध्यक्ष, भाषा आयोग, नेपाल), प्रो. राम नारायण त्रिपाठी (गाजीपुर), प्रो. प्रभाकर सिंह (समन्वयक, भोजपुरी अध्ययन केंद्र, बीएचयू, वाराणसी), डॉ. संध्या सिन्हा (जमशेदपुर), हिमांशु त्रिपाठी (नाइजीरिया), कनक किशोर (रांची), अरविंद चित्रांश (आजमगढ़), प्रो. चितरंजन मिश्र सहित अन्य ख्यातिप्राप्त विद्वान अपने विचार रखेंगे। सांस्कृतिक सत्र के अंतर्गत सायं 7 बजे से पारंपरिक संस्कार गीतों की प्रस्तुति के साथ मानवेंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में भिखारी ठाकुर कृत विदेशिया नाट्य मंचन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भोजपुरी साहित्य एवं संस्कृति के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्व को माटी के लाल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# विद्युत व्यवस्था का निजीकरण किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : अवस्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश विद्युत व्यवस्था के निजीकरण के मुद्दे पर राज्य के सभी प्रमुख विद्युत कर्मचारी संगठन अपने अपने स्तर पर विरोध दर्ज करा रहे हैं। ऐसे ही एक बैठक राजधानी के हजरतगंज क्षेत्र में स्थित केसरवानी धर्मशाला के आयोजन कक्ष में संपन्न हुई जिसमें यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार गोयल द्वारा सरकार को भेजे गए निजीकरण प्रस्ताव पर सक्रिय विरोध दर्ज कराने की रणनीति पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए प्रमुख विद्युत श्रमिक नेता चंद्र प्रकाश अवस्थी (बब्बू) ने कहा कि यूपीपीसीएल प्रबंधन का यह प्रस्ताव पूरी तरह गैरकानूनी और जनता के विस्वास को तोड़ने वाला है उन्होंने बताया कि विगत दिनों हुए प्रदेश व्यापी विद्युत कर्मी आंदोलन के समय उनके संगठन के साथ जो समझौता हुआ था उसका फायदा प्रदेश के विद्युत व्यवस्था में नजर आया है। चंद्र प्रकाश अवस्थी के अनुसार निजीकरण के मुद्दे पर प्रदेश के सभी विद्युत श्रमिक संगठन एकमत हैं कि निजीकरण किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश विद्युत प्रबंधन विगत काल में हुए तमाम कानूनी समझौतों को नकारने की कोशिश करता रहा है लेकिन विद्युत श्रमिकों की एकता और शक्ति के कारण विद्युत व्यवस्था को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने का हर षड्यंत्र हमेशा विफल ही रहा।

# असहायों व दिव्यांगों को भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला ने किया कंबल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मेजा प्रयागराज। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भाजपा नेता व जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल राजू भैया द्वारा मेजा विधान सभा क्षेत्र में सेवा संकल्प के तहत गरीब, असहाय निर्धन, दिव्यांग लोगों को ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरण अभियान को गति दी गयी है। टीम राजू भैया द्वारा बुधवार को पकरी सेवार सिटकी परानीपुर सहित तरहार के आधा दर्जन गांवों में कम्बल वितरण किया है।

डीजीएस परिवार के द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम पूरे मेजा क्षेत्र में किया जाता है। कंबल वितरण अभियान में जुटी डीजीएस परिवार की टीम का कहना है कि डीजीएस परिवार ने ठाना है गरीब, असहायों को ठंड से बचाना है।राजू भैया के सेवा संकल्प को आगे बढ़ाते हुए टीम ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक गरीब बस्ती में कंबल के साथ पहुंच रही है। डीजीएस परिवार की टीम के द्वारा सोमवार को क्षेत्र के पकरी सेवार सिटकी परानीपुर, तंदरिया, कंजौली, भुईपारा, मदरा, अरई, दुखी का पुरा, परवा, जेवनियां सहित कई गांवों में सैकड़ो जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया है। भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल राजू भैया ने कहा कि डीजीएस परिवार की मंशा है कि सर्दी में प्रत्येक गरीब, असहाय, निर्धन, दिव्यांग लोगों को गर्म कपड़े के अभाव में रात ना गुजारनी पड़े। उन्होने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए इस अभियान में तेजी लाई जाएगी। शुक्ल ने बताया कि कम्बल वितरण में जाति, धर्म से कोई परहेज नहीं हैं। गरीब किसी जाति धर्म का हो उसे कम्बल जरूर मिलेगा।

# मानसिक मजबूती के लिए खेल प्रतियोगिता अत्यंत आवश्यक है : चंदन देव पांडेय

## खंड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खंड विकास अधिकारी ने विजेता टीम को किया पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल प्रयागराज द्वारा खंड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को कौंधियारा विकासखंड के मोतीलाल नेहरू पी0जी0 कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी कौंधियारा चंदन देव पाण्डेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथियों को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार सिंह द्वारा बुके व बैच अलंकरण कर स्वागत किया गया।प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिकाओं ने एथलेटिक्स,कबड्डी,वॉलीबॉल कुश्ती सहित विभिन्न स्पर्धा में सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

खण्ड विकाश अधिकारी कौंधियारा चन्दन देव पाण्डेय ने कहा कि खेल रूप से स्वस्थ रहने के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक मजबूती के लिए भी खेल प्रतियोगिता अत्यंत आवश्यक है

अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ प्रयागराज इंद्रनाथ मिश्र ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास का सर्वोत्तम माध्यम है,ये विद्यालयीय प्रतियोगिताए ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती है।

खेलकूद प्रतियोगिता के 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में राहुल यादव प्रथम अतेन्द्र बिंद द्वितीय ,400 मीटर जूनियर बालक वर्ग दौड़ में ध्रुव राज यादव प्रथम ,जितेंद्र सिंह द्वितीय, 100 मीटर सब जूनियर बालिका वर्ग दौड़ में प्रज्ञा द्विवेदी प्रथम, सुष्मिता राज द्वितीय स्थान अर्जित किया। वॉलीबॉल में अकोढ़ा की टीम विजेता व गढ़वा कला की टीम उप विजेता रही। कार्यक्रम के दौरान शिवम सिंह, लक्ष्मीकांत पटेल, जयपाल, प्रभाकांत त्रिपाठी,प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय,डॉ अखिलेश द्विवेदी, अनिल कुमार,अखिलेश शुक्ल, माताम्बर मिश्र, मोहम्मद अनीस, अवधेश यादव, पीआरडी राजेश पटेल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी कांत पटेल ने किया।

# प्रयागराज के विभिन्न इंटर कॉलेज में 23 दिसंबर से 20 जनवरी तक लगेगा शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिला विद्यालय निरीक्षक पी0 एन0 सिंह ने बताया है कि जनपद के सभी इंटर कॉलेज में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तिथिवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने बताया कि एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व आफिसर ग्रेड की नियुक्ति की जायेगी।प्रत्येक इंटर कॉलेज में तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां इंटर कॉलेज स्तर पर निर्धारित की गई है। जिसमें इंटर कॉलेज 1.शिवाजी इंटर कॉलेज सहसों प्रयागराज में 23 व 24 दिसंबर को, 2. पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज भूपतपुर सहसो प्रयागराज में 25 व 26 दिसंबर को, 3. सीताराम सिंह इंटर कॉलेज बाबूगंज फूलपुर प्रयागराज में 27 व 28 दिसंबर को, 4. श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा प्रयागराज में 29 दिसंबर व 6 जनवरी को, 5. के0वी0एम0 इंटर कॉलेज कमला नगर प्रयागराज में 7 व 8 जनवरी को, 6. लाला जांगीलाल इंटर कॉलेज कोहडार मेजा प्रयागराज में 9 व 10 जनवरी को, 7. रामानुज इंटर कॉलेज कोहडार मेजा प्रयागराज में 11 व 12 जनवरी को, 8. आर0 पी0 रस्तोगी इंटर कॉलेज मलाक हरहर सहसों प्रयागराज में 13 व 16 जनवरी को, 9. सरस्वती देवी परमानंद सिन्हा इंटर कॉलेज सरस्वती पुरम कौड़ीहार प्रयागराज में 17 व 18 जनवरी को, 10. मेवालाल अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज सोरांव प्रयागराज में 19 व 20 जनवरी को, शिविर का आयोजन किया जाएगा। जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर के इंचार्ज डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय बताया कि सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर और ऑफिसर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। वही सुपरवाइजर और अधिकारी के लिए इंटर और बीए पास होना चाहिए और लंबाई 170 सेंटी मीटर और उम्र 19 से 40 वर्ष जो देखने में होनहार हो। ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित इंटर कॉलेज में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें सरकारी और गैर सरकारी जगहों के तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा।

# राष्ट्रपति पदक से सम्मानित लखनऊ के चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राष्ट्रपति पदक से सम्मानित नागरिक सुरक्षा कोर लखनऊ के चीफ वार्डे न अमरनाथ मिश्रा को राजाजीपुरम प्रखण्ड कि ओर से जन्मदिन पर अंगवस्त और पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। मौके पर अमरनाथ मिश्रा ने केक काटा। शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में नागरिक सुरक्षा की उपनियंत्रक अनिता प्रताप, सीनियर सहायक उपनियंत्रक सुमित मौर्या, सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, ममता रानी, रेखा पाण्डेय, मुकेश कुमार तथा स्टॉफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी, सुनील कुमार शुक्ला सहित चौक, यहियागंज, सआदतगंज, हसनगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर, हजरतगंज, हिन्दनगर, आलमबाग के डिविजनल वार्डेनों, पोस्ट वार्डेनों एवं सेक्टर वार्डेन रामगोपाल सिंह, संतोष सिंह, अमन आदि ने दीर्घायु होने कि कामना की।

# आधे अधूरे सड़क निर्माण से गाँव में जलभराव, ग्रामीण आक्रोशित

## ग्रामीणों नें विभाग से की सड़क निर्माण की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। पीडब्लूडी विभाग द्वारा बनाये गये आधे अधूरे सड़क के निर्माण कार्य से गांव में जलभराव की स्थिति बन गयी है। जिससे लोग आयेदिन गिरकर चोटिल हो रहे है। पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड को बनाये जाने की मांग की है। मलिहाबाद विकास खण्ड के ग्राम माधवपुर, फूलचन्द खेड़ा व रूपनगर के पास से



पीएसएचएल मार्ग निकला है। जिसकी लंबाई करीब तीन किलोमीटर है। जिसकी नवीनीकरण विगत माह पीडब्लूडी विभाग द्वारा कराया गया था। बरसात के समय पानी का भराव होने से करीब 250 मीटर की रोड का निर्माण ठेकेदारों ने यह कहकर बंद कर दिया था कि इस पर बरसात के बाद सीमेंटेड रोड व नाली बनाई जाएगी। लेकिन अब तक विभाग से कोई अधिकारी व ठेकेदार सड़क का निर्माण कार्य कराने नही आया। जिससे मार्ग पर जलभराव बना हुआ है साथ ही इस मार्ग से निकलने वाले लोग आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे। जलभराव से परेशान ग्रामीणों विमल यादव सहित दर्जनों लोगों ने विभाग से जल्द से जल्द मार्ग बनाये जाने की मांग की है।

## कोर्ट के सामने वकील की ड्रेस में गुंडो ने पत्रकार पर किया जानलेवा हमला,गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश में योगी सरकार जहां पत्रकारों को स्वतंत्रता और निष्पक्षता से अपना काम करने के लिए सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के दावे करती है। वही दूसरी ओर पत्रकारों पर जानलेवा हमला आमतौर पर देखे गए हैं। जिसका ताज़ा उदाहरण 17 दिसंबर को सिविल कोर्ट की तारीख से बाहर निकलते ही गेट पर घात लगाए वकील की ड्रेस में बैठे अपराधिक प्रवृत्ति के गुंडो ने अचानक पीछे से जानलेवा हमला कर दिया। यह घटना शाम करीब 4:30 की है। जब पीड़ित पत्रकार सत्येंद्र शर्मा कोर्ट से बाहर निकाल कर स्टैंड पर खड़ी मोटरसाइकिल उठाने जा रहे थे। तभी अचानक आरोपी रामेश्वर दयाल, रमेश उर्फ़ टिंकू, राहुल यादव, सूर्य और सुरेश रैना ने काला कोट पहनकर अन्य दर्जनों तथा कथित वकीलों के साथ मिलकर अपनी पहचान को छुपाने के उद्देश्य से पीड़ित पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

# निगोहांः मेधावियों को टोलवे लिमिटेड ने दस-दस हजार रूपये की छात्रवृत्ति वितरित किए



## 14 कॉलेजों के 27 मेधावियों को दिया प्रोत्साहन राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्यूब हाइवेज की एसपीवी कम्पनी ने लखनऊ-रायबरेली टोलवे लिमिटेड द्वारा बुधवार को दखिना शेखपुर टोल प्लाजा पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी (क्यूब रूट्स फाउंडेशन) के तत्वाधान में मेधावी छात्र-छात्राओ को प्रोत्साहित करने के लिये छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे लखनऊ व रायबरेली के 14 कॉलेजों के 27 मेधावी छात्र - छात्राओ को दस-दस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि के चेक व प्रमाण पत्रो का वितरण किया गया। परियोजना प्रमुख प्रदीप सिंह ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। जिसमे अशोक शर्मा हेड , (क्यूब रूट्स फाउंडेशन), आशीष चौधरी मैनेजर (क्यूब रूट्स फाउंडेशन) राकेश सिंह टोल प्लाजा मैनेजर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में अशोक शर्मा (क्यूब रूट्स फाउंडेशन) ने कहा कि बेटियां हर मामले में लड़कों से आगे हैं। पढ़ाई के मामले में भी उन्होंने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है उन्होने मेधावी छात्राओ से कहा जीवन में कोशिश हमेशा आगे बढने की करनी चाहिए यह आपके जीवन की सफलता की पहली सीढी है इसलिर अभी से लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसी के हिसाब से कड़ी मेहनत करें।

# चार डिवीज़नों में चले अभियान में 26 पर मुक़दमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुद्धवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा अति संवेदनशील घनी आबादी वाले क्षेत्र के अन्तर्गत बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से तड़के सुबह व शाम को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। ये अभियान लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अमीनाबाद डिविजन, चौक डिविजन, रे.ज़ीडेसी डिवीज़न व ठाकुरगंज डिविजन के अंतर्गत चलाया गया था। मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया की अभियान के दौरान टीम द्वारा अमीनाबाद उपकेंद्र के चिकमंडी फीडर के क्षेत्र खटीकाना में 30 कनेक्शन को चेक किया गया जिनमें से 10 उपभोक्ताओं के यहां अनियमितता पाई गई।



इसके अलावा मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र के फीडर आगामी देयोढ़ी, राजा बाजार के क्षेत्र में अभियान के दौरान 19 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किए गए जिनमें से 8 उपभोक्ताओं के कनेक्शन में अनियमितता पाई गई। इसके अलावा जीटीआई उपकेंद्र के रिसालदार पार्क क्षेत्र में टीम द्वारा 9 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किए गए जिनमें से 2 उपभोक्ताओं के कनेक्शन में अनियमितता पाई गई। उन्होंने बताया की इसके अलावा ठाकुरगंज डिवीजन के उपकेंद्र आजाद नगर के क्षेत्र अंबर गंज में 15 लोगों के कनेक्शन को चेक किया गया जिनमें से 4 लोगों के कनेक्शन में अनियमितता पाई गई है। उपकेंद्र बालाघाट के क्षेत्र ओल्ड बालागंज में अभियान के दौरान 15 लोगों के कनेक्शन को चेक किया गया जिनमें से 2 लोगों के कनेक्शन में अनियमितता पाई गई है। सभी डिवीजन में चले अभियान के दौरान कुल 88 कनेक्शन को चेक किया गया था, जिनमें से 26 जगह पर अनियमित पाई गई। बिजली चोरी करने वाले इन सभी 26 उपभोक्ताओं के ख़िलाफ एंटी पावर थीफ थाने में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी 26 उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई है। मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल का कहना था की सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली देना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

# 50 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुद्धवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन जोन 4 की टीम ने सैरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम-सैदापुर में कार्यवाही करते हुए लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन 4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि वीरेन्द्र यादव, जन्तुन निशा, हबीबुन निशा, हसीम बेग व नफीस बेग द्वारा आईआईएम रोड पर ग्राम-सैदापुर में मुबारकपुर



चौराहे के पास लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के ख़िलाफ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता शिवा सिंह व अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व शिवानंद शुक्ला द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इस अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

## नहीं साफ हुई गोसाईगंज क्षेत्र की रजबहा नहरें,किसानों के खेतों तक कैसे पहुंचे पानी



लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज क्षेत्र की रजबहा नहरों की सफाई नहीं हुई।अब किसानों के खेतों तक पानी कैसे पहुंचेगा ?यही सवाल किसानों के माइंड में चक्कर काट रहा है।इस मुद्दे को लेकर विभाग के जेई रमेश चंद्र से बात की और जानने की कोशिश की गई कि किसानों के खेतों तक पानी किस प्रकार पहुंचेगा। जवाब में जे ई की ओर से कहा गया कि किसानों को फसल की सिंचाई के लिए खेतों तक पानी पहुंचने की जिम्मेदारी उनकी है। इसी मुद्दे पर विभाग के एई अनुज दुबे से द्वारा बताया गया कि इस बार सरकार की ओर से बजट नहीं है। उनके अनुसार नहरों की सफाई का जो भी काम हुआ है वह परियोजना की ओर से कराया गया है।

## बेख़ौफ़ चोरों ने विधुत ट्रांसफार्मर से तेल और क्वायल किये चोरी,फ़रार



रहीमाबाद/लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । बेखौफ अज्ञात चोरों ने भारी भरकम विधुत ट्रांसफार्मर को चट्टे से नीचे गिराकर उसमे से तेल व क्वाइल चोरी कर फरार हो गये। बुधवार को रहीमाबाद थाने में दी गयी तहरीर में मलिहाबाद विधुत उपकेंद्र के अवर अभियन्ता त्रिभुवन सिंह ने बताया कि मलिहाबाद उपकेंद्र के चांदपुर फीडर का 250 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्राम कटौली स्थित लगा है। जिसे बीती रात अज्ञात चोरों ने नीचे गिराकर उसमे से तेल व क्वाइल चोरी कर ले गये है। अवर अभियंता की शिकायत पर पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है।

## परीक्षा परिणाम घोषित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षा के एमयूआरपी, एमआर्क, एमटेक, बीएचएमसीटी और बी वोक के प्रथम वर्ष और बी वोक के द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। परीक्षार्थी अपना परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट के वन व्यू पर देख सकते हैं।

## स्टडी हॉल स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्टडी हॉल स्कूल कानपुर रोड में टेंडर पाम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने एक स्वस्थ शिविर का आयोजन किया। इसमें दांतों की जांच, आंखों की जांच बी.पी एंव ई. सी.जी का आयोजित किया था। चिकित्सक ने मुंह और दांतों को साफ व सेहतमंद रखकर रोगों को दूर रखना के बारे में अभिभावकों और बच्चों को बताया। चिकित्सा के द्वारा अभिभावकों को स्वस्थ रहने के कई सारे तरीके बताए गए। जिससे अभिभावकों को स्वस्थ रहने का ज्ञान प्राप्त हुआ।

## दुकान मलिक के फर्जी कागजात तैयार कर बिजली कनेक्शन लेने वाले पिता पुत्र पर दर्ज किया मुक़दमा

गोसाईगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। दुकान मलिक के फर्जी कागजात तैयार कर बिजली कनेक्शन लेने वाले पिता पुत्र पर मुक़दमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है। गोसाईगंज कोतवाली के अमेठी क़स्बे पर सुल्तानपुर रोड़ स्तिथ इरफ़ान अब्बासी की दुकान है। जिसपर फर्जी कागजात तैयार कर अमेठी क़स्बा बाज़ार वार्ड निवासी शाबिर राईन उर्फ़ नाना व इनके पुत्र, आरिफ़ राईन उर्फ़ पोला व अरशद राईन ने बिजली कनेक्शन ले लिया। इसकी जानकारी होने पर दुकान मलिक इरफ़ान अब्बासी ने इसकी लिखित शिकायत डीसीपी साउथ को की थी।लेकिन आरोपियों के ख़िलाफ़ कोई कारवाई नहीं हुई। इसपर पीड़ित ने नयायलय का सहारा लिया। इसपर कोर्ट के आदेश पर गोसाईगंज कोतवाली में आरोपी शबीर नाना इनके पुत्र आरिफ राईन उर्फ़ पोला,व अरशद के खिलाफ़ जालसाज़ी व कूटरचित दस्तावेज की धाराओ में मुक़दमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार मामले की जाँच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लिया जायेगा।

# यूपी रुद्र ने हीरो हॉकी इंडिया लीग के लिए लांच की अपनी जर्सी, 28 दिसंबर से शुरू होगी हॉकी इंडिया लीग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। यूपी रुद्र ने शहर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हीरो हॉकी इंडिया लीग के लिए अपनी जर्सी लॉन्च की। कार्यक्रम में यूपी रुद्र के सितारे हार्दिक सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, शारदा नंद तिवारी और सिमरनजीत सिंह मौजूद रहे। जर्सी उत्तर प्रदेश की गहरी हॉकी विरासत और भारतीय हॉकी में राज्य के योगदान का जश्न मनाती है। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए टीम के कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हॉकी इंडिया लीग जल्द ही शुरू होने वाली है और यह आयोजन भारतीय हॉकी के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। मैं इस जर्सी को पहनकर मैदान पर उतरने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यूपी की जर्सी पहनना वाकई गर्व की बात है क्योंकि खेल के प्रति राज्य का योगदान बहुत बड़ा है। लखनऊ को नवाबों के शहर के रूप में जाना जाता है और हमारी टीम का नाम खूबसूरती से 11 रुद्रों का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्हें सबसे शक्तिशाली के रूप में सराहा जाता है- और हम यूपी रुद्रों को एचआईएल खिताब जीतने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली लड़ाई लड़ने के लिए उत्सुक हैं। उन्होने कहा कि जर्सी का नारंगी रंग 11 रुद्रों की ऊर्ज़ा और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जबकि नीला रंग लचीलापन और टीम वर्क को दर्शाता है। हॉकी इंडिया लीग 28 दिसंबर को शुरू होगी, जिसमें यूपी रुद्रों का सामना 30 दिसंबर को वेदांत कलिंगा लांसर्स से होगा।

# कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मृतक प्रभात पाण्डेय के परिवार को 1 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आज प्रदेश कंाग्रेस मुख्यालय से विधानसभा घेराव करने जा रहे कंाग्रेस एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के बीच भीषण संघर्ष हुआ। विधानसभा की ओर कूच करते हुए कंाग्रेसजनों की पुलिस प्रशासन से धक्का-मुक्की के दौरान युवा कंाग्रेस कार्यकर्ता सहजनवा जनपद गोरखुपर निवासी प्रभात पाण्डेय की मौत हो गई। उक्त घटना से प्रदेशभर के कंाग्रेसजन आहत है और योगी सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। प्रदेश कंाग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हम गांधी जी की विचारधार को मानने वाले लोग हैं। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने की मंशा से विधानसभा की ओर जा रहे थे। मगर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कंाग्रेसजनों की आवाज को दबाने की मंशा से एक दिन पूर्व ही प्रदेश भर के कंाग्रेसी कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा था तथा लखनऊ ना आने का दबाव बनाया जा रहा था। विधानसभा घेराव की पूर्व संध्या पर ही यह चेताया था कि कंाग्रेसजनों को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी भालेदार बैरीकेडिंग लगाना यह दर्शाता है कि योगी जी की पुलिस कंाग्रेस कार्यकर्ताओं को मारना चाहती है, नतीजन आज संघर्ष के दौरान पुलिस की बर्बरता से एक युवा कार्याकर्ता की मौत हो गई ।

## एकेटीयू में छात्रों ने ट्रेनिंग में बनाया फ्लिपकार्ट क्लोन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से बीटेक तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए तीन दिवसीय वेब तकनीकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन छात्रों ने कम्प्यूटर लैंग्वेज को सीखा। इस दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों से प्रोजेक्ट वर्क भी कराया। जिसके तहत छात्रों ने फ्लिपकार्ट क्लोन बनाया। सॉफ्टप्रो इंडिया कम्प्यूटर टेक्नोलॉजीस के सहयोग से आयाजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से छात्र काफी लाभान्वित होंगे। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इस तरह के आयोजन किये जा रहे हैं। तीन दिनों में विशेषज्ञों के निर्देशन में छात्र कम्प्यूटर लैंग्वेज एचटीएमएल, सीएसएस, जेएस, बूटस्ट्रेप आदि के बारे में जानेंगे। इस दौरान डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो0 नीलम श्रीवास्तव, कंपनी के चीफ टेक्निकल ऑफिसर रोहित कुमार, हरीश चंद्रा, प्रतिभा शुक्ला, शिशिर द्विवेदी, अक्षत पाठक, आसिफ अंसारी, सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर सरोजनीनगर में दिखा आक्रोश : विधायक के आह्वान पर उमड़ा जन सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। बुधवार को डॉ. राजेश्वर सिंह ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध हिन्दू रक्षा संकल्प यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा को केवल सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र ही नहीं लखनऊ के अलग -अलग क्षेत्रों से भी प्रचंड जन समर्थन मिला। 10 हजार से अधिक समर्थकों के साथ डॉ. राजेश्वर सिंह ने तेलीबाग स्थित वरदानी हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर यात्रा की शुरुआत की। पूरी यात्रा के दौरान ढोल, नगाड़े और संख की धुनों के बीच विधायक प्रचंड जनसमूह का उत्सावर्धन करते नजर आये। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन से पूर्व बांग्लादेश में इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की घटना की कड़ी निंदा की जिसका समर्थन उपस्थित जनता ने भी किया।

करीब एक किलोमीटर लम्बी पदयात्रा के अंत में शनि मंदिर चौराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, आज पूरे



देश में आवाज जा रही है, कि सरोजनीनगर की जनता अन्याय के खिलाफ खड़ी हुई है। आज समय चुप रहने का नहीं है, हर व्यक्ति को आवाज उठानी है। विधायक ने बताया वर्ष 1947 में बाग्लादेश में हिंदुओं की आबादी 22% थी जो अब घटकर 7% पर आ गयी है। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भी भारत के करीब 4 हजार वीर सैनिकों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया।बांग्लादेश में 5 अगस्त से लगातार हमले हो रहे हैं। अब तक 2000 से ज्यादा घटनाएं घटीं, हिन्दुओं के घरों को जलाया जा रहा है, माँ बहनों की आबरू पर वार किया जा रहा है, मंदिरों को तोडा और लूटा जा रहा है। साधु संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है और उस से बड़ी बात उन्हें वकील तक नहीं मिल रहे हैं।

सरोजनीनगर विधायक ने सरोजनी नगर की जनता की ओर से भारत सरकार से अवैध बांग्लादेशियों को बाहर निकालने, बांग्लादेश के विरुद्ध कड़े प्रतिबन्ध लगाने का आग्रह किया।

### आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित देश देने के लिए तुष्टिकरण और जातिवाद की राजनीति करने वाले दलों को उखाड़ फेंकना है - डॉ. राजेश्वर सिंह

विधायक ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हिंदुओं की स्थित और महिलाओं की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा आज अफगानिस्तान में लड़कियों को शिक्षा और रोजगार तक से वंचित रखा जा रहा है। डॉ. सिंह ने कंाग्रेस पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, वोट बैंक की राजनीति के चलते कंाग्रेस ने शाहबानों केस में सुप्रीम कोर्ट का फैलसा पलटा। ट्रिपल को मान्यता दी जो मुस्लिम महिलाओं के शोषण का माध्यम है। डॉ. सिंह ने हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने पर लखनऊ में हुए प्रदर्शनों की निंदा भी की। अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाये जाने की घटना को लेकर डॉ. सिंह ने समाजवादी पार्टी को भी निशाने पर लिया। विधायक ने कहा तुष्टिकरण की राजनीति के लिए 56 निहत्थे कारसेवकों को गोलियों से छलनी किया, आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमें वापस लिए। विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा ये पार्टियाँ अच्छे मुसलामानों को भी राजनीति में आगे नहीं आने देती, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे अपराधियों को आगे बढ़ाती हैं। सरोजनीनगर विधायक ने जातिवादी राजनीति करने वाले दलों पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि ये दल हिन्दुओं को जातियों में बाँट कर एक धर्म विशेष को प्रोत्साहन देते हैं, ये समाज और देश की कमजोर करते हैं। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा, आज देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, 500 वर्षों के संघर्षों के उपरान्त भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है।विधायक ने योगी के नारे बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे का समर्थन करते हुए कहा तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दलों से दूर रहने का आग्रह किया।

# प्रधान सचिव के रहमो करम की वजह से अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा ग्राम पंचायत का अमृत सरोवर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिले के विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत चितरेहटा में विकास कार्यों में प्रधान व सचिव की जोड़ी के द्वारा व्याप्त भ्रष्टाचार कर यहां की विकास गाथा लिखी गयी है। चाहे वह आंगनबाड़ी मरम्मत , टाइलीकरण , चित्रकारी या प्राथमिक विद्यालय में टाइलीकरण , ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी , सरदार भल्लभ भाई पटेल आदि योजनाओं की बात क्यों ना हो लगातार प्रधान व सचिव द्वारा शासन प्रशासन की तमाम सरकारी योजनाओं पर भ्रष्टाचार की वजह से जमकर पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।



जिस तरह से ग्राम पंचायत में शासन की तमाम योजनाओं का क्रियान्वयन कर उन हितग्राहियों को मिलना चाहिए था लेकिन नहीं मिल पाया ना ही ग्राम पंचायत में विकास की ऐसी कोई व्यवस्था दिखाई दे जिससे पंचायती राज अधिनियम के तहत गांव का कुछ विकास हो सके । लेकिन ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा ग्रामीणों की आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरदार बल्लभ भाई पटेल अमृत सरोवर तालाब के नाम पर लगभग 650000 रुपयो का व्यय किया गया है । गांव के ही एक बुजुर्ग ने बताया कि यह पिछली बार मॉर्डन तालाब के नाम पर जो कार्य हुआ था वही हुआ है। उसके बाद दो - चार दिन ही कार्य चला है जिसके बाद बरसात आ गयी उसके बाद कोई भी कार्य नही कराया गया है। तालाब की स्थिति यह है जो पहले की बाउंड्रीवाल बनी थी वो टूटी - फूटी पड़ी हुई है , तालाब पर बना गेट जो पूरी तरीके टूटा हुआ पड़ा है। यही नही आगनबाडी की मरम्मत व चित्रकारी के नाम पर बारह बार में लगभग 667000 रुपयो का

सरदार भल्लभ भाई पटेल अमृत सरोवर की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी से ली गयी तो उन्होंने बताया की जांच कर अगर ऐसा पाया गया तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी

भुगतान भी कर दिया गया जिसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही है ।

यही नही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में हैंडपम्प रिबोर व मरम्मत के नाम पर लगभग 1023000 रुपयो का भुगतान कराया गया । जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है

यही नही ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी स्थापना के नाम पर लगभग 101000 रुपयो का भुगतान कराया गया।यही नही हियूम पाइप स्थापना , तालाब में पानी भरवाई , टाइलीकरण आदि के नाम पर लाखो रुपयो का भुगतान कराया गया है । वही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद का कहना है सरकार के जीरो टोलरेंस की नीतियों का कड़ाई से पालन करवाया जा रहा है।

# जातिवाद के चलते प्रधान व सचिव नही बनने दे रहे रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद-सीतापुर । मुन्नालाल पुत्र रामकिसुन ग्राम व पो0-रहीमाबाद वि0ख0 - खैराबाद जिला-सीतापुर का निवासी है। मुन्नालाल के घर के पास मुख्य मार्ग तक जाने वाले मार्ग के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2023 में उपजिलाधिकारी, सदर सीतापुर द्वारा दी गयी थी किन्तु ग्राम प्रधान व सचिव मुस्लिम होने के कारण उक्त मार्ग को बनने नहीं दे रहे हैं तथा कह रहे हैं कि कौन उपजिलाधिकारी पागल था जिसने इस मार्ग को बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी। उक्त मार्ग को खण्ड विकास अधिकारी, खैराबाद तथा उपजिलाधिकारी, सदर सीतापुर ने

**सीतापुर मुन्नालाल पुत्र रामकिशुन ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर**

**मुस्लिम ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा आने-जाने के रास्ता को उपजिलाधिकारी द्वारा स्वीकृति के उपरान्त न बनने नही दिया जा रहा है।**

अपनी उपस्थिति में बनवाया था, मार्ग कच्चा था जो कि वर्षाकाल में अति जर्जर स्थिति में पहुंच गया है जिस पर निकलना मुश्किल हो गया है। वर्तमान सचिव चुनौती देकर कह रहा है कि चाहे जहां चले जाओ चाहे जिससे मिल कर मेरी शिकायत करो लेकिन यह मार्ग नहीं बनने दूंगा। प्रार्थी मुन्नालाल तथा पास-पड़ोस के परिवारों तथा बच्चों के स्कूल जाने का एकमात्र यही रास्ता है जिससे सभी लोगों को आवागमन की बड़ी समस्या से जूझना पड़ रहा है।

लोगों की आवागमन की समस्या पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उक्त मार्ग की मरम्मत कराने तथा उक्त सचिव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में वह ऐसी भेदभावपूर्ण नीति न अपनाये ।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवम् आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये है । उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमन कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अनूप पुत्र छत्रपाल निवासी मोहल्ला करनपुर थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है जिससे एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 532/24 धारा 25(1-3) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है ।

# एलडीए में सिंगल विन्डो सिस्टम का ट्रायल रन शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए में सम्पत्ति आवंटन, रजिस्ट्री, फ्री-होल्ड व नामांतरण आदि कार्यों के लिए आने वाले लोगों को अब अलग-अलग अनुभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें एक ही जगह पर अपने सभी कार्यों की जानकारी मिल जाएगी। जन सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जनसंपर्क प्रणाली को सिंगल विन्डो सिस्टम के तहत एकीकृत कर दिया है। बुधवार से सिंगल विन्डो सिस्टम का ट्रायल रन शुरू कर दिया गया। इस दौरान एलडीए वीसी ने खुद काउंटर पर टोकन लेकर व्यवस्था का जायजा लिया। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण भवन में सम्पत्ति, रजिस्ट्री, फ्री-होल्ड, नामांतरण व बुकिंग सम्बंधी कार्यों के लिए आने वाले लोगों को सही जानकारी न होने के कारण अलग-अलग पटलों में भटकना पड़ता था। इससे लोगों को असुविधा होती थी और विभागीय कार्य भी बाधित होता था।



इसके दृष्टिगत प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण भवन के गेट नंबर-2 के पास सिंगल विन्डो प्रणाली के तहत 12 काउंटर स्थापित किये गये हैं। जहां ई-स्टाम्प, ई-चालान, रजिस्ट्री, नामांतरण/फ्री-होल्ड, व्यावसायिक सम्पत्ति, मानचित्र, अर्जन, आईजीपी, पार्कस की बुकिंग व प्रधानमंत्री आवास से सम्बंधित कार्यों के आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। इसके अलावा 'पहले आओ-पहले पाओ' योजना के अंतर्गत विक्रय किये जा रहे फ्लैटों की जानकारी भी यहीं से प्राप्त हो जाएगी। लोगों की सुविधा के लिए इसमें एक काउंटर सामान्य पूछताछ का भी बनाया गया है। लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक काउन्टर पर प्राधिकरण मित्र की तैनाती की गयी है। जिनके द्वारा आम जनता को सम्बंधित कार्य की पूरी जानकारी देने के साथ ही सम्यबद्ध तरीके से उनका कार्य निस्तारित कराया जाएगा। काउंटर पर प्रार्थना पत्र देने वाले लोगों को एक टोकन नंबर दिया जाएगा, जिससे वह अपने कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही लोगों के काम का निस्तारण होने पर कॉल सेंटर से उनको सूचना भेजी जाएगी।

# 44 छात्र/छात्राओं को आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ के एक्सपोजर विजिट के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आज विकास खंड हरगांव के बेसिक शिक्षा परिषदीय के पी.एम.श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर व पी.एम.श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में अध्ययनरत कुल 44 छात्र/छात्राओं को आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ के एक्सपोजर विजिट हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्या द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश के साथ साथ बच्चों को यात्रा किट जिसमें जूट का बैग ,कैप,बिस्किट , लंच पैकेट , पेन रजिस्टर, टी.शर्ट आदि प्रदान किया गया । बच्चों की जिज्ञासाओं के समुचित निराकरण हेतु उनके साथ विज्ञान / गणित के शिक्षक /शिक्षिकाओं को भी भेजा गया।एक्सपोजर विजिट में बच्चों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की , थ्री डी सिनेमा में जंगल मूवी का आनंद प्राप्त किया व साइंस डिमांस्ट्रेशन कक्ष



में विभिन्न गणितीय व विज्ञान संबंधी अवधारणाओं की रोचक जानकारियां प्राप्त की। एक्सपोजर विजिट में बच्चे बहुत ही रोमांचित नजर आ रहे थे।इस अवसर पर पी.एम.श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अवधेश जायसवाल व मदन लाल गौतम ने बताया कि बच्चों के समुचित विकास के लिए इस प्रकार शैक्षिक भ्रमण बहुत ही उपयोगी है तथा इसके माध्यम से अर्जित ज्ञान रुचिकर के साथ साथ स्थाई होता है। इस दौरान ए.आर.पी. पंकज गिरी, ,आनंद अवस्थी , शैलेन्द्र राज,विनय गिहार,विनय दीक्षित,अमन सक्सेना, मोहम्मद मेराज,रोहित शुक्ला,वीरेश कुमार,स्मृति सिंह,गोविंद प्रसाद, ,शैलजा,पंकज मिश्रा, रिन्शू पाण्डेय,चितरंजन सिंह वर्मा,अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हिंदुस्तान ओलंपियाड 2024 का आयोजन किया गया

सीतापुर। 18 दिसंबर 2024 को एसडी इंटरनेशनल स्कूल,बरेठी जलालपुर, लालपुर बाजार, के कक्षा 1 से कक्षा 5 के छात्रों ने बड़े उत्सव और जोश से हिंदुस्तान ओलंपियाड में भागीदारी किया विभिन्न विषयों में वास्तुनिष्ठ परीक्षा हुई। विद्यालय द्वारा इस वर्ष हिंदुस्तान ओलंपियाड 2024 का आयोजन किया गया । यह ओलंपियाड छात्रों को उनकी शैक्षिक यात्रा में एक नई दिशा देगा। यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट अवसर है।'' ओलंपियाड में गणित, विज्ञान, तार्किक क्षमता और सामान्य ज्ञान जैसे विषय शामिल हैं। परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को शैक्षिक प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उनकी सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ावा देना है। इस ओलंपियाड का मुख्य उद्देश्य छात्रों में शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना, उनकी तार्किक क्षमता का विकास करना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

## पंचायतों में चल रहा मनरेगा में फर्जीवाड़ा व जिम्मेदारों द्वारा बरती जा रही शिथिलता को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एन,सी,पी,एन, डी, ए सहयोगी

बेहटा सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट वादी कांग्रेस पार्टी एन, डी, ए सहयोगी दल के प्रदेश महासचिव प्रवीड कुमार सिंह ने पंचायतों में चल रहे मनरेगा में फर्जीवाड़ा को लेकर खंड विकास अधिकारी बेहटा को लिखा गया पत्र जिसमें श्री सिंह के द्वारा 10,15 श्रमिकों को काम मिलने के साथ 100 से 150 या उससे भी ज्यादा श्रमिकों की उपस्थिति दिखाना व बिना काम कराए ही फर्जी मस्टर रोल जारी करने व तकनीकी सहायक द्वारा बिना भौतिक सत्यापन के एम,बी करने के साथ साथ पंचायत अधिकारी, मेट सहित सचिव को भी जिम्मेदार ठहराया व जिम्मेदारों की शिथिलता व मूक दर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा यदि अन्य जॉच एजेंसियों से जॉच कराई जाय तो सत्यता खुद ब खुद सामने आ जाएगी

## जिलाधिकारी ने नहरों के सिल्ट सफाई कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जनपद की नहरों में हुई सिल्ट सफाई का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील सदर एवं तहसील मिश्रिख की नहरों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण कराते हुए निर्धारित रोस्टर के अनुसार जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने रामकोट रजबहा, मिश्रिख रजबहा, दौलतपुर माइनर, उदयपुर माइनर, रामकोट माइनर का विभिन्न स्थलों पर निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता भी देखी। निरीक्षण के समय उपस्थित ग्रामीणों से जिलाधिकारी ने कार्यों एवं जलापूर्ति के विषय में जानकारी भी ली एवं ग्रामीणों द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि नहरों की टेलों पर शीघ्र पानी पहुंचाने पहुंचाया जाय एवं कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण भी किया जाय। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता विशाल पोरवाल ने बताया कि जनपद की 129 नहरों में 749 कि0मी0 की सिल्ट सफाई का कार्य कराया गया है। दिनांक 13 दिसम्बर 2024 को बनबसा स्थिति मुख्य नहर से पानी का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है, शीघ्र ही कृषकों को रबी फसल की सिंचाई हेतु समस्त टेलों पर पानी उपलब्ध हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता विशाल पोरवाल, जूनियर इंजीनियर अंकित कुशवाहा, शिवम, हंस कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसएसबी ने 61वे स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया*

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा ने अपने बल के 61वें स्थापना दिवस को बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत परंपरागत गार्ड ऑफ ऑनर से हुई, जिसके बाद वॉलीबॉल, रस्साकशी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । तदुपरांत बड़ाखाना का आयोजन कर सभी वाहिनी कार्मिकों का उत्साह बढ़ाया गया । इस कार्यक्रम की शोभा कैलाश चंद रामोला कमाण्डेंट, एसएसबी 59वी वाहिनी ने बढ़ाई, जिन्होंने सभी कर्मियों को प्रेरणादायक भाषण दिया।

# एसडीएम के आदेश को ठेंगा दिखा रहे दबंगों ने सैकडों वर्ष पुराना चकमार्ग जोतकर रास्ता किया बंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा/सीतापुर कलनापुर भवानीपुर मे सैकडो वर्ष पुराना चकमार्ग गाटा संख्या 652 जिसको लगभग एक वर्ष पूर्व तहसीलदार व नायाब तहसीलदार ने पैमाइस कर कुन्जबिहारी आदि से अतिक्रमण से छुडवा कर पटवा दिया था जिसको दो माह बाद कुन्जबिहारी आदि ने अपनी दबंगई से जोत कर अपने खेत मे मिला लिया था जिसपर उप जिलाधिकारी के आदेश पर प्रधान द्वारा थाना रेउसा मे विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज हुआ था लेकिन किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाई नही की गई जिसपर कई बार ग्रामीणो ने उपजिलाधिकारी से चकमार्ग की मांग की जिसपर तहसीलदार लहरपुर ने यह कह कर टाल दिया कि नक्शा संशोधन को गया है जब आयेगा कार्यवाई की जाएगी

**महज़ कुछ महीने पूर्व पैमाइस कराकेप्रधान द्वारा पटवाया गया था सैकडों वर्ष पुराना चकमार्ग**

लगभग एक वर्ष से ग्रामीण मुसीबतों का सामना करते रहे क्योंकि ग्रामीणों का मुख्य मार्ग था जिसपर काफी प्रयास के बाद उपजिलाधिकारी के आदेश पर नायाब तहसीलदार लहरपुर धर्मेन्द्र कुमार ने अपनी टीम व पुलिस बल के साथ पैमाइस कर चकमार्ग निकाल कर उसे प्रधान द्वारा मौके पर ही पटवा दिया था चकमार्ग पटाई से ग्रामीणों मे खुशी की लहर दौड गई जिसपर कुन्जबिहारी आदि लोग यह धमकी देकर चले गए कि आज आप पटवा दे फिर मै जोत दूंगा जिसपर नायाब तहसीलदार ने कहा कि अगर इस बार चकमार्ग की जुताई कि तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बेटियाँ प्रकृति का सुंदर उपहार हैं

सीतापुर । आज दिनाक 18/12/24 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से केक काटकर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।* सीतापुर दिनांक 18 दिसंबर 2024 (सू0वि0) इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राखी वर्मा जी व जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रियापटेल जी द्वारा बालिकाओं के जन्म पर केक कटवाकर उनकी माँ को बेबी किट, मिष्ठान, पम्पलेट, कम्बल, वनजात बालिकाओ को ऊनी फ्रॉक सेट देकर सम्मानित किया। साथ ही नवजात बच्चियों के माता-पिता को एसडीएम राखी वर्मा द्वारा यह भी बताया गया कि यहाँ से जाने के बाद कन्या सुमंगला योजनांतर्गत आवेदन कर दें। सभी जनसेवा केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा सभी बच्चियों का नियमित टीकाकरण कराते रहें। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रिया पटेल ने बताया कि बेटियाँ प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं, सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुकन्या समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य सभी बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करना है।महिलाओ को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक दीपिका नाग द्वारा वन स्टॉप सेंटर पर मिलने वाली सहायता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 सुनीता कश्यप ने महिलो को उनके स्वास्थ्य संबन्धी जानकारी देते हुए सभी नवजात कन्याओं की माता व पिता को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेरहम पति निलेश! मेले में चीखती रही निर्बल युवती, नहीं पसीजा हमलावरों का दिल, सरे-आम भीड़ में किया जख्मी, केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी।सोशल मीडिया पर दिन-दहाड़े औरंगाबाद कस्बे के मेले में युवती के साथ दरिंदगी का वीडियो वायरल हो रहा है उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी में मेले मे दो हमलावरों ने एक युवती को जमकर पीट-पीटकर किया लहुलूहान,14 सेकेण्ड के वाइरल वीडियो में लाल साड़ी व लाल जाकेट पहने हुए युवती को मेले में खड़ी ट्राली के पास एक दबंग सफ़ेद कुर्ता व काली सदरी पहने हाथ में डंडा लेकर अपने साथियों के साथ युवती को घेरकर खुलेआम तालीबानी पिटाई किए जा रहे हैं। वीडियो के मुताबिक नवविवाहिता युवती की धुनाई करते हुए हमलावर बुरी तरह से प्रताड़ित करते दिख रहे। इस शर्मनाक वारदात को देखने के लिए कस्बे में लगे मेले में उपस्थिति भीड़ भी इकट्ठा हो गयी लेकिन, किसी ने हमलावरों के चंगुल से बचाने के लिए मदद करने की कोशिश नहीं की। हांलाकि दर्जनों की संख्या मे भीड़ में एक शख्स वीडियो बनाने को



रोकने की आवाज आ रही हालांकि वह न रुका वही और भी कुछ लोग सेल्फी व फोटो खींचने मे मशगूल रहे।उक्त वारदात का वीडियो वायरल व लिखित तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने दोषियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2),118 (1), 74, 310 (2), 352,351 (3), 324 (5), 191 (2) सम्बंधित मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने मे जुट गई। उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर को एक पत्रकार ने सोसल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें भीड़ में एक दबंग माननीय की तरह दिखने वाला शख्स हाथ में ''समझावन लाल'' रूपी डंडा थामे सफ़ेद कुर्ता पायजामा व काली सदरी पहने हुए भीड़ को दूरी बनाने की चेतावनी दे रहा वही उसके दबंग साथी लाल साड़ी पहने युवती को घेरकर खुल्लेआम बेरहमी से ''पीटते नारी के सम्मान, हमलावर मैदान में'' उतरते देखा जा सकता हैं। हालांकि युवती को घेरकर भीड़ में उसे लगातार पीटा जा रहा लड़की बराबर चीख रही किंतु तमाशाई भीड़ कानूनी पचड़े के डर से यह सब दूर से देखती रही। हालांकि मारपीट के पीछे का कारण सूत्रों के मुताबिक लगाया गया जो काफी शर्मनाक है कि किस कदर युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर आर्य समाज मंदिर अलीगढ़ लखनऊ मे हिन्दू रीति-रिवाज से फ़ेरे व साथ मे जीने-मरने की कसमें खाकर प्राप्त सार्टिफिकेट के मुताबिक़ दूल्हे का नाम नीलेश उर्फ पियूष मिश्रा पुत्र प्रभात कृष्ण मिश्रा निवासी औरंगाबाद, थाना मैगलगंज जनपद खीरी सीतापुर जिले की 25 वर्षीय लड़की से 24 फरवरी 2023 को शादी करता है और बंद कमरों में शारीरिक शोषण का सिलसिला शुरू करता हालांकि युवती को ब्राह्मण समाज का भय दिखाकर माइके मे छोड़ा और अपने परिजनों को मनाने का कुछ समय लेकर अपने घर औरंगाबाद आता है

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज कार्यालय, लालबाग लखनऊ में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यक समुदाय से सम्बंधित लोगों के अधिकारों को बढ़ावा और संरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

अनीस मंसूरी ने कहा कि वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकारें अल्पसंख्यकों की अनदेखी कर रही हैं। जब से भाजपा सरकार बनी है मुसलमानो से सम्बंधित अल्पसंख्यक आयोग, मदरसा बोर्ड, उर्दू एकेडमी, फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी और वक़्फ़ बोर्ड जैसे विभाग जहां से मुसलमानो को कुछ लाभ मिल सकता था निष्क्रिय कर दिया है बल्कि एक तरह से ख़त्म कर दिया है जिस से अल्पसंख्यक समुदाय में निराशा है और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। अनीस मंसूरी ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री पसमांदा मुसलमानों की गरीबी और बदहाली पर चिंता जताते हैं लेकिन अभी तक पसमांदा मुसलमानों के हित में कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई है। अनीस मंसूरी ने कहा कि जब चुनाव का समय होता है तो प्रधानमंत्री को पसमांदा मुसलमानों की बदहाली याद आती है और चुनाव ख़त्म हो जाता है तो प्रधानमंत्री पसमांदा मुसलमानो को भूल जाते हैं।

गोष्ठी को एजाज अहमद राईनी, सबीहा सुल्ताना मंसूरी, मिर्ज़ा मोहम्मद इमरान खान, मौलाना इलियास मंसूरी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान एजाज़ अहमद राईनी को पसमांदा मुस्लिम समाज का राष्ट्रीय संगठनमंत्री भी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर महमूद आलम मंसूरी, शफत सुल्ताना, हाजी शब्बन मंसूरी, मोहम्मद कलीम मंसूरी, हारुनूर रशीद, सिद्दीकी, सिराज मंसूरी, ज़ाहिद मंसूरी, बबीना आदि मौजूद रहे।

# ठंड में बृद्धजनों के स्वास्थ्य का रखें विशेष ख्याल : सीएमओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। सीएमओ कुशीनगर के निर्देश पर स्थानीय नगरपालिका परिषद में स्थित बृद्धाआश्रम में मंगलवार को सीएचसी कसया की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर आश्रम में निवास कर रहे 82 बृद्धजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवा दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर में अपराह्न लगभग 1 बजे सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया पहुँचकर निरीक्षण किया गया तथा वहाँ उपस्थित बृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गयी। उन्होंने आश्रम में कार्य कर रहे कर्मचारियों से कहा कि ठंड का मौसम है ऐसे में बृद्धजनों का विशेष ख्याल रखे तथा किसी भी प्रकार की सेहत से जुड़ी समस्या हो तो तत्काल सीएचसी पर सूचना दे ताकि उनका समय पर उपचार हो सके। उनके द्वारा स्वास्थ्य टीम के चिकित्सक एवं कर्मचारियों से भी पूछताछ किया गया। शिविर के दौरान ही चार बृद्धजन जो टीबी का उपचार ले रहे उन्हें प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार की पोटली भी सीएमओ द्वारा दिया गया तथा उन्हें कहा गया कि दवा के साथ इसका नियमित सेवन करे जिससे वे शीघ्र स्वस्थ हो सकेंगे। शिविर में 19 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा 23 बृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

चिकित्सीय टीम में आरबीएसके के डॉ संजय सिंह,डॉ सावित्री सिंह,विक्रांत यादव,मीरा दुबे,वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र,नेत्र परीक्षण अधिकारी आनन्दपाल सिंह,आयुष्मान मित्र वंदना कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

बृद्धा आश्रम की प्रबन्धक रागिनी सिंह रज्जू द्वारा सीएमओ सहित स्वास्थ्य टीम का स्वागत किया गया। इस दौरान बृद्धा आश्रम में कार्यरत कर्मचारी ऋषभ कपूर,सुजीत कुमार दास,रमावती,मनोज पांडेय,रुचि मल्होत्रा,सरिता,ममता,छाया,अरुण कुमार राव,रुद्र प्रताप सिंह,पूजा मद्देशिया,तूफानी, संजय,सरस्वती सहित सभी उपस्थित रहे।

# मार्ग पिचीकरण व ड्रेन पर पुलिया के लिए ग्रामीणों ने लगाई विधायक से गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पगरा पडरी से पकड़ी गोसाई व अमरवा बुजुर्ग को जोड़ने वाला मार्ग अभी तक कच्चा**

**ड्रेन में बने 15 मीटर स्पान की पुलिया तो आवागमन होगा सुगम**

राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत पगरा पडरी से सीधे ग्राम पंचायत पकड़ी गोसाई व ग्राम पंचायत अमरवा बुजुर्ग को जोड़ने वाला मार्ग न सिर्फ अभी तक कच्चा है अपितु दोनों गांवों के बीच मौजूद तलही से होकर गुजरने वाले चकदहा ड्रेन में अक्सर पानी रहने से आवागमन बाधित रहता है। आवागमन करने वाले राहगीरों व खेती बारी के लिए ट्रैक्टर व कृषि उपकरण ले जाने के लिए किसानों को कई किलोमीटर का फ़ेरा लगाना पड़ता है। ग्रामीणों ने उक्त ड्रेन पर पुलिया व अतिरिक्त पहुंच मार्ग का पिचीकरण कराए जाने की मांग की है।

बताना मुनासिब होगा कि दोनों गांवों के बीच लगभग डेढ़ किमी की लंबाई में चंवर व कृषि भूमि है। इससे होकर गुजरने वाला मार्ग पकड़ी गोसाई में प्रधानमंत्री पिच मार्ग तक लगभग डेढ़ किमी कच्चा है। दोनों गांव की सीमा पर चकदहा ड्रेन है जो बरसात के दिनों में उफनाया रहता है तो सामान्य दिनों में चकदहा चंवर में आने वाले नहरों के पानी का निस्तारण करता है। कच्चे मार्ग व ड्रेन के वजह से राहगीरों व किसानों को चार पांच किमी का फ़ेरा लगाना पड़ता है। पकडी गोसाई से अमरवा बुजुर्ग तक जाने वाले मार्ग सहित लगभग दो किमी मार्ग का पिचीकरण आवश्यक है। भाजपा नेता संजय राय, पूर्व प्रधान फतेह बहादुर उर्फ पप्पू कुशवाहा, केदार सिंह, दुर्गेश राय, डा. वीरेंद्र सिंह, शकूर अंसारी, जितेंद्र यादव, बिहारी यादव, वृजनंदन यादव, रईस अंसारी आदि ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा से उक्त अतिरिक्त पहुंच मार्ग व ड्रेन पर पुलिया बनवाने की मांग की है।

विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीणों की मांग के सापेक्ष उक्त परियोजना के लिए मैने प्रथम वरीयता में पीडब्ल्यूडी को प्रस्ताव भेजा था। जिसके क्रम में विभाग ने 1800 मीटर अतिरिक्त संपर्क मार्ग 15 मीटर स्पान (पांच-पांच मीटर के तीन स्पानयुक्त) की पुलिया का स्टीमेट बना दिया गया है। जो मुख्यालय स्तर पर लंबित है। जनहित से जुड़ी उक्त परियोजना के स्वीकृति होते ही कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में संविधान की धज्जियां उड़ा दी गई : सपा प्रदेश अध्यक्ष

जालौन। समाजावादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बुधवार को जालौन पहुंचे। जहां उरई में आयोजित पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम में वह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोकसभा उपचुनाव में सपा को मिली बढ़त पर जनता का धन्यवाद दिया।

# थाई श्रद्धालुओं ने बुद्ध को चिवर चढ़ा किया पूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित महापरिनिर्वाण मन्दिर में थाईलैंड के श्रद्धालुओं ने दर्शन, पूजन कर चिवर चढ़ाया और सुख, समृद्धि की कामना की।

बुधवार की सुबह थाईलैंड के फराखसरुसमु मोट ट्री व नंवोंगस सौंसे के साथ थाई दल मुख्य मंदिर पहुंचा जहां बुद्ध की लेटी प्रतिमा पर चिवर चढ़ाया और भिक्षुओं के धम्म पाठ के बीच पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद श्रद्धालु माथा कुंवर मन्दिर व मुकुट बन्धन चैत्य पहुंचे और पूजन कर स्तुप की परिक्रमा की। गाइड मनोज प्रजापति ने बुद्ध के अंतिम उपदेश, निर्वाण व अंतिम संस्कार के ऐतिहासिक व पुरात्विक महत्व को बताया। दल 15 दिसम्बर को बोध गया पहुंचा। और राजगिरि, वैशाली होते हुए कुशीनगर पहुंचे जहां से लुम्बिनी, सारनाथ, बनारस बोधगया पहुंचेंगे। जहां से 21 दिसम्बर को ये श्रद्धालु बोधगया से स्वदेश थाईलैंड/बैंकाक के लिये रवाना हो जाएगा। इस दौरान खम्मान्य ऊवान्नस्य, वलिंडा रोडग्रेस, एसरिंदगों जिराचारन, चुपेन, टिटिमा आदि शामिल रहे।

# राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित मोहम्मद सूफियान किया जनपद का नाम रोशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता**

**पंचम राज्यस्तरीय कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता के प्राथमिक भाषा वर्ग में हुआ चयन**

**नौरंगिया विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय भीमल छपरा के शिक्षक हैं मो. सूफियान**



राजापाकड़/कुशीनगर। विगत 21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में आयोजित पंचम राज्य स्तरीय कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता के घोषित परिणाम में कुशीनगर के नौरंगिया विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय भीमल छपरा के शिक्षक मोहम्मद सूफियान आरफी का प्राथमिक के भाषा वर्ग में राज्य स्तर पर चयन होने से शुभचिंतकों में हर्ष है।

बताते चलें कि उक्त प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर भाषा, प्राथमिक स्तर गणित, उच्च प्राथमिक स्तर विज्ञान, उच्च प्राथमिक स्तर सामाजिक विज्ञान, व उच्च प्राथमिक स्तर विज्ञान पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों से श्रेणीवार व विषयवार चयनित पांच-पांच शिक्षकों ने प्रतिभाग किया था। मंगलवार को उक्त परिषद के निदेशक गणेश कुमार द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि जनपद स्तर से चयनित शिक्षकों द्वारा कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री से सम्बन्धित अपने विषय एवं स्तर के अनुसार सामग्री का निर्माण किया गया तथा निर्मित सामग्री का प्रस्तुतीकरण निर्णायक मण्डल के समक्ष किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा लर्निंग आउटकम से संबद्धता तथा लर्निंग आउटकम की संप्राप्ति में सामग्री की उपयोगिता, कक्षा-कक्ष शिक्षण में सामग्री की उपयोगिता, सामग्री का स्वरूप (आकर्षक/रोचक) कक्षा में उपयोग हेतु विकसित सामग्री की व्यवहारिकता, समयांतर्गत सामग्री निर्माण एवं सामग्री निर्माण पर किया गया व्यय (न्यूनतम व्यय के महत्तम अंक देय) के आधार पर शिक्षकों द्वारा निर्मित सामग्री एवं सम्बन्धित सामग्री के प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन किया गया। जिसके आधार प्राथमिक स्तर (भाषा) वर्ग में जनपद के शिक्षक मोहम्मद सूफियान का चयन हुआ है। उनकी उपलब्धि पर डीसी विष्णु प्रभाकर पांडेय, बीईओ रजनीश द्विवेदी, एसआरजी राम प्रकाश पांडेय, शिक्षक अमरजीत कुमार, रवींद्र नारायण पांडेय, नीरज बंका, डायट के कला प्रवक्ता मुकेश गुप्ता, डा. शिवनाथ चक्रवर्ती, आदि ने बधाई दी है।

# अवैध कब्जों को लेकर हुई दोनों जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में मीटिंग

बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी की संयुक्त अध्यक्षता में दोनों जिले के अधिकारियों की बैठक शीश महल बिजनौर में आयोजित हुई। इसमें दोनों जिलों के प्रभागीय निदेशक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिलाधिकारी जानसठ, उप जिलाधिकारी बिजनौर, सर्वे एआरओ बिजनौर, नायब तहसीलदार सर्वे, क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज, बिजनौर रेंज और दोनों जिलों के नायब तहसीलदार, लेखपाल आदि उपस्थित रहे। बैठक में दोनों जिलों की भूमि से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सहमति हुई कि दोनों जिलों की संयुक्त टीम कार्य करेगी। वन विभाग की जमीन, वन विभाग को दी जाएगी और किसानों को उचित जगह जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों द्वारा प्रस्तुत किए गए अभिलेखों का मिलान 1359 फसली वर्ष से किया जाएगा। ताकि अवैध कब्जों को हटवाया जा सके तथा सीमा विवाद की समस्या को हल किया जाये।

# गन्ना लदे टेलर से टकराई एंबुलेंस व बोलेरो, प्रसूता व चालक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। उजारनाथ क्षेत्र के तुर्कपट्टी-पटहेरिया मार्ग पर ठाकुर चौराहा पर खराब पड़े गन्ना लदे ट्रेलर में प्रसूता को लेकर जिला हास्पिटल जा रहे एंबुलेंस व बोलेरों के टकराने से एंबुलेंस सवार प्रसूता व चालक घायल हो गए।वही बोलेरों व एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।बाद में पहुँची पुलिस ने प्रसूता को पुलिस के जीप से हास्पिटल ले गयी।जहाँ प्रसूता को डिलेवरी हुई।

मंगलवार की रात में महाराजगंज से गन्ना लेकर एक ट्रेलर बिहार के गोपालगंज के सासामुसा सुगर मिल जा रहे ट्रैक्टर अचानक ठाकुर चौराहे पर खराब हो गया।जिससे चालक सड़क के किनारे खड़ा कर सो गया।बुधवार की भोर में एक एम्बुलेंस एक प्रसूता को लेकर जागृति हास्पिटल तमकुहीराज से जिला हास्पिटल जा रहा था।तेजगति का एम्बुलेंस चालक सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर को देख नही पाया और ट्रैक्टर से भिड़ गया।जिससे एम्बुलेंस चालक अलीबख्स पुत्र मंजूर शाह निवासी गांव हरिहरपुर थाना तमकुहीराज गंभीररूप घायल हो गया।वही प्रसूता सरिता पुत्र मैनेजर राव को भी हल्की छोटे आई।वही तुर्कपट्टी दूसरी ओर पीछे से आई एक बोलेरो में इसी ट्रेलर में भीड़ गयी।जिसमे बोलेरों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।लेकिन बाद में बोलेरो को उंसके स्वामी घटना स्थल से खींच ले गये।पुलिस ने प्रसूता व चालक को पुलिस के जीप से जिला हास्पिटल ले गयी।जहां प्रसूता को डिलवरी हुआ।वही चालक का इलाज चल रहा है।इस सबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष आपस मे समझौता कर मामला खत्म कर लिए है।

क्षेत्र के तुर्कपट्टी-पटहेरिया मार्ग पर ठाकुर चौराहा पर खराब पड़े गन्ना लदे ट्रेलर में प्रसूता को लेकर जिला हास्पिटल जा रहे एंबुलेंस व बोलेरों के टकराने से एंबुलेंस सवार प्रसूता व चालक घायल हो गए।वही बोलेरों व एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।बाद में पहुँची पुलिस ने प्रसूता को पुलिस के जीप से हास्पिटल ले गयी।जहाँ प्रसूता को डिलेवरी हुई।

मंगलवार की रात में महाराजगंज से गन्ना लेकर एक ट्रेलर बिहार के गोपालगंज के सासामुसा सुगर मिल जा रहे ट्रैक्टर अचानक ठाकुर चौराहे पर खराब हो गया।जिससे चालक सड़क के किनारे खड़ा कर सो गया।बुधवार की भोर में एक एम्बुलेंस एक प्रसूता को लेकर जागृति हास्पिटल तमकुहीराज से जिला हास्पिटल जा रहा था।

तेजगति का एम्बुलेंस चालक सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर को देख नही पाया और ट्रैक्टर से भिड़ गया।जिससे एम्बुलेंस चालक अलीबख्स पुत्र मंजूर शाह निवासी गांव हरिहरपुर थाना तमकुहीराज गंभीररूप घायल हो गया।वही प्रसूता सरिता पुत्र मैनेजर राव को भी हल्की छोटे आई।वही तुर्कपट्टी दूसरी ओर पीछे से आई एक बोलेरो में इसी ट्रेलर में भीड़ गयी।जिसमे बोलेरों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।लेकिन बाद में बोलेरो को उंसके स्वामी घटना स्थल से खींच ले गये।पुलिस ने प्रसूता व चालक को पुलिस के जीप से जिला हास्पिटल ले गयी।जहां प्रसूता को डिलवरी हुआ।वही चालक का इलाज चल रहा है।इस सबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष आपस मे समझौता कर मामला खत्म कर लिए है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के रतीपुर गांव में बुधवार को युवक की लाश घर से एक किलोमीटर दूर सुनसान बगीचे में पेड़ से लटकती मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। रतीपुर गांव में रहने वाला धर्मेंद्र कुमार यादव (34) एक प्राइवेट बैंक में फाइनेंस का कार्य करता था। मंगलवार सुबह रोज की तरह घर से निकला और देर रात तक वापस नहीं लौटा। पत्नी सुनीता ने बताया कि जब पति को फोन कर घर आने की बात कही तो कहा कि वह थोड़ी देर में आ रहा है। अधिक रात होने पर जब दोबारा फोन मिलाया तो नम्बर स्वीच ऑफ बताने लगा। घरवालों ने बताया कि बुधवार की सुबह धर्मेंद्र की लाश घर से लगभग एक किलोमीटर दूर बगीचे में एक पेड़ की डाल से लटकती हुई मिली। पास में ही मोटरसाइकिल, हेलमेट एवं जेब में मोबाइल मिला। धर्मेंद्र की लाश की स्थिति को देखते हुए घरवालों की तरफ से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य को एकत्र किया। मृतक धर्मेंद्र यादव के भाई जितेंद्र ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आयुष हत्याकांड में हिन्दू युवा वाहिनी का पूर्व जिलाध्यक्ष गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** आयुष हत्याकांड में फरार हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष को थाना सदर ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित था। प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह ने पत्रकारों को बताया कि दो दिसंबर को थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी आयुष (25) की एक विवाद के चलते कैंट क्षेत्र स्थित रामलीला ग्राउंड में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 14 लोगों के विरुद्ध हत्या व अन्य धाराओं में प्राथिमिकी दर्ज की गई थी। मुख्य आरोपित सहित करीब ग्यारह लोग वर्तमान समय में जेल में बंद हैं। जबकि घटना में नामजद हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वप्निल शर्मा व अन्य आरोपित फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वप्निल शर्मा, अनमोल सक्सेना, शेखर मौर्या तथा अनुज सिंह की गिरफ्तारी के लिए पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना पर बुधवार को आरोपित स्वप्निल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान स्वप्निल से महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने जगह-जगह लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक कर अन्य साक्ष्य इकट्ठा कर रहे हैं। फरार चल रहे तीन आरोपितों की गिरफ्तारी और घटना में शामिल अन्य अज्ञात आरोपितों का पता लगाने के लिए चार टीमें भी लगाई गई हैं ।

## बागपत में 31 जनवरी तक धारा 163 लागू

**बागपत।** अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा ने जनपद में धारा 163 (पूर्व धारा 144 सीआरपीसी) लागू की है। आगामी 25 दिसम्बर, नए साल और गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले की सीमाओं के अन्तर्गत 20 दिसंबर की सुबह छह बजे बजे से 31 जनवरी 2025 की रात 12 बजे तक लागू रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर उक्त तिथि से पूर्व भी आदेशों को खण्डित किया जा सकता है। इसकी अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। उक्त आदेश की किसी भी धारा या अनुच्छेद का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 भादवि के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## एबीवीपी की नगर इकाई का पुनर्गठन

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बलिया नगर इकाई का पुनर्गठन बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में हुआ। जिसमें श्री सुदृष्टि पीजी कालेज के अध्यापक डा. विवेक राय को नगर अध्यक्ष व कुंवर सिंह पीजी कालेज के छात्र अभिषेक यादव को नगर मंत्री चुना गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई में उपाध्यक्ष के रूप में डा. गोपाल पांडेय, डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, डा. अनुपमा राय, डा. राजू कुमार सिंह, डा. त्रिपुरारी ठाकुर, अनुज पांडेय को जगह मिली। जबकि नगर सह मंत्री के रूप में योगिता पांडेय, ईशा राय, अंकित ठाकुर, एसफडी शुभम कुमार, एसएफएस अक्षरा शर्मा खेल संयोजक अमीर अहमद, एसएफएस अंजली सिंह आरकेएम नीतीश यादव राजा, अन्नू सोनी, मोहिनी कुमारी, शिवानी कुमारी, अरिवा, खेल सह संयोजक लक्ष्मी, अभिनंदन पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य अजय यादव, विवेक सिंह, शैलेश गुप्ता, अभिषेक सिंह एबीवीपी के प्रांत एग्रीविजन प्रमुख शुभम व जिला संयोजक रवि गुप्ता उपस्थित रहे।

# संत गुरु घासीदास महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन के तत्वावधान में दिशा मानव कल्याण एवं उत्थान समिति, लखनऊ द्वारा महान संत गुरु घासीदास जी का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार उपाध्याय, सचिव बृजेश कुमार तिवारी, ग्राम प्रधान प्रेम कुमार यादव और प्रधानाचार्य द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर गुरु घासीदास जी के जीवन पर शुभम वर्मा, दिलीप कुमार, दिव्या, मंगेश लता, रश्मि जी आदि विभिन्न वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया तथा सेमिनार, भजन, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा लोकगायन प्रस्तुत किया गया द्य दिशा आंचल, रागनी, दृष्टि, दिव्यांशी आदि ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया सविता पाल, इकरा बानो, राज, आकाश, शिवांशी, आराध्य, हर्षिता, शुभ, अंकुश, सावित्री, सरोजनी, तेज प्रताप, आदिव्य शर्मा द्वारा निबंध व वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया । इस अवसर पर ग्राम प्रधान भरसाव तथा सम्मानित ग्रामवासी व विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार यादव, शिक्षक पीयूष त्रिपाठी, अजय कुमार, शिक्षिका शशि त्रिपाठी, ऊषा देवी, संतोष कुमारी, यज्ञवती देवी, की उपस्थित सराहनीय रही। प्रधानाचार्य जी के द्वारा छात्र छात्राओं को पुरस्कार तथा लंच वितरण कराया गया । संस्था के अध्यक्ष द्वारा आए हुए अतिथियों को शाल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा अंत में समारोह में आए हुए सभी लोगो का धन्यवाद किया गया।

# युवती को प्रेमजाल में फंसाकर आत्महत्या को मजबूर करने वाला युवक गिरफ्तार

एजेंसी

गाजियाबाद। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में लव जिहाद की शिकार युवती के आत्महत्या मामले का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। लव जेहाद की शिकार युवती ने 11 दिसंबर को खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

डीसीपी (सिटी) राजेश कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों ने थाना कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें फराज अथर निवासी शाहदरा दिल्ली एवं उसके परिवारीजनो को नामजद कराया गया था । युवती की आत्महत्या के कारणों के संबंध में जब गहराई से जांच पडताल की गयी तो आत्महत्या के पीछे एक खतरनाक साजिश सामने आयी । उन्होंने बताया कि युवती के मोबाईल फोन के चैट्स,आरोपी युवक फराज अथर से किये गये बातों की रिकाडिंग , युवती के पास से मिले कुरान व हदीश की किताबें ,उसकी डायरी आदि से एक सनसनीखेज मामला सामने आया। आरोपी फराज अथर पिछले चार - पांच वर्षों से युवती के संपर्क में था । संपर्क में रहने के दौरान उसने युवती को अपने साथ शादी का झांसा देकर उसे अपने प्रेमजाल में पूरी तरह फंसा लिया तथा उसका शारीरिक,मानसिक व आर्थिक शोषण करता रहा । फराज ने युवती को धर्मान्तरण के लिये मजबूर किया, उसे मुस्लिम धर्म अपनाने, उसके रीति रिवाज सीखने के लिये कुरान व हदीश की किताबें दीं, नमाज पढना सिखाया। फलस्वरुप युवती ने मुस्लिम धर्म अपना लिया और मुस्लिम धर्म के अनुसार नमाज पढना शुरु कर दिया था । बेटी को नमाज पढता देख उसका बीमार पिता सदमें में आ गया । कोई व्यक्ति यदि अपना धर्म परिवर्तित करना चाहता है तो उसे कम से कम 60 दिन पहले संबंधित जिलाधिकारी को संपूर्ण विवरण के साथ फार्म जमा करना होता है जबकि फराज ने इस तरह का कोई भी प्रार्थना पत्र प्रेषित नही किया गया ।

# गुरु नानक पुलिस चौकी और चौराहों पर अवैध टैक्सी स्टैंड, जिम्मेदार बेखबर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । जिले में डग्गामार वाहनों का राज सिर्फ सड़कों पर ही नहीं है,चौराहों और पुलिस चौकी के सामने भी इनका कब्जा है।भले ही सूबे के मुख्यमंत्री अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए सख्त हों,लेकिन गोण्डा जिले में असर नहीं दिखता।अवैध टैक्सी स्टैंड से अव्यवस्थाएं फैल रही हैं। आए दिन विवाद होते हैं,लेकिन जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं। रोज बेज बस स्टैंड और नगर कोतवाली क्षेत्र के गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने डग्गामार बेधड़क सवारियां भरते हैं।पुलिस इनको नहीं रोकती है बीच सड़क पर गाड़ियों को खड़ी करके सवारी बैठाते रहते हैं यही हाल जलकल से लेकर एलबीएस चौराहे तक का है यहां पर भी बड़ी संख्या में अवैध रुप से प्राइवेट टैक्सियां पुलिस लिखी खड़ी की जाती हैं, जो गोण्डा से लखनऊ के लिए सवारियां ले जाती हैं।जीआईसी गेट,अग्रसेन चौक से थोड़ा आगे, गोण्डा बस अड्डा के पास आदि लगभग शहर के कई चौराहों और अन्य हिस्सों में अवैध टैक्सी स्टैंड बने हैं। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है,लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जो एक बड़ी लापरवाही है।परिवहन विभाग के अफसर तो अंजान हैं ही पुलिस और नगर पालिका के अफसर भी आंख बंद किए बैठे हैं।वही कई ऐसे प्राइवेट गाड़ियां बीच सड़क पर खड़ी होती हैं जिसमें पुलिस लिखा होता है और वह दबंगई से सवारियों को बैठाते हैं और फिर उनसे मनमानी किराया लेते है।

**नगर पालिका की सबसे बड़ी लापरवाही**

शहर में नगर पालिका को ही वाहन स्टैंड की जगह देनी होती है प्रदेश के लगभग हर शहर में टैक्सी स्टैंड हैं, लेकिन गोण्डा शहर एक एकलौता ऐसा शहर है,जहां नगर पालिका परिषद ने आज तक अपनी जमीन में स्टैंड नहीं बनाया है कि वहां पर वाहन को खड़ा किया जा सके जब कि जिला प्रशासन की ओर से कई बार इसको लेकर निर्देश जारी किए जा चुके हैं।यही वजह है कि शहर में दिन पर दिन अवैध टैक्सी स्टैंड बढ़ते जा रहे हैं।इसके अलावा झंझरी ब्लॉक,मनकापुर बस स्टैंड आदि जगह भी अवैध तरीके से स्टैंड संचालित हो रहे हैं।

# पंद्रह महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो शर्मावती के हत्यारे को ढूंढ पाई और ना उसके गयाब पति को

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । मोतीगंज थाना क्षेत्र में हुई करीब 40 वर्षीय महिला की नृशंस हत्या की गुत्थी पुलिस की फाइलों में दबकर रह गयी है।हालांकि इस वारदात के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप समेत पुलिस की तीन टीमें लगाई गई थीं,लेकिन पंद्रह महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लग सका।ऐसे में टीमों की सक्रियता और कार्यशैली पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के गरिबाजोत ग्राम पंचायत कपिसा निवासी विशाल पुत्र बलराम वर्मा ने थाने पर तहरीर दी जिसमें कहा कि उसकी मां शर्मावती (40 वर्ष) पत्नी बलराम वर्मा 13 सितंबर 2023 की सुबह साढ़े दस बजे अपने गन्ने के खेत में घास काटने गयी थी।खेत से वापस न आने पर वह अपने छोटे भाई विकास व बहन सुमन के साथ ढूंढने निकला।तीनों जब अपनी मां को ढूंढते हुए अपराह्न करीब चार




सीओ शिल्पा वर्मा

बजे अपने खेत में पहुंचे तो वहां पर उनकी मां का लहूलुहान शव गन्ने के खेत में पत्ती व घास से ढका पड़ा हुआ था।उसने गांव के ही तीन लोगों पर शक जताया,जिसके आधार पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।तहरीर में यह भी कहा गया कि उसके पिता बलराम 13 सितंबर 2023 की सुबह ही घर से निकले हैं,जो अभी तक वापस नहीं आए हैं। बताया जाता है कि गरिबाजोत कपिसा निवासी राम अछैवर वर्मा ने मलारी गांव निवासी बलराम वर्मा से अपनी इकलौती बेटी शर्मावती की शादी की थी।राम अछैवर के पास करीब बीस बीघे जमीन थी,जिसे अपनी मृत्यु से पूर्व ही उसने अपनी बेटी शर्मावती के नाम बैनामा कर दिया था।गत वर्ष राम अछैबर की 95 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई थी।सूत्र बताते हैं कि शर्मावती पर पहले भी धारदार हथियार से हमला किया गया था,जिसमें वह बच गयी थी। शर्मावती हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा घटना का अतिशीघ्र खुलासा करने के लिए मोतीगंज व धानेपुर थाने के साथ ही गोण्डा,बलरामपुर व बहराइच की एसओजी टीमों को भी लगाया गया था,लेकिन पंद्रह महीने बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग सका।ऐसे में जहां मृतका के बच्चों में निराशा है,वहीं लोगों द्वारा पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।इस मामले में यह भी महत्वपूर्ण है कि पुलिस और एसओजी टीमें शर्मावती की हत्या में इस्तेमाल की गयी हंसिया को भी अब तक बरामद नहीं कर सकी हैं।

शर्मावती हत्याकांड का खुलासा करने में नाकामयाब रहे मोतीगंज थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय को हटा दिया गया था और उनकी जगह उपनिरीक्षक प्रतिभा सिंह को तैनात किया गया था।प्रतिभा सिंह ने भी अपने करीब दस माह के कार्यकाल के दौरान घटना के खुलासे का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सकीं।अब मोतीगंज की मौजूदा प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव के सामने भी शर्मावती हत्याकांड के रहस्य से पर्दा उठाना बड़ी चुनौती है।

शर्मावती की हत्या के दिन,यानी 13 सितंबर 2023 को ही उसका पति बलराम वर्मा भी घर से रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था।उसका भी आज तक पता नहीं चल सका। गांव वालों के साथ ही रिश्तेदार भी कहते हैं कि बलराम को जमीं खा गयी या आसमां निगल गया ?

इस बहुचर्चित हत्याकांड में पुलिस व महकमे के अधिकारी शर्मावती की हत्या का मास्टर माइंड उसके पति बलराम को ही मान रहे हैं।सीओ सदर शिल्पा वर्मा का कहना है कि मृतका शर्मावती का पति बलराम घटना के दिन से ही लापता है।इससे पहले भी वह गायब हो चुका है।ऐसे में वह शक के दायरे में है। इस मामले में पुलिस लगी हुई है। उन्होंने बताया कि 82 की कार्रवाई का प्रयास किया जा रहा है।

# अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में डॉक्टर का रिफरेंस न होने से इलाज से किया इंकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





नानपारा, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा में जांच और इलाज को लेकर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। सलमा खान की बहन जो स्टोन और गर्भधारण हालात में हैं ने इलाज में हो रही लापरवाही और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई है। मरीज ने बताया कि सीएचसी की डॉ आशा साहू ने अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट को यह कहकर मानने से इंकार कर दिया कि उसमें रिफरेंस में उस डॉक्टर का नाम दर्ज नहीं है। इतना ही नहीं, जब मरीज ने अपनी आर्थिक तंगी का हवाला दिया और सुविधा के अनुसार सेंटर से अल्ट्रासाउंड करवाया है, तो उसे भी डॉक्टर ने खारिज कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के तहत पंजीकृत पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर की रिपोर्ट को मान्य किया जाना चाहिए। बावजूद इसके, डॉक्टर द्वारा रिपोर्ट को अस्वीकार कर मरीज का इलाज न करना स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। मरीज के परिवार ने सवाल उठाया है कि क्या यह मामला कमीशन या निजी लाभ से जुड़ा है? यदि रिपोर्ट में कोई गड़बड़ी थी, तो डॉक्टर को इलाज रोकने के बजाय विभागीय शिकायत दर्ज करनी चाहिए थी। साथ ही कहा कि सारी बाहरी दवा लिखी है और रिपोर्ट में नाम न होने पर वापस करती हैं। सरकारी अस्पताल में इलाज से इनकार ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। परिजनों ने अधिकारियों से डॉक्टर की इस मनमानी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार, डॉक्टर को मरीज की रिपोर्ट की वैधता की जांच करनी चाहिए। यदि रिपोर्ट संदिग्ध है, तो डॉक्टर को मरीज को भटकाने के बजाय मामले की शिकायत करनी चाहिए। आमजन ने कहा कि आखिर कब तक सरकारी अस्पतालों में इलाज के नाम पर खेल चलता रहेगा? क्या गरीब मरीजों को हमेशा इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा? ज़ब इस सम्बन्ध में महिला चिकित्सक डॉ आशा साहू से बात की गई तो उन्होंने बताया की किसी भी ऐरे गेरे, झोला छाप के रिपोर्ट पर मैं इलाज नहीं करती और ज़ब मैं जाँच लिखूँगी तभी इलाज करुँगी।

# सात समंदर पार भी सुशील मिश्रा में कम नहीं हुआ माटी का अनुराग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिले में ऊंचे झंझरी गांव सुशील मिश्रा का परिवार किसी परिचय का मोहताज नहीं है।कठिन मेहनत और संघर्षों के बाद सफलता की सीढ़ियां चढ़ने वाले सुशील मिश्रा आज अमेरिका में भी अपनी मेधा के झंडे गाड़ रहा है।आज सुशील मिश्रा के करीब दर्जनभर भारतीय दोस्त अमेरिका में हैं और अपनी मार्केटिंग कम्पनी और अपना खुद का बिजनैस चला क़र नाम रोशन कर रहे हैं।सुशील मिश्रा अपना पूरा परिवार छोड़ सात समुन्दर पार अमेरिका में करीब चौदह सालो से अधिक हो गया लेकिन अपनी जन्मभूमि से उन्हें आज भी बेहद लगाव है।सात समंदर पार उन्होंने बुलंदियों का बड़ा मुकाम हासिल किया।मौजूदा समय सुशील मिश्रा अपने पिता के नाम से एक मार्केटिंग कंपनी चला रहे हैं।और उसकी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।सुशील मिश्रा आज भी अपनी जन्मभूमि को भूले नहीं,हाल के दिनों में उन्होंने गरीब बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए ट्रस्ट बनाकर लाखो रुपये उसमें दान भी कर दिए हैं।सुशील मिश्रा परिवार के कई सदस्य है जो



## जिले में सुशील का परिवार किसी परिचय का मोहताज नहीं

समाज की सेवा कर रहे हैं।वही इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद चौदह साल पहले 2013 में अमे रिका पहुंचे और वहां सफलता की उड़ान भरते हुए बुलं दियों को छुआ।आज अमेरिका में अपने पिता के नाम रंगुलाल कैरियर इंक ट्रैकिंग कंपनी का जिम्मा संभाल रहे हैं।सात समंदर पार बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बाद भी अपनी माटी को नहीं भूले।कोई भी मेधावी मुफलिसी के कारण शिक्षा जैसे मौलिक अधिकारों से वंचित न रह जाए इसके लिए उन्होंने मदद का बीड़ा उठाया है।अपने परहित भाव को जमीन में उतारने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार सुरक्षा संगठन बनाया है सुशील मिश्रा अमेरिका के लाजिस्टिक्स कैलिफोर्निया शहर में रहते है।सुशील मिश्रा जिले में गरीबों की बेटियों की शादी में आर्थिक मदद देने के साथ ही बीमार लोगों का इलाज कराते हैं।ठंड के मौसम में सार्वजनिक स्थानो पर जरूरत मंदों को कंबल वितरण हर साल करते हैं।गरीब छात्रों को पैसे से मेधाओं को आगे बढ़ाने में सहायता करते है।और समय-समय पर धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

## नहीं भूले भारतीय संस्कार

सुशील मिश्रा के बड़े भाई अरुण मिश्रा बताते हैं कि सुशील भले ही अमेरिका में हैं पर अपने भारतीय संस्कार नहीं भूले हैं।भले ही चौदह साल से घर नहीं आए है पर बड़ों को वही सम्मान और अपनों से लगाव है।फोन पर अपने बड़ो से बात करते समय वही पुरानी भाषा शैली और बड़ो का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते है।

# जिले में एसपी का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर व्यापार मंडल के पदाधिकारिओ ने किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । जिले के व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को गोण्डा जिले में एक वर्ष के दौरान जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।पिछले एक वर्ष के दौरान पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जनपदीय पुलिस द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 पंचायती उपचुनाव,महत्वपूर्ण त्योहार होली,कजरी तीज पर्व,दशहरा,दीपावली,ईद,मोहर्रम आदि के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक उत्सवों,जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराया गया है।इसके अतिरिक्त शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आईजीआरएस के सर्वोच्च निस्तारण में गोण्डा पुलिस लगातार तीन बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।इस मौके पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष भूपेंद्र आर्या,प्रांतीय मंत्री जिला प्रभारी जगदीश रायतानी संगठन मंत्री मुकेश शुक्ला,महामंत्री शिव कुमार सोनी राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दो सौ वर्ष से अधिक पुराने संगत मंदिर को दबंग के कब्जे से कराया मुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिले के इमामबाड़ा मोहल्ले में स्थित ऐतिहासिक और पवित्र बड़ी संगत मंदिर को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बुधवार को सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया।यह मंदिर दो सौ वर्षों से अधिक पुराना है और हनुमान जी को समर्पित है।मंदिर गोण्डा शहर के इमाम बाड़ा इलाके में स्थित है।इसके परिसर और मुख्य द्वार के आसपास कुछ स्थानीय दबंगों ने अवैध रूप से टिन शेड लगाकर अपने वाहनों की पार्किंग शुरू कर दी थी।इसके अलावा,यहां कबाड़ और कचरा जमा होने के कारण मंदिर परिसर का वातावरण अत्यधिक खराब हो गया था। अवैध कब्जे और टिन शेड न केवल मंदिर के पवित्र परिसर को नुकसान पहुंचा रहे थे बल्कि आने-जाने के मार्ग को भी बाधित कर रहे थे।मंदिर के पुजारी और



भक्तों ने इस अतिक्रमण और गंदगी की शिकायत जिलाधिकारी से की थी।शिकायत का संज्ञान लेते हुए, डीएम नेहा शर्मा ने इस पूरे मामले पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की। बुधवार को जिला प्रशासन,नगर पालिका की टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यवाही शुरू की गई।डीएम ने स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर प्रशासनिक टीम का नेतृत्व किया। जिला प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया और कब्जा हटवाया।इसके बाद मंदिर परिसर की सफाई कराई गई। यह कार्रवाई करीब एक घंटे तक चली।

**डीएम का निरीक्षण और निर्देश**

निरीक्षण के दौरान,डीएम नेहा शर्मा ने मंदिर परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मंदिर की जमीन पर दोबारा कोई अतिक्र मण न हो। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति भविष्य में अवैध कब्जा करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंदिर और उसके आसपास नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने मंदिर की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखने के लिए विशेष उपाय अपनाने के निर्देश भी दिए।इस अभियान में डीएम नेहा शर्मा के साथ नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार वर्मा,पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्र और नगर कोतवाल संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।सभी अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से अतिक्रमण हटाने का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

**स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं की प्रतिक्रिया**

बड़ी संगत मंदिर को अतिक्रमण मुक्त कराने की इस कार्यवाही को लेकर स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन की सराहना की।स्थानीय लोगों ने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक महत्व भी रखता है।प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से मंदिर परिसर में साफ-सफाई और पवित्रता बनी रहेगी।

# पशु पालन व जैविक खेती से महिलाओं को समूहों में जोड़कर आय वृद्धि करे एफपीओ: डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच । कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि एफपीओ संतृप्तिकरण अभियान के अन्तर्गत एफपीओ को विभिन्न प्रकार के लाइसेंस दे दिये गये है। उन्हें नये-नये व्यवसाय अपनाने का सुझाव दिया। उन्होनें एफपीओ को निर्देश दिया कि पशु पालन व जैविक खेती से महिलाओं को समूहों में जोड़कर आय वृद्धि करे। उन्होनें ग्राम भदौली चिलवरिया में सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के निदेशक सदस्य तथा एफपीओ के अन्तर्गत कार्यरत महिला समूहों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि हम चाहते है कि जिले के सभी एफपीओ अधिक से अधिक महिला किसानों को जोड़कर तथा उन्हें विभिन्न व्यवसाय अपनाकर आय वृद्धि करें। बैठक में किसानों द्वारा की गयी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश उपस्थित सभी अधिकारियों को दिया। एलडीएम को निर्देश दिया कि कृषि योजना की एग्रीजंक्शन योजना, पशु पालन की योजना, मत्स्य पालन की योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित कर अवगत कराने के निर्देश दिये। रेशम विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि सेल्फ हेल्थ गुरप से महिलाओं को जोड़कर तथा थ्रेड बनाकर छोटे छोटे उत्पाद तैयार कराकर उनकी आय वृद्धि सुनिश्चित करें। किसानो से मुखातिब होकर जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु ग्रामों में कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मियों द्वारा चौपाल लगाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा रही है। सभी कृषक अपने-अपने गांवो में कैम्प की तिथि पर उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाये। उन्होनें कृषक उत्पादक संगठनों के सदस्यों से कहा कि आप फार्मर रजिस्ट्री करवाने का वीडियो तैयार कर उपलब्ध कराये तथा एफपीओ में शामिल सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करे। अगले किसान दिवस में इसकी समीक्षा की जायेगी तथा जिन सदस्य कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री आपके माध्यम से तैयार होगी उनका आईडी नम्बर साथ लायेगें।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सरदपारा के कृषक गिरजेश कुमार सिंह जो मत्स्य उत्पादन का कार्य करते है अपनी सफलता की कहानी बताने को कहा। श्री सिंह ने बताया कि 09 एकड़ में छोटे-बड़े 32 तालाब बनाकर मत्स्य पालन कर रहे है प्रति

## किसानों की समस्याओं का समयबद्धता के साथ करें निस्तारण

वर्ष सभी खर्च निकालकर रू. 15 से 20 लाख की आमदनी हो जाती है। इसी प्रकार मत्स्य पालन करने वाले किसानों ने भी अपने अनुभव किसानों के बीच साझा किया। बैठक में उपस्थित प्रगतिशील कृषक हरीशरण सिंह उर्फ बब्बन सिंह पयागपुर ने नेशनल लाइव स्टाक योजना के अन्तर्गत पशुपालन विभाग के माध्यम से आवेदन बैकों में किया गया परन्तु ऋण स्वीकृति नही दी गयी। इसी प्रकार अन्य योजनाओं के आवेदकों द्वारा भी बैकों में ऋण पत्रावलियां लम्बित रखने की शिकायत की गयी। जिसपर जिलाधिकारी ने एलडीएम को कृषि एवं पशुपालन, मत्स्य पालन से सम्बन्धित किसानों के लम्बित आवेदनों की जानकारी मांगी है। कृषक परशुराम सिंह कुशवाहा द्वारा विद्युत कनेक्शन से सम्बन्धित तथा भकला गोपालपुर के कृषक ओंकार नाथ पाण्डेय द्वारा पेयजल योजना से बनी पानी टंकी को चालू कराने का निर्देश दिया। किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा ने क्रय केन्द्रों पर सीसी टीवी लगवाने, विकास खण्ड पयागपुर में 130 बीजी नलकूप की नाली बनवाने तथा गन्ना सम्बंधी शिकायते प्राप्त हुई जिनका समयबद्ध निस्तारण कराने का निर्देश सभी अधिकारियों को डीएम ने दिया। उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने सभी उपस्थित किसानों तथा एफपीओ निदेशक से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपेक्षा की। उन्होनें किसानों को विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय वृद्धि करें। रसायनिक खादों का प्रयोग कम से कम करें इससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है प्राकृतिक खेती के तरफ विशेष ध्यान दे। जैविक खेती से जैविक उपज की बाजार में दो से चार गुने मूल्य प्राप्त होता है। उन्होनें किसानो को सलाह दी कि अपनी फसल अवशेष को जलाये नही बल्कि कम्पोस्ट खाद बनाकर अपने खेतो में डाले इससे खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। आप सभी अपने आस-पास के किसानों को पराली जलाने से रोकें।

## ग्रामीण स्टेडियम अचौलिया एवं सेमरहना को होगा कायाकल्प

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रामीण स्टेडियम अचौलिया एवं सेमरहना के अनुरक्षण हेतु कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा तैयार किये गये आगणन के औचित्य परीक्षण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अधि.अभि. लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड प्रदीप कुमार, अवर अभियन्ता लघु उद्योग निगम लिमिटेड चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी आलोक सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधि.अभि. लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड को निर्देश दिया कि कार्यदायी संसथा द्वारा तैयार किये आगणन के औचित्य का पुनः परीक्षण कर आख्या उपलब्ध करा दें।

## ग्रामीण स्टेडियम अचौलिया एवं सेमरहना को होगा कायाकल्प

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । ग्रामीण स्टेडियम अचौलिया एवं सेमरहना के अनुरक्षण हेतु कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा तैयार किये गये आगणन के औचित्य परीक्षण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अधि.अभि. लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड प्रदीप कुमार, अवर अभियन्ता लघु उद्योग निगम लिमिटेड चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी आलोक सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधि.अभि. लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड को निर्देश दिया कि कार्यदायी संसथा द्वारा तैयार किये आगणन के औचित्य का पुनः परीक्षण कर आख्या उपलब्ध करा दें।

## शराब के सेल्समैन से लूटपाट का सात घंटे में खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

कानपुर देहात। जनपद के रूरा थाना क्षेत्र में शराब ठेका सेल्समैन के साथ हुई लूट में पुलिस ने साते घंटे के भीतर ही खुलासा कर दिया। लूट को अंजाम देने वाले चार आरोपितों को पुलिस ने अलग-अलग मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चार असलह व कारतूस, 65 हजार रुपये की नकदी और कार बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक (कानपुर देहात) बीबीजीटीएस मूर्ति ने बुधवार रात को बताया कि जनपद के रूरा थानाक्षेत्र में बुधवार सुबह शराब ठेके के सेल्समैन को रोककर उसके साथ लूट की घटना को दिनदहाड़े अंजाम दिया गया।

# जनपद में 96 हजार किसानों से 72 लाख कुंतल हुई गन्ना खरीद पर चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।गन्ना भवन पीलीभीत में खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत की अध्यक्षता मे गन्ना क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चीनी मिलों के गन्ना खरीद, चीनी उत्पादन, चीनी पर्ता,क्रय केंद्र निरीक्षण एवं बसंतकालीन गन्ना बुआई की चर्चा की गई। वर्तमान में सभी चीनी मिले गन्ना पेराई का कार्य कर रही हैं। प्रतिदिन 2 लाख 19 हजार कुंतल गन्ना खरीद की जा रही है। अब तक 96000 कृषकों से 72 लाख कुंतल गन्ना खरीद की जा चुकी है। पीलीभीत चीनी मिल द्वारा 45 लाख कुंतल, बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा 22 लाख कुंतल, बीसलपुर चीनी मिल द्वारा 3 लाख कुंतल, पूरनपुर चीनी मिल द्वारा 2 लाख कुंतल गन्ना खरीद की जा चुकी है। पीलीभीत चीनी मिल द्वारा 8 दिसंबर 2024 तक खरीदे गए गन्ने का 127 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया गया है। इसी प्रकार बीसलपुर चीनी मिल द्वारा 3 दिसंबर 2024 तक क्रय किए गए गन्ने का 2 करोड़ रुपए एवं चीनी मिल पूरनपुर द्वारा 8 दिसंबर 2024 तक क्रय किए गए गन्ने का 2 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य भुगतान कृषकों के खाते में भेज दिया गया है। इस प्रकार जनपद की तीन चीनी मिलों द्वारा 131 करोड़ रुपए का भुगतान 53 हजार गन्ना किसानों के खाते में भेजा जा चुका है। सी आई सी बैठक में जनपद की चारों चीनी मिलो के 222 तौल लिपिकों का ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम द्वारा पाक्षिक स्थानांतरण किया गया।जिसकी प्रति सभी चीनी मिल प्रतिनिधियो को उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिए गए कि वह लॉटरी सिस्टम से नियुक्त तौल लिपिकों के माध्यम से ही तौल कार्य कराएं। प्रभु एन सिंह आयुक्त गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी गन्ना तौल लिपिकों का पाक्षिक स्थानांतरण ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम से किया जाये।किसी भी तौल लिपिक की नियुक्ति मैन्युअल न की जाये।

जिला गन्ना अधिकारी द्वारा सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश दिए गए की वह क्रय केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करते रहे। यदि कही पर भी कोई अनियमितता पाई जाती है तो उसकी सूचना कार्यालय को दे। सभी क्रय केन्द्रो पर पेयजल, पशुओ के पानी पीने के लिए नाद, मानक बाँट का होना अनिवार्य है।बैठक में दिग्विजय सिंह, अध्यक्ष गन्ना समिति, पीलीभीत, राजेश सिंह, बीसलपुर गन्ना समिति, मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर एवं पूरनपुर, प्रधान प्रबंधक गन्ना पीलीभीत चीनी मिल, सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं चीनी मिल गुलरिया, निगोही, फरीदपुर के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# सीएचसी जगदीशपुर के निरीक्षण में सीएमओ को मिली तमाम खामियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



## सीएमओ ने आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों का एक दिन वेतन काटने की बात कही

## अस्पताल में सीएमओ को देखते ही प्राइवेट में पैथालाजी चलाने वाले लोग भाग निकले

अमेठी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएमओ को निरीक्षण के दौरान संविदा महिला चिकित्सक और स्टाफ नर्स समेत आधा दर्जन कर्मचारी अनवरत कई दिनों से अनुपस्थित पाये गये जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुये एक दिन का वेतन काटने की बात कही है। अस्पताल में सीएमओ को देखकर प्राइवेट में पैथालॉजी चलाने वाले लोग भाग खड़े हुये।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर का जब निरीक्षण किया तो वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की करतूतों को देखकर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि सीएचसी निरीक्षण के दौरान संविदा डॉक्टर पूनम सिंह, प्रियंका स्टाफ शिवबालक यादव प्रीति गौतम संतोष कुमारी संजू मिश्रा और संविदा स्टाफ नर्स डेंटल सर्जन डॉ प्रवीर कुमार अनुपस्थित पाये गये और डॉ रजनी कुमारी सर्जन अनवरत छह दिनों से लगातार अनुपस्थित रही। उन्होंने बताया कि संविदा स्टाफ नर्स प्रीति गौतम, संतोष कुमारी, नेत्र परीक्षण अधिकारी नजीर फातिमा, स्टाफ नर्स ममता उपाध्याय अनुपस्थित पाई गई। उन्होंने बताया कि निशा पासी सहायक शोध अधिकारी निशा के साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मी अनीता इस महीने लगातारअनुपस्थित पाई गई और गौरव सिंह,तालिब खान अनुपस्थित पाये गये है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने अस्पताल में कर्मचारियों की मनमानी पर नाराजगी जताई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने कहा कि लैब की जांच रिपोर्ट के लिये मरीजों को दौड़ाया न जाय और बाहरी दवाएं लिखने वाले चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन नही कर पा रहे हैं उनको चिन्हित कर अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

# किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना अनिवार्य

### एसडीएम ने सीएससी केंद्र संचालकों के साथ की बैठक

गौरीगंज अमेठी,कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को गौरीगंज के उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में सीएससी केंद्र संचालकों के साथ फार्मर रजिस्ट्री बनाने के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। एसडीएम दिग्विजय सिंह द्वारा बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री प्रत्येक किसान का बनना अनिवार्य है जिससे कि उनको किसी भी सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। एसडीएम ने सीएससी केंद्र संचालकों को निर्देश दिया कि आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा शिविर लगाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाएं और जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी नहीं होगी उनको भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा। बैठक में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएससी जिला प्रबंधक एवं सीएससी केंद्र संचालक उपस्थित रहे।

## किसान सम्मान निधि का फायदा नही मिलेगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के सम्बन्ध में शासन के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में कैम्प मोड में अभियान चलाकर किसानों की फार्मर आईडी तैयार किये जाने की कार्ययोजना जारी की गयी है। उन्होंने बताया कि कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा राजस्व ग्रामों में कैम्प लगाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है तथा फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने से होने वाले लाभ के अन्तर्गत किसानों को फसली ऋण एवं फसल बीमा क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता होगी व विभिन्न कार्यकमों हेतु बार बार भौतिक सत्यापन से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को समय से वांछित परामर्श, नवोन्मेषी कार्यकमों के विस्तार के अवसर में वृद्धि, फार्मर रजिस्ट्री आईडी का उपयोग कृषि के साथ साथ अन्य विभाग जैसे गन्ना, मत्स्य, उद्यान, खाद्य एवं विपणन आदि के द्वारा अपने योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु किया जा सकेगा तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाले किसानों के लिये फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी न बनवाये जाने से होने वाली हानि के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को उन्नीसवीं किस्त का लाभ प्राप्त नही होगा।पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत नये आवेदन करने वाले किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी अन्यथा आवेदन निरस्त हो जायेगा तथा फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को आगामी दिवसों में आने वाली योजनाओं से लाभान्वित नहीं किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने जनपद के समस्त किसान से अपील किया कि स्वयं अथवा नजदीकी जन सुविधा केन्द्र व राजस्व ग्रामों में आयोजित होने वाले कैम्पों में उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें।

# चेयरमैन ने झांसी के गुरसरांय में 60 फ़ीट चौड़े कंाच के झूले का किया उदघाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



### जैन समाज का 1008 श्री नेमिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित

पीलीभीत। झांसी जिले के ऐतिहासिक नगर गुरसरांय में 1008 नेमिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में जन्मकल्याणक के दिन सायं कालीन सभा में मैनपुरी से आये विश्वप्रसिद्ध 60 फुट चौड़े कंाच के झूले पर बालक नेमिकुमार को झूला झुलाया गया। जिसका उद्घाटन पीलीभीत की नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल द्वारा किया गया। जिनबिंब पंचकल्याणक एक ऐसा उत्सव है जो भरत क्षेत्र के 24 तीर्थंकरों की पांच शुभ जीवन घटनाओं का जश्न मनाता है। यह उत्सव तब आयोजित किया जाता है। जब एक नया जैन मंदिर बनाया जाता है या मंदिर में नई मूर्तियां स्थापित की जाती हैं।

गुरसराय उत्तर प्रदेश के झाँसी ज़िले में स्थित एक ऐतिहासिक नगर है। इस शहर की स्थापना मालवा के पेशवाओं के प्रमुख को पानीपत की दूसरी लड़ाई के दौरान उनकी सेवा के लिए दी गई भूमि के अनुदान से की गई थी। माना जाता है कि मुकुंदराज ने एक मुगल जनरल के भोजन में जहर देकर पेशवाओं के लिए लड़ाई जीत ली थी, तब वह पेशवा दरबार में आया था। इस अधिनियम के कारण मुगल सेनाएँ मालवा साम्राज्य की सीमाओं से हट गईं थीं। आज के समय में गुरसरांय में जैन समाज के लोग काफी संख्या में रहते हैं।

ऐसे ऐतिहासिक नगर में 1008 श्री नेमिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मैनपुरी से आये विश्वप्रसिद्ध 60 फुट चौड़े कंाच के झूले पर बालक नेमिकुमार को झूला झुलाया गया। इसका उद्घाटन पीलीभीत की नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने किया।

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन किया गया। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल को मुकुट धारण कराया गया। इसके बाद 60 फीट ऊंचे कंाच के झूले का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था के साथ कार्यक्रम आयोजक सनत कुमार जैन, प्रतिष्ठाचार्य रजनी भाई जोशी, संचालक संजय जी जेवर, प्रतिष्ठा महोत्सव अध्यक्ष विजय बड़जात्या इंदौर, निर्देशक विराग जी शास्त्री जबलपुर, गुरसरांय जैन समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन, प्रमोद जैन वैरायटी सहित उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश सहित देश भर के श्रद्धालु मौजूद रहे।

# किसान दिवस में डीएम ने किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।किसान दिवस के दौरान सम्बंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई।किसान दिवस में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने अपने विचार साझा किये तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया। किसान दिवस में जिलाधिकारी निशा अनंत ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाय। उन्होंने किसानों से अपील करते हुये कहा कि शासन द्वारा कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों में कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई नलकूप सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

# सुनीति और सुरुचि का ज्ञान ही मोक्ष का साधन है कथा व्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुल्तानपुर। जो नीति नियम व सिद्धांत के अनुसार काम करे वह सुनीति व जो अपनी रुचि इच्छा से काम करे वह सुरुचि। सुरुचि से किया गया कार्य कभी-कभी बड़ी हानि पहुंचाता है। उक्त बातें कथा व्यास कैलाश नारायण तिवारी गायत्री शक्तिपीठ सुल्तानपुर ने बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हरौरा बाजार में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा में कही। तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास जी ने भक्त ध्रुव प्रहलाद की कथा का मनोरम वर्णन किया। कथा व्यास ने अनेक छोटी-छोटी लोक कथाओं के माध्यम से परिवार व समाज मे हो रहे विघटन कारी घटनाओं पर ध्यानाकर्षण किया। कथा के क्रम मे उन्होंने मन की दशा का बड़ा ही मनोरम वर्णन किया। उन्हाने कहा कि जब मन नियंत्रित होगा तो कार्य भी सुंदर होगा व सन्तुष्टि भी मिलेंगीं। मन को साधने से ही जीवन में परमानन्द की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने सुरुचि द्वारा बालक ध्रुव को राजा की गोद से नीचे उतार देने की कथा का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया। बच्चों के मन मे सांसारिक बातों के साथ ईश्वर व ब्रह्म की तरफ भी प्रेरित करें।तभी बच्चों में सद्गुणों का विकास होगा।बच्चे के कोख में आने पर माताओं के द्वारा किये गए कार्यों का प्रभाव कोख में पल रहे बच्चे पर सीधा असर डालता है। अस्तु माताओं को व परिवार सभी को सदैव सदाचरण को अपनाना चाहिए।तभी विश्व का कल्याण होगा।देश व धर्म को बचाना है तो परिवार अपने बच्चों में श्रद्धा पैदा करें। परम पिता को प्राप्त करने के लिए तप की आवश्यकता होती है।जब संकल्प शक्ति मजबूत होती है तो कार्य की सिद्धि होती है। इस प्रकार कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत से जुड़े अनेक प्रसंगों का बड़ा ही मनहर वर्णन किया। मेरा जीवन सारा बीते तेरा नाम जपते जपते। कोई बाधा न आने पाए,तेरी राह चलते चलते।जैसे भजनों पर भक्तगण देर रात तक झूमते रहे।

## किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मानवाधिकार दिवस का आयोजन

सुलतानपुर। ग्राम पंचायत मल्लेपुर पंचायत भवन में मानवाधिकार दिवस का आयोजन पानी संस्थान के द्वारा किया गया। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस का विषय हमारा अधिकार हमारा भविष्य अभी से है। कार्यक्रम का शुभारम्भ गीता सिंह अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय पिंगिरियावा, ग्राम प्रधान मल्लेपुरए आआंगनवाडी मल्लेपुर पंचायत सहायक मल्लेपुर एवं पानी संस्थान की वरिष्ठ कार्यकर्ता गीता एवं लीलावती द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उक्त कार्यक्रम में पानी संस्थान द्वारा भीटी ब्लाक में चल रहे किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम में 07 ग्राम पंचायत से लगभग 300 किशोरियो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में किशोरियों द्वारा स्वागत गीत, नुक्कड़नाटक, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किया गया। परियोजना समन्वयक रागिनी विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य एवं मानवाधिकार दिवस के बारे में बताया गया। इस दौरान 07 ग्राम पंचयात के विद्यालयों के अध्यापकगण, आआंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा पानी संस्थान की वरिष्ठ कार्यकर्ता लीलावती, गीता एवं पानी सस्थान की टीम उपस्थित रही।

## प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के निधन पर शिक्षकों ने शोक जताया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकास खण्ड सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय पिपरी अहमदाबाद के प्रधानाध्यापक के आकस्मिक निधन पर बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है।खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ ही शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पिपरी अहमदाबाद के प्रधानाध्यापक निखिल कुमार कनौजिया मंगलवार को सवा नौ बजे प्रार्थना इत्यादि सम्पन्न कराने के बाद कुछ असहजता महसूस हुई जिन्हें आनन फानन में बीएचईएल स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद शिक्षक को लखनऊ रेफर कर दिया गया। परिजनों द्वारा मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने बुधवार की सुबह ब्रेन हेमरेज की स्थिति में उनको मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।वह मूल रुप से बांगर मऊ उन्नाव के निवासी बताये जाते हैं। इस घटना की जानकारी मिलने पर शिक्षक की पत्नी और सात वर्षीय बेटे का रो रोकर बुरा हाल रहा। प्राथमिक विद्यालय पिपरी अहमदाबाद के प्रधानाध्यापक निखिल कुमार कनौजिया के निधन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, श्याम बहादुर सिंह,आशुतोष शुक्ला, सत्येन्द्र कुमार तिवारी, एआरपी ओंकार पाण्डेय, अनुज शुक्ला, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, उबैद अहमद, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र नाथ त्रिवेदी, मनोज कुमार शुक्ला,देवेश श्रीवास्तव, आलोक शुक्ला, शेखर दुबे, धर्मराज सहित अन्य तमाम शिक्षकों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

## परिषदीय विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिक उत्सव उपस्थित रहे चेयरमैन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर नंबर एक में आयोजित वार्षिकोत्सव खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता इस अवसर पर वार्ड-11 के सभासद राजेश कुमार खुराना,विकास कुमार आर्या,पूर्व प्रधानाध्यापिका नईम आरा,युवा भाजपा विवेक तिवारी,इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रद्धा वर्मा,गीता सिंह एवं अन्य अध्यापक गण व बच्चे उपस्थित रहे हैं।

## व्यापारियों के हित के लिए हुई बैठक कई बिंदुओं पर चर्चा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में नगर में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है।नगर उपाध्यक्ष जफर अली के प्रतिष्ठान इंडिया मशीनरी स्टोर कोतवाली रोड पर व्यापारिक विषयों की समस्याओं पर चर्चा की गई है। इसमें मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला नगर,मंत्री रवि जायसवाल, परवेज खान,सलमान खान, नदीम हसन खान,राम निवास पासवान सहित कई उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ठगी मामले में दर्ज मुकदमे में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी और आईजी से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुझा कला के रहने वाले किसान नेता बलजिंदर सिंह ने वुधवार 11 बजे बताया कि आइलेट्स संचालक परमवीर सिंह, हरप्रीत सिंह व औजला और अनिमेश सिंह पर थाना पूरनपुर में 14 जुलाई 2024 को मुकदमा दर्ज किया गया था।जिसमें अभी तक कोतवाली पुलिस के द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गयी। जबकि दर्ज मुकदमे में चार्जशीट भी लगा दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से उक्त लोग रास्ते में घेरकर धमकी देने का आरोप लगाते हुए। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किसान नेता ने पीलीभीत पुलिस अधीक्षक एवं आईजी को प्राथना पत्र भेजकर गिरफ्तारी की मांग की है।

## 76 वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना हजारा क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में बाढ कटान की समस्या एवं मांगों को लेकर पिछले काफी दिनों से भूखहड़ताल एवं धरना प्रदर्शन चल रहा है। उसके बाद भी शाशन प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है। स्कूली छात्रों ने शारदा नदी कटान से स्कूल गांव और घरों के बचाने के लिए भूखहड़ताल एवं धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। वुधवार को एक बजे भाकपा माले के जिला सचिव देवाशीष राय ने बताया कि सरकार आंदोलनकारी की सुनने को तैयार नहीं है। इसलिए धरना प्रदर्शन एवं भूखहड़ताल मांगों को पूरा न करने तक जारी रहेगा।

# जल निगम के ठेकेदार द्वारा सड़क खोद डालने से ग्रामीणों में नाराजगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



### लोक निर्माण विभाग द्वारा दो माह पूर्व लाखों रुपये की लागत से बनवाई गई थी सड़क

### तिलोई व सिंहपुर ब्लाक के दर्जनों गांवों में पाइप डालने के लिये ठेकेदार ने खोद डाली इंटरलाकिंग

अमेठी । गांवों में पेयजल के लिये चल रही हर घर जल योजना के तहत ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने का कार्य बीते कई महीनों से किया जा रहा है। ठेकेदार ने सभी खड़ंजा,इंटरलाकिंग और डामरीकृत मार्ग पाइप डालने के लिये खुदवा दिया गया है और पाइप लाइन डालने के बाद इन मार्गों की मरम्मत की कौन कहे संबंधित ठेकेदार सभी मार्गों को क्षतिग्रस्त कर चले गये हैं।इन रास्तों से ग्रामीणों का गांव से निकलना दूभर हो गया है।विकास खण्ड सिंहपुर और तिलोई के विभिन्न गांवों में उत्तर प्रदेश जलनिगम द्वारा संचालित हर घर जल योजना के तहत पाइप डालने का काम चल रहा है।जहां सरकार की प्राथमिकता वाली योजना की निर्माण संस्था ने पीने के पानी के लिये हर घर जल योजना की शुरुआत की है।इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश जल निगम ने पाइप लाइन बिछानी क्या शुरू की लोगों के लिये एक नई मुसीबत खड़ी कर दी।जिन गांवों के रास्तों पर यह पाइप लाइन बिछाई जा गई है वहां पर रास्ते खोदकर पाइप तो पड़ जा रही है लेकिन संबंधित ठेकेदार रास्तों की मरम्मत न कराकर ऊबड़ खाबड़ छोड़ दे रहे हैं जिसके चलते गांव वालों का आवागमन दूभर हो गया है। इन गांवों के गलियारों का यह आलम है कि दुपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल है चार पहिया वाहनों की कौन कहे कुछ जगहों पर तो लोग पैदल भी नही निकल पा रहे हैं। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता से खेखरुआ मार्ग पर स्थित गांव महेशपुर के पास पाइप लाइन डालने के नाम पर कार्यदायी संस्था द्वारा दो माह पूर्व निर्मित सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिस पर क्षेत्रीय नागरिकों ने आपत्ति भी दर्ज कराई लेकिन ठेकेदार द्वारा क्षेत्रीय नागरिकों की बात को अनसुना कर दिया गया है। अब देखना यह है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा बगैर अनुमति के लाखों रुपये की लागत से दो माह पूर्व बनाई गई उक्त सड़क को क्षतिग्रस्त करने पर क्या कार्यवाही करता है फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। ग्राम पंचायत सेमरौता में दर्जनों गलियारों को खोदकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि जलनिगम के ठेकेदार ने ग्रामीणों का जीवन नारकीय बना दिया है।

# काबू में मलेरिया

यह सुखद है कि पूरी दुनिया में पिछले दो दशकों में मलेरिया के खिलाफ जंग में आशातीत सफलता मिली है। जिससे जहां मलेरिया के मामलों में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है, वहीं मौत के आंकड़ों में कमी आई है। पिछले दिनों जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि सार्थक प्रयासों से भारत मलेरिया की दृष्टि से अधिक संवेदनशील देशों की सूची से बाहर निकल गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में जिक्र किया है कि भारत में मलेरिया के मामलों में जहां 69 फीसदी की कमी आई है, वहीं इससे होने वाली मौतों में 68 फीसदी की कमी आई है। उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। सुखद यह है कि मलेरिया से अधिक प्रभावित देशों मसलन अफ्रीकी देशों में नई वैक्सीन के ट्रायल के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि हर साल जो लाखों लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं, नई वैक्सीन के प्रभाव से उनकी जान के जोखिम को कम किए जाने में मदद मिल सकेगी। दरअसल, वैक्सीन के फ़ेज-2बी के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम बताते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित है और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में कारगर है। वैक्सीन की प्रभावशीलता पचपन फीसदी बतायी गई है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफ प्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।उल्लेखनीय है कि जहां भारत में वर्ष 2017 में मलेरिया के चौंसठ लाख मामले थे, वे वर्ष 2023 में घटकर बीस लाख रह गए। वहीं मलेरिया से होने वाली मौतों पर भी अंकुश लगा है। दरअसल, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बात को लेकर चिंतित था कि इस क्षेत्र में सघन आबादी के चलते दुनिया की एक चौथाई आबादी निवास करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण एशिया के इन देशों में मच्छरों से पैदा होने वाले मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सहज उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा था। जिससे लोगों के जीवन पर जोखिम को कम किया जा सके। यह तभी संभव था जब मलेरिया के प्रति संवेदनशील लोगों तक सहजता से उपचार पहुंचा सकें। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां भारत, इंडोनेशिया, बांग्लादेश व नेपाल में मलेरिया के मामलों में गिरावट आई है, वहीं म्यांमार, थाईलैंड व दक्षिण कोरिया में मलेरिया के मामलों में वृद्धि का ट्रेंड देखा गया है। यही वजह है कि मलेरिया उन्मूलन पर 2024 की रिपोर्ट जारी करते हुए डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया की कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित करने को इन देशों की सरकारों से विशेष तौर पर कहा है। डब्ल्यूएचओ ने इसके लिये मलेरिया की पहचान, बचाव तथा इलाज की प्राथमिकता सुनिश्चित करने का आग्रह सरकारों से किया है। जिससे मलेरिया के मामलों में गिरावट से लाखों जिंदगियों की रक्षा की जा सके। ऐसे में नई वैक्सीन के उत्साहजनक परिणामों से मलेरिया के संदर्भ में संवेदनशील देशों में इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करने में मदद मिलेगी। जो मानवता के लिये एक सुखद संकेत भी है।

# किसान आंदोलन : शुरू हो चुकी है एकजुट होने की कवायद

**क़ाबिल-ए-ग़ौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी 'न झुकने ' की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि क़ानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि क़ानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि -' हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, ग़रीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये क़ानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि क़ानूनों को वापस लेने का फ़ैसला किया।'' यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फ़र्ज़ी संगठनों को किसान संगठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी।**

पंजाब-हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (N.P.) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफ़ी नुक़्सान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफ़ी नाज़ुक होती जा रही है। ग़ौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फ़रवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि क़ानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब - हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं। क़ाबिल-ए-ग़ौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी 'न झुकने ' की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि क़ानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि क़ानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि -' हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, ग़रीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये क़ानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि क़ानूनों को वापस लेने का फ़ैसला किया।'' यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फ़र्ज़ी संगठनों को किसान संग्ठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी। परन्तु अब 13 फ़रवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ़ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता ज़रूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी हलचल तेज़ हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा



है कि-' किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं। दिल्ली की कॉल अलग-अलग मत दें। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं।'' राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए। बात सरकार को करना है, नफ़ा नुक़्सान सरकार को देखना है। दिल्ली की तैयारी करनी है तो सभी लोगों को इकट्ठा होना होगा। सभी मोर्चे को इकट्ठा होकर बातचीत करनी चाहिए। ग़ौरतलब है कि धरने पर बैठे किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा को आंदोलन को सहयोग व समर्थन देने सम्बन्धी चिट्ठी भी लिखी है। पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संग्ठन, व्यापक किसान एकता की बात ज़ोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमज़ोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी? फ़र्ज़ी किसान संगठनों को खड़ा करने से लेकर किसान आंदोलन को बदनाम करने तक के लिए सरकार द्वारा कौन कौन से प्रोपेगण्डे नहीं किये गये ? इन्हें आन्दोलनजीवी,ख़ालिस्तानी,देशद्रोही न जाने क्या क्या कहा गया ? आंदोलन के चरित्र पर सवाल खड़े किये गये। परन्तु इन सब आरोपों के बावजूद सरकार को इन्हीं तथाकथित ''आन्दोलनजीवी,ख़ालिस्तानी व देशद्रोही'' किसानों की मांगों के आगे घुटने भी टेकने पड़े। और स्वयं प्रधानमंत्री को सामने आकर कृषि क़ानून वापस लेने की घोषणा करते समय किसानों को संबोधित करना पड़ा। इसका कारण केवल एक था और वह था संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाला ऐतिहासिक किसान आंदोलन। अब डल्लेवाल के अनशन व 18 दिसंबर को किसानों द्वारा पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के बाद ऐसा लगता है कि किसान संगठनों के एकजुट होने की क़वायद फिर से शुरू हो चुकी है। **-निर्मल रानी**

# योगी आदित्यनाथ ने स्मरण कराया संभल का दर्द

**मृत्युंजय दीक्षित**

संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान और संभल के नाम पर मुस्लिम तुष्टिकरण की रोटियां सेंक रहे विपक्ष को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की विधानसभा से करारा उत्तर दिया। योगी जी द्वारा अपने संबोधन में दिए गए तथ्यों और तर्कों से और संभल की राजनीति का पेंडुलम हिंदुत्व और सनातन की ओर मुड़ गया।अपने वक्तव्य में योगी जी ने संविधान के नाम पर की जा रही राजनीति की वास्तविकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया ।योगी जी के आक्रामक रुख से यह भी स्पष्ट हो गया है कि 2027 का विधान सभा चुनाव मात्र आक्रामक हिंदुत्व और ल्लसबका साथ सबका विकासल्ल के नारे के साथ नहीं अपितु ल्लबटेंगे तो करेंगे तथा ल्लएक रहेंगे तो सेफ रहेंगे जैसेल्ल नारों के साथ भी होने जा रहा है।मुख्यमंत्री ने संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमने वालों को एक ऐसा आईना दिखाया है कि अब समाजवादी पार्टी, बसपा व कांग्रेस को कोई उत्तर नहीं सूझ रहा है सिवाय यह कहने के कि संभल में कुल मतों का ध्रुवीकरण करने का नाटक चल रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कई ऐसे यक्ष प्रश्न उठाये जिनसे विपक्ष के संविधान प्रेम की कलाई खुल गई । मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों को रखते हुए बताया कि 2017 के बाद अब तक प्रदेश में दंगों में 97 से 99 प्रतिशत की कमी आई है। 2012 से 2017 तक सपा के शासनकाल में 815 सांप्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें 192 लोगों की मौत हुई थी, 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं जिनमें 121 लोग मारे गये। मुख्यमंत्री ने खुलासा किया कि संभल में तुर्क व पठान मुसलमानों के बीच विवाद चल रहा है। सपा के पूर्व सांसद शफीकुर्रहमान वर्क खुद को भारत का नागरिक नहीं अपितु अपितु बाबर की संतान कहते थे अतः आपको तय करना है कि आक्रांताओं को अपना आदर्श मानते हैं या राम,कृष्ण या बुद्ध की परंपरा को। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण करने वाले समाजवादी संविधान विशेषज्ञों से उन्होंने स्पष्ट रूप से पूछा कि मुस्लिम मोहल्ले से शोभायात्रा क्यों नहीं निकल सकती?क्या यह बात संविधान में लिखी है कि जब कोई शोभायात्रा मस्जिद के सामने से निकले तो उस पर पत्थरबाजी की जाये।उन्होंने कहा कि मुहर्रम हो या कोई भी मुस्लिम त्यौहार या जुलूस हिंदू मोहल्ला या मंदिरों के सामने से सुरक्षित निकलता है कोई समस्या नहीं होती जबकि यदि हिंदू शोभायात्रा किसी मस्जिद के सामने या मुस्लिम बहुल इलाके से निकलती है तो समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने पहली बार सदन में 1978 में हिन्दुओं के प्रति में संभल में की गई नृशंस हिंसा के बारे में विस्तार से बताया कि किस प्रकार उन मुस्लिमों ने एक हिन्दू व्यवसायी जो हर समय मुसलमानों का सहयोग करते थे, उनको भाई की तरह मानते थे उनकी ही निर्ममता से हत्या कर दी थी। उस समय आपको कौन सा संविधान काम कर रहा था? योगी ने अपने संबोधन में विपक्षी दलों से बाबरनामा को पढ़ने की भी बात कही जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है हरिहर मंदिर को तोड़कर उसके ऊपर मस्जिद नुमा ढांचा बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि संभल की शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। पुराणों का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कल्कि अवतार संभल में ही होगा। बुलडोजर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में जितनी भी कार्यवाही हो रही है वह सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही हो रही है। संभल में राजनैतिक पर्यटन करने वालों को उन्होंने अपनी रणनीति साफ बता दी है कि अब बंदूक की नोक व दबाव की राजनीति के माध्यम से यूपी में अपनी बात कोई नहीं मनवा सकता। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि संभल का एक भी पत्थरबाज बचेगा नहीं। साथ ही अब स्पष्ट हो गया है कि आगामी दिनों में संभल के 1978 के दंगों की फाईल फिर खुलने जा रही है। कमिश्नर ने 1978 दंगों से जुड़ी सभी फाइलें अपने पास मंगवा ली हैं । तथ्य जन सामान्य के सामने आने पर संभल जैसी घटनाओं पर विकृत राजनीति करने वाले दलों की स्थिति ख़राब होने वाली है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा उपचुनाव में कुंदरकी की जीत को सनातन की जीत बताकर तथा अगली बार करहल सहित कई अन्य ऐसी सीटों पर कमल खिलाने का वादा करके समाजवादियों तथा विरोधियों के माथे पर बल ला दिया है।

## सेहत मंत्र

# पपीता ही नहीं, उसके पत्ते भी सेहत के लिए होते हैं लाभकारी

पपीता एक ऐसा फल है, जिसे हेल्थ के लिए काफी लाभदायी माना गया है। इसलिए तो जब भी कोई व्यक्ति बीमार होता है तो उसे पपीता खाने की सलाह दी जाती है। आप भी पपीते का सेवन करते ही होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं कि पपीता ही नहीं, उसके पत्ते भी सेहत के लिए वरदान समान हैं। तो चलिए जानते हैं पपीते के पत्ते से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? पपीते की तरह ही उसके पत्तों में भी पोषक तत्वों की भरमार होती है। पपीते के पत्ते में विटामिन ए, बी, सी, डी और ई के साथ?साथ एंटीऑक्सीडेंट्स, फलेवोनोइड्स, कैरोटीन होते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें थ्रेओनाइन, ग्लूटामेट एसिड, ग्लाइसीन, वेलिन, ल्यूसीन, लाइसिन, हिस्टीडाइन, एलानिन, प्रोलाइन जैसे 50 से अधिक अमीनो एसिड व पाचन एंजाइम्स पाए जाते हैं। यह पाचन एंजाइम्स शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइडेट व वसा को पचाने में मदद करते हैं। जो व्यक्ति कैंसर पीड़ित हैं, उन्हें पपीते के पत्ते का सेवन अवश्य करना चाहिए। पपीते के पत्ते में एंटीबैक्टीरियल तत्व व एसीटोजेन नामक तत्व पाया जाता है, जो कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने व उन्हें मारने में अहम भूमिका निभाता है। खासतौर से, गर्भाशय ग्रीवा, प्रोस्टेट, यकृत, स्तन व फ़ेफड़ों के कैंसर में यह बहुत कारगर साबित हुआ है। शायद आपको पता न हो लेकिन पपीते के पत्ते का सेवन करने से प्रतिरक्षा तंत्र काफी मजबूत होता है। दरअसल, पपीते के पत्तों में कई तरह के शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो इम्युन सिस्टम को स्टांग बनाते हैं। अगर इसके रस का सेवन किया जाए तो खून में व्हाइट ब्लड सेल्स की मात्रा बढ़ जाती है। डेंगू ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति के प्लेटलेट्स गिरने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार तो इस बीमारी के चलते व्यक्ति की जान तक चली जाती है। यहां गौर करने वाली बात है कि डेंगू से लड़ने के लिए अभी तक कोई भी दवा उपलब्ध नहीं है। लेकिन जो लोग पपीते के पत्ते का सेवन इस बीमारी में करते हैं, उससे उन्हें विशेष फायदा होता है क्योंकि पपीते के पत्ते के सेवन से शरीर में प्लेटलेटस की संख्या बढ़ने लगती है। कई अध्ययनों में यह बात साबित भी हो चुकी है।

## धर्म मंत्र

# घर की सुख-समृद्धि के लिए शिवलिंग पर शमी के पत्ते चढ़ाते समय बोलना चाहिए एक मंत्र



शिवपुराण के अनुसार शिव पूजा में फूल-पत्तियां चढ़ाने का विशेष महत्व है। शिवलिंग पर बिल्व पत्र तो सभी चढ़ाते हैं, लेकिन इसके साथ ही शमी के पत्ते भी शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। शमी वृक्ष पूजनीय और पवित्र है। घर में शमी का वृक्ष लगाने से कुंडली के और वास्तु के कई दोष दूर हो सकते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार जानें शिवजी को कैसे चढ़ाएं शमी के पत्ते.... - रोज सुबह शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में गंगाजल या पवित्र जल में गंगाजल, चावल, सफ़ेद चंदन मिलाकर शिवलिंग पर ऊँ नमः शिवाय मंत्र बोलते हुए अर्पित करें। तांबे के लोटे से जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चावल, बिल्वपत्र, सफ़ेद वस्त्र, जनेऊ और मिठाई के साथ ही शमी के पत्ते भी चढ़ाएं।

शमी पत्ते चढ़ाते समय ये मंत्र बोलें

अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च।
दुःस्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम्।।

शमी पत्र चढ़ाने के बाद शिवजी की धूप, दीप और कर्पूर से आरती कर प्रसाद ग्रहण करें।

## पर्यटन



# लेखक और फिल्मों की वजह से मशहूर हुए हैं ये ऑफ-बीट ट्रैवल डेस्टिनेशन

अंडमान- निकोबार, असम, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, उत्तराखंड आदि राज्यों में ऐसी बहुत सारी जगहें हैं, जिनके बारे में आम लोग न के बराबर जानते हैं। हरसिल (उत्तराखंड) आने वाले लोगों की संख्या तब और अधिक बढ़ गई जब 'राम तेरी गंगा मैली' फिल्म आई, क्योंकि इस फिल्म की शूटिंग यहीं हुई थी। यही बात लेखकों के साथ भी लागू होती है। वे साधारण-सी जगहों के बारे में अपने अनुभवों को इतने दिलचस्प तरीके से लिखते हैं कि पाठकों के दिमाग पर शब्द चित्रों के रूप में अंकित हो जाते हैं। सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय ने अपनी यात्राओं के आधार पर संस्मरण लिखा 'अरे यायावर रहेगा याद'। उन्होंने इस किताब में पूर्वोत्तर के कुछ ऐसे इलाकों, कस्बों, जंगलों, माजुली जैसे द्वीप के बारे में बताया, जहां के बारे में उत्तर भारत के लोग नहीं जानते या फिर बहुत कम जानते हैं। उत्तर भारत के लोगों के मन में पूर्वोत्तर के प्रति जो डर है, उसे ट्रैवलर और राइटर खत्म करना चाहते हैं, ताकि उनमें यह विश्र्वास पैदा हो सके कि घूमने के लिहाज से पूर्वोत्तर के राज्य बेहद सुरक्षित हैं। वरिष्ठ लेखक विश्र्वनाथ त्रिपाठी ने किताब लिखी 'नंगातलाई का गांव'। हालांकि यह काल्पनिक किताब है पर किताब में गांवों की प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ आम लोगों की स्थिति, गरीबी के बारे में त्रिपाठी जी ने इतना सजीव चित्रण किया कि आज भी पर्यटक नंगातलाई का गांव ढूंढ़ते हैं। विश्र्वनाथ त्रिपाठी कहते हैं, 'मुझे लगता है कि जब आदमी पुरानी यादों या फिर आम लोगों के बारे में साधारण, लेकिन सच्ची बातों को लिखता है, तो उसका विवरण वह दिल से करता है। फिर उस गांव या शहर को देखने की चाह लोगों में पैदा हो जाती है।' त्रिपाठी जी से दशकों पहले महान साहित्यकार राहुलसांकृत्यायन ने बस, घोड़े और कभी पैदल चलकर हिमाचल के किन्नौर की यात्रा की और लिखा 'किन्नर देश में'। इसी तरह अज्ञेय ने एक फौजी ट्रक हांकते हुए पूर्वोत्तर की यात्रा की थी और लिखा 'अरे यायावर रहेगा याद'। ये किताबें आज भी भारत की दस सर्वश्रेष्ठ यात्रा संस्मरणों में शुमार हैं।

# विधानसभा का घेराव करने जा रहे 1200 कांग्रेसी हिरासत में,बोले सरकार नहीं दबा सकती आवाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। हम पुलिस प्रशासन के रवैये से डरने वाले नहीं है। वर्तमान सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने का प्रयास कर रही है। यह बात जिले के मीडिया प्रभारी व प्रदेश कंग्रेस कमेटी के सदस्य सरजू शर्मा ने पुलिस द्वारा हिरासत लेने के बाद कही। बोले, कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आहवान किया था कि 18 तरीख को विधानसभा घेराव होगा। ताकि इस गूंगी बहरी सरकार तक जनता की आवाज जाए। हम विपक्ष में हैं, हमारी जिम्मेदारी है कि जनता की आवाज यदि सरकार नहीं सुन रही है, तो उस तक पहुंचाने के लिए जनांदोलन करें। इस आवाहन पर आज बुधवार को जिले से 1200 कार्यकर्ताओं को लखनऊ पहुंचकर विधानसभा का घेराव करना था। लेकिन मंगलवार देर रात से पुलिस ने ज्यादातर बड़े नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके साथ ही प्रशासन ने सांसद तनुज पुनिया सहित अन्य नेताओं के घर पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात कर दिया। दूसरे दिन मंगलवार को चोरी चुपके लखनऊ जा रहे कंग्रेस जिलाध्यक्ष मोहसिन किदवई सहित सैकड़ो नेताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन में रखा गया। लेकिन हम पुलिस प्रशासन के इस रवैये से डरने वाले नहीं हैं। हम वही करेंगे जोकि हमारा प्रदेश का नेतृत्व कहेगा। बता दें कि मंगलवार की रात से ही एक्टिव हुए प्रशासन ने जनपद के ज्यादातर नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। बुधवार को लखनऊ न जा सके इसके लिए कई जगहों पर कंग्रेसियों को रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इन सब के बीच

**सरकार बेरोजगारी व महंगाई के मुद्दे पर बात करने को नहीं तैयार**

कुछ कंग्रेसी नेता लखनऊ के लिए निकलने में सफल रहे लेकिन उन्हें भी जैदपुर कोतवाली पुलिस ने हाईवे पर रोक लिया। इसी तरह जनपद के समस्त ब्लाकों में भी पुलिस ने जमकर चेकिंग अभियान चलाया और ज्यादातर नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पुलिस लाइन में रखे गए कंग्रेसी नेताओं में जिलाध्यक्ष मोहसिन, राजेंद्र वर्मा, वीरेंद्र यादव, अजीत वर्मा, शिव शंकर शुक्ला, आफाक भाई, अजय रावत, राजेंद्र सोनी, महिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, अब्दुल रहमान समेत सैकड़ो नेता शामिल रहे।

**सरकार हिरासत में लेकर आवाज नही दबा सकती**

जनपद के जिला कंग्रेस मीडिया प्रभारी ने यह भी बताया कि वर्तमान सरकार प्रदेश भर में लाखों गिरफ्तारियां व हाउस अरेस्टिंग करने के बाद भी हमारी आवाज दबा नहीं सकती है। आखिर वर्तमान सरकार को किस बात का डर है। क्या हाउस अरेस्ट कर सरकार अपनी विफलता को नहीं दर्शा रही है। सरकार बेरोजगारी व महंगाई के मुद्दे पर बात करने को तैयार नहीं है। दिन प्रतिदिन बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ रखी है। रामसनेहीघाट : विधानभवन का घेराव करने जा रहे कई सैकड़ा कंग्रेसियों को पुलिस ने थाना जैदपुर क्षेत्र में अयोध्या राष्ट्रीय राज मार्ग स्थित अहमदपुर टोल प्लाजा पर पहुंचत ही हिरासत में लिया।पुलिस ने कंग्रेस के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महासचिव रविंद्र विश्वकर्मा सहित पांच नेताओं को हिरासत में भी लिया। वहीं दूसरी तरफ विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र के सक्रिय कंग्रेसी नेता जिला सचिव मनीष रावत और ब्लॉक अध्यक्ष बनीकोडर डॉ भष्मा प्रसाद मिश्र ,राम फ़ेर रावत, रविन्द्र विश्वकर्मा, पी,सी,सी सदस्य, वारिश अली, धनंजय सिंह, संतोष शर्मा, राजकुमार अग्रहरि संतोष मौर्य, समेत अन्य नेताओं को भी गिरफ्तार किया गया।

# शिक्षा,जीवन कौशल हुनर से होगा उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त : डीजे पंकज सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कृष्णचन्द्र सिंह द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में आवास विकास स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह की संवासिनियों को कम्बल एवं हाइजेनिक किट, मास्क और पल्स ऑक्सिमिटर का वितरण किया गया। इस मौके पर रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने जनपद न्यायाधीश का स्वागत किया। जनपद न्यायाधीश ने संवासिनियों को किट वितरित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य मस्तिष्क में स्वस्थ्य बुध्दि का विकास होता है। आपको दी जा रही यह हाइजेनिक किट आपके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। संवासिनियों का आवाहन कर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आपको अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। शिक्षा,जीवन कौशल के हुनर आपके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस मौके पर डालसा के सचिव कृष्णचन्द्र सिंह ने भी संवासिनियों को रचनात्मक कार्यों में मन लगाने के लिए सम्बोधित किया और रेडक्रास को धन्यवाद ज्ञापित किया। रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने बालिकाओं को ठंड से बचाने, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हाइजेनिक किट की स्वीकृति देने के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के संरक्षक सदस्य आशीष वर्मा, प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुविद्या वत्स, वाइस चेयरमैन अधिवक्ता हुमायूं नईम खां, चन्द्रशेखर कांडपाल, अंकुर माथुर, डॉ मंजूलता, श्रीमती शाईस्ता अख्तर, श्री अजय कुमार मिश्रा, रत्नेश कुमार, गुलजार बानो, आशा सिंह सहित सम्प्रेक्षण गृह की अधीक्षिका मधु तिवारी, केयर टेकर, दिनेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

# सीएसआईआर का नौनिहालों ने किया भ्रमण, पर्यावरण मित्र बनने की ठानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के 126 बच्चों ने बुधवार को लखनऊ स्थित सीएसआईआर भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया।खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर के नेतृत्व एवं आईआईटीआर संस्थान लखनऊ के मुख्य वैज्ञानिक डॉ वी पी शर्मा के मार्गदर्शन में सभी बच्चों ने विज्ञान संबंधी जानकारी अर्जित की।श्री शर्मा ने नौनिहालों को सीएसआईआर भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भ्रमण कराया तथा विस्तार से जानकारी दी।बच्चों ने सीखा कि हमारे आस- पास के ऐसे कारक जो कि हमारे पर्यावरण को प्रभावित करते हैं, कुछ ऐसे कारक भी है जो हमारे स्वास्थ्य पर अत्यंत बुरा प्रभाव डालते है। उनको हम अपनी सजकता से कैसे दूर रख सकते हैं । श्री शर्मा ने बच्चों को बताया कि हम पर्यावरण मित्र बनकर अनेक प्रकार से अपने आस पास की चीजों को दूषित होने से बचा सकते हैं । बच्चों को समझाते हुए बीईओ सुषमा सेंगर ने बताया कि हम एक जागरूक बच्चे होने के दायित्वों का निर्माण करते हुए स्वयं एवं अपने आसपास के सभी जिम्मेदार लोगों को जागरुक करते हुए पर्यावरण खान-पान से संबंधित सभी चीजों को स्वस्थ बना सकते हैं जिससे हमारी आयु लंबी होगी और हम शारीरिक - मानसिक हर तरीके से स्वस्थ रहेंगे । बच्चों को संदीप वर्मा, शिव शंकर सिंह, और आई आई टी आर के प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण राज सिंह ने भी संबोधित किया।

# गैर इरादतन हत्या मामले में चार अभियुक्तों को सात वर्ष की सजा व अर्थ दण्ड भी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार शुक्ला ने गैर इरादतन हत्या के एक मामले मे सगे भाइयों समेत चार अभियुक्तो को सात-सात वर्ष की कैद व 8- 8000 रुपए जुर्माना भगतने की सजा सुनाई है। सहायक शासकीय अधिवक्ता रमाकांत द्विवेदी ने बताया कि मामला कोतवाली नगर के ग्राम आलापुर का है। 14 फरवरी 2013 को इश्तियाक अहमद अपनी वेल्डिंग की दुकान पर काम कर रहा था तभी उसे पता चला कि उसके भाई शमशाद को गांव के ही रहने वाले शहाबुद्दीन, जमाल ,सैफू पुत्रगण अब्दुल रऊफ।तथा फरीदुद्दीन व जमीलउररहमान आलापुर चौराहे पर एक होटल के सामने लाठी डंडों से मारपीट रहे हैं ।उसका भाई शमशाद सर में गंभीर चोट आने से बेहोश हो गया था ।इश्तियाक व उसके भाई इरशाद ने उस पर पानी की छीटें डाली परंतु कोई असर नहीं हुआ ।मारपीट का कारण पूछने पर विपक्षी गण आग बबूला हो गए और एक राय होकर इश्तियाक अहमद व उसके भाई इरशाद को भी मारने पीटने लगे ।शोर पर गांव के ही मेराज व उवैद व अन्य लोग पहुंच गए और उन्होंने जान बचाई। घायल शमशाद की17 फरवरी 2013 को ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने अभियुक्त शहाबुद्दीन, जमाल ,सैफू व जमीलुर्रहमान को गैर इरादतन हत्या में दोषी पाते हुए सात-सात वर्ष की कठोर कैद व ? 8-8000 जुर्माना भुगतने की सजा सुनाई ।इसके साथ ही आरोपी फरीदुद्दीन के नाबालिग होने के कारण उसका मामला किशोर न्यायालय भेज दिया गया।

## एनएचआई द्वारा गाड़ियों पर लगाए गए रोड सेफ्टी स्टीकर



हैदरगढ़ बाराबंकी । ठंडक के दिनों में कोहरे की चादर धीरे धीरे सड़को को अपनी जद में ले रहे है ऐसे में सड़क सुरक्षा एक बड़ी चुनौती होती है इसको लेकर सजग एनएचआई द्वारा सड़क सुरक्षा के मद्देनजर गाड़ियों में सेफ्टी स्टीकर लगाये गए साथ ही एनएचआई द्वारा यातायात को लेकर जागरूक भी किया गया । जानकारी के अनुसार आने वाला दिसंबर और जनवरी माह कोहरे की आगोश में रहेगा ऐसे में दुर्घटनाएं होने का खतरा अधिक रहता है इसको लेकर सजग एनएचआई सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर ठाकुर वीरभान सिंह के निर्देशन पर रोड पट्रोलिंग ऑफिसर आदित्य चतुर्वेदी एवं आजाद गुप्ता द्वारा हाइवे से गुजरने वाले वाहनों पर रोड सेफ्टी स्टीकर लगाए साथ ही लोगों जागरूक किया गया ।

## 17 वर्षों से फरार इनामिया बदमाश रमजानी गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना जीआरपी बाराबंकी पुलिस ने 17 वर्षों से फरार इनामिया आरोपी रमजानी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशांत वर्मा के निर्देशन में रेलवे पुलिस ट्रेनों व रेलवे स्टेशनो पर चोरी लूट जहरखुरानी की घटनाओं की रोकथाम के लिए इनमें संलिप्त रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। जिसके क्रम में बुधवार को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम अमित कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बाराबंकी द्वारा गठित टीम ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय से गैंगस्टर एक्ट में विगत 17 वर्षों से फरार चल रहे वांछित आरोपी रमजानी पुत्र हजारी कवडिया निवासी मौजा रुदैन थाना जरवलरोड जिला बहराइच को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। के सम्मुख पेश किया गया। जिसे जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## ब्लॉक दिवस, बीडीओ ने सुनी जन समस्याएं , दिए दिशा निर्देश

निंदूरा/ सिरौलीगौसपुर/ बाराबंकी। ब्लॉक प्रांगण में आयोजित ब्लॉक दिवस की अध्यक्षता बीडीओ आलोक कुमार वर्मा ने? की। श्री वर्मा ने ग्रामीणों की समस्या का समाधान समय से करें संबंधी निर्देश मातहतों को दिए। बीडीओ श्री वर्मा ने बताया कि ब्लॉक दिवस में मात्र तीन प्रार्थना पत्र परिवार रजिस्टर नकल से संबंधित प्राप्त हुए ।इस बाबत संबंधित सचिव को निर्देशित किया गया है।

समस्त सचिवों को आवास सत्यापन को लेकर निर्देशित किया गया।

इस मौके पर एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी,एडीओ आईएसबी अनिल कुमार सिंह,समस्त सचिव उपस्थित रहे। सिद्धौर? – खंड विकास अधिकारी / उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को सिद्धौर ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक दिवस का आयोजन हुआ। बुधवार को आयोजित ब्लॉक दिवस में एडीओ पंचायत उमेश चंद पटेल, ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, रविन्द्र कुमार वर्मा, सचिन अवस्थी, पुष्पेंद्र कुमार, संजय चौधरी,दीपक कुमार,पुनीत कुमार,समेत ब्लाक के संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कविता की पंक्तियों से कराया महामानव का स्मरण

निंदूरा बाराबंकी। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 18 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तारतम्य में बुधवार को स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा में छात्राओं हिमांशी,आकांक्षी,राशि व साधना आदि ने श्री वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की। अटल जी की कविता 'टूटे हुए तारों से फूटे बासंती स्वर पत्थर की छाती में उग आया नव अंकुर झरे सब पीले पात' ...का मनोहारी प्रस्तुति की। इसी क्रम में निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।जिसमें बच्चो ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया।प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जो बच्चे विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे वह तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

इस मौके पर प्रवक्ता कुमार नंदन सिंह,नीलेश कुमार सिंह ,योगिंदर कौर व समस्त अध्यापक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## ओटीएस योजना कैम्प,जमा कराया 26 लाख राजस्व

निंदूरा बाराबंकी।विद्युत उपकेंद्र कुर्सी अंतर्गत क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज, अनवारी,प्रेमपुर और जरूआ में एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना के तहत अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत करीब चार सौ बकायेदारों से 26 लाख रुपये की राशि वसूल की गई और 30 लोगों का बिल संशोधन किया गया। वहीं, बकाया न जमा करने पर करीब 150 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। अधीक्षण अभियंता राजबाला ने कैंप का निरीक्षण किया।इस मौके पर अधिशासी अभियंता व समस्त उपकेंद्र स्टाफ मौजूद रहा।

## यमराज बन गए अनियंत्रित अनियमित डंफर

रामनगर बाराबंकी। बांदा बहराइच मार्ग पर अनियंत्रित और अनियमित डंफर यमराज बन गए। डंफरों की तेज रफ्तार का हर दिन कोई न कोई शिकार बन रहा है।निगरानी कर्ता राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी हाथ पैर हाथ रखे बैठे हुए हैं। थाना रामनगर के ग्राम तेलियानी निवासी किसान शैलेन्द्र कुमार अपने साथी इन्द्रसेन के साथ ट्रैक्टर ट्राली पर धान लेकर किसान क्रय केंद्र पर तौल कराने जा रहा थे।इसी दौरान बुढवल चीनी मिल के सामने बिछलखा मोड़ के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंफर यूपी 32 एन एन 1146 ने ट्राली में टक्कर मार दी जिसके चलते ट्राली ट्रैक्टर पलट गया।हादसे में शैलेंद्र व इन्द्रसेन घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी रामनगर भिजवाया जहां एक व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर किया गया।वहीं पुलिस द्वारा डंफर चालक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई आरंभ की गई।

## पत्नी के हमले में वृद्ध पति की मौत

मसौली बाराबंकी। बुजुर्ग दम्पति के बींच बुधवार की दोपहर हुई मारपीट मे पत्नी के हमले मे घायल 67 वर्षीय पति ने जिला अस्पताल मे दम तोड़ दी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भैसूरिया निवासी निसंतान दम्पति 67 वर्षीय शरीफ पुत्र सत्तार अपनी 64 वर्षीय पत्नी साफिया के साथ गांव की मस्जिद के निकट रहता है।बुधवार की सुबह बुजुर्ग दम्पति के बींच हुई कहासुनी हुई। फिर दोपहर मे हुई मारपीट मे पति शरीफ ने पत्नी साफिया के सिर पर ईट मार दी जिससे गुस्साई पत्नी ने पति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे शरीफ गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया।

# रोजगार मेला का हरगोविंद ने किया श्रीगणेश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। सिद्धौर ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला का उद्घाटन पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, खंड विकास अधिकारी /उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता व निजी कंपनी के प्रतिनिधि समेत अन्य लोग मौजूद रहे। वही खंड विकास अधिकारी / उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में आज सिद्धौर ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक दिवस का आयोजन भी हुआ। आज आयोजित ब्लॉक दिवस में एडीओ पंचायत उमेश चंद पटेल, ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, रविन्द्र कुमार वर्मा, सचिन अवस्थी, पुष्पेंद्र कुमार, संजय चौधरी,दीपक कुमार,पुनीत कुमार,समेत ब्लाक के संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ई–ऑफिस प्रणाली, सीडीओ सुदन ने विकास विभाग में किया शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी । मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने आज विकास भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में विकास विभाग में ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ किया । ई-आफिस प्रणाली के माध्यम से ही आगामी समय में पत्रावलियां प्रस्तुत की जाएंगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सभी कार्यवाहियाँ शासन की मंशा के अनुरूप पत्रावलियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। ई-ऑफिस में किसी भी समय पत्रों एवं फ़ाइलो पर कार्य किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आज जिला विकास अधिकारी द्वारा प्रेषित ई-फाइल के माध्यम से संबंधित अधिकारियों हेतु निर्देशात्मक आदेश जारी किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक

## कुर्सी पुलिस ने दलित को पीटा जान से मारने की दी धमकी

बाराबंकी। खाली हाथ सिफारिश की सजा कुर्सी पुलिस ने एक युवक को कोड़ों से पीट पीट कर दी है। पीड़ित युवक ने दरोगा पर बर्बरता पूर्वक अकारण पिटाई का आरोप लगाते हुए शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़ित ने कप्तान को बताया है कि दरोग़ा ने मुझे जान से मारने की धमकी दी है। तमाम ग्रामीणों के सामने दरोगा ने पट्टों से पीटा और जा बेजा जाति सूचक गालियां भी दी। कुर्सी थाने के ग्राम नियामतपुर मजरे गंगौली निवासी अजय पुत्र राधेश्याम पुलिस अधीक्षक को दिए प्राथना पत्र में कहा कि उमरा चौकी प्रभारी रनवीर सिंह उसको रात में बिना कारण बताए चौकी ले गए और उसकी पट्टे से बर्बता पूर्वक पिटाई की है।जिसमें उसे गंभीर चोटें आई हैं।

## हत्या आरोपी दो भाइयों को आजीवन कारावास, 22 हजार अर्थदंड भी

बाराबंकी। अपर जिला जज अनिल कुमार शुक्ला ने 2016 में दिन दहाड़े हुऐ अविनाश रस्तोगी हत्या काण्ड का फैसला सुनाते हुए दो सगे भाई आरोपियों को दोषी करार देकर आजीवन कारावास वा प्रत्येक को 22हजार रूपये अर्थदंड की सजा से दण्डित किया। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता रमाकांत द्विवेदी ने अभियोजन कथानक का ब्योरा देते हुए बताया कि शहर बाराबंकी के मोहल्ला कानून गोयान निवासी विकास रस्तोगी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि 25नवम्बर 2016 को सुबह 9बजे अपने छोटे भाई अविनाश रस्तोगी उर्फ मनु के साथ घंटाघर रोड पर सामान लेने गया था कि मेरे सौतेले भाई विवेक रस्तोगी उर्फ दीपू वा विकास रस्तोगी उर्फ छोटू अपने हाथ में तमंचा,रिवाल्वर लेकर आए और मेरे छोटे भाई अविनाश रस्तोगी पर फायर करने लगे,मेरा भाई भागा तो हमलावरों ने दौड़ा कर भी गोलियां मारी।गोली लगने से वादी का भाई गिर पड़ा।अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। वादी के छोटे भाई अविनाश का विवाह तय था।यह विवाह हमलावर विकाश रस्तोगी की शाली ईशानी से होना था।विकास ने शादी करने से मना किया था और कहा था कि शादी करोगे तो जान से मार देंगे। इस मामले में अभियोजन ने दर्जन भर गवाह प्रस्तुत किए।

# किसान पाठशाला में कृषकों को दिया गया पाठ्यक्रम के साथ व्याहारिक प्रशिक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। वर्तमान रबी सत्र, 2024-25 में जनपद के 667 ग्राम पंचायतों में दो दिवसीय किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। किसान पाठशाला में कृषकों को कृषि विभाग के क्षेत्रीय तकनीकी कार्मिकों के साथ ही न्याय पंचायत के चयनित मास्टर ट्रेनर द्वारा भी निर्धारित पाठ्यक्रम के साथ ही व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

आज दिनांक 18-12-2024 को विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत तेजवापुर में आयोजित किसान पाठशाला में उप कृषि निदेशक, बाराबंकी श्री श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी श्री राजित राम, जिला उद्यान अधिकारी डा0 धीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी श्री विनय कुमार, सेवानिवृत्त उद्यान निरीक्षक श्री गणेश चन्द्र मिश्र के साथ ही लगभग 100 क्षेत्रीय कृषक भी उपस्थित रहे। जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत अनुमन्य सुविधाओं के साथ-साथ औद्यानिक खेती के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी श्री राजित राम द्वारा रबी फसलों हेतु कृषि निवेशों की उपलब्धता के बारे में अवगत कराते हुये कृषकों से अपील की गई कि अपने खेतों में मृदा परीक्षण के अनुसार संतुलित उर्वरकों का ही प्रयोग करें। उप कृषि निदेशक, बाराबंकी श्री श्रवण कुमार द्वारा किसान भाइयों को रबी फसलों की बुवाई एवं आई0पी0एम0 विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मिलेट्स फसलों के उत्पादन एवं उसके द्वारा निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों एवं भविश्य में मिलेट्स की सम्भावनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक, बाराबंकी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में जीवनशैली सम्बन्धी बीमारियों से बचाव हेतु मिलेट्स फसलों एवं उत्पादों का विशेष महत्व है। प्रगतिशील कृषक श्री नवनीत वर्मा द्वारा केला एवं टमाटर की खेती के बारे में किसान भाइयों को अवगत कराते हुये बताया गया कि अपनी आय में वृद्धि हेतु किसान भाई फसल विविधीकरण का अवश्य प्रयोग करें ताकि भोजन के लिये खाद्यान्न उपलब्धता के साथ ही किसान भाई आर्थिक रूप से भी सक्षम हो सकें।

जनपद में किसान पाठशालाओं का आयोजन दिनांक 31.12.2024 तक किया जायेगा। अतः किसान भाइयों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित हों।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी: बारिश ने ड्रा कराया ब्रिसबेन टेस्ट

एजेंसी



ब्रिसबेन। लगातार रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने दूसरी पारी 89/7 पर पारी घोषित करने और भारत को 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए आमंत्रित किया। जवाब में भारतीय टीम बिना किसी नुकसान के 8 रन बना लिये थे तभी बारिश शुरु हो गई। काफी देर इंतजार करने के बाद जब बारिश नहीं रूकी तो मैच को समाप्त घोषित कर दिया गया, परिणाम स्वरूप मैच ड्रा हो गया और पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे। जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 260 रन बनाए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 185 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और केवल 33 रनों पर उस्मान ख्वाजा (08), मार्नश लाबुशेन (01), नाथन मेकस्विनी (04) मिचेल मॉर्श (02) और स्टीव स्मिथ (04) पवेलियन लौट गए। यहां से ट्रैविस हेड और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 60 के कुल स्कोर पर सिराज ने हेड (17) को आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। पैट कमिंस ने 10 गेंदों पर 20 रनों की तेज पारी खेली। 85 के कुल स्कोर पर बुमराह ने उन्हें आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका दिया। बुमराह का यह ओवर समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया ने 89 के कुल स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। भारत के लिए जसप्रीत बुराह ने 3, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने 2-2 विकेट लिए। इससे पहले आज पांचवें दिन आज भारत ने अपने कल के स्कोर 252 रन पर 9 विकेट से आगे खेलना शुरु किया। भारतीय आखिरी जोड़ी आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह कल के स्कोर में 8 रन और जोड़े। 260 के कुल स्कोर पर ट्रैविस हेड की गेंद पर आकाशदीप स्टंप आउट हुए। आकाशदीप ने महत्वपूर्ण 31 रन बनाए, वहीं बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए केएल राहुल (84) और रवींद्र जडेजा (77) ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं। राहुल ने 84 और जडेजा ने 77 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने 4, मिचेल स्टॉर्क ने 3, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और ट्रैविस हेड ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अरधशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 6, मोहम्मद सिराज ने दो और आकाशदीप, नीतीश रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए।

# अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सका लेकिन अपने खेल को लेकर अच्छा महसूस कर रहा हूं : रोहित शर्मा

एजेंसी

ब्रिसबेन, 18 दिसंबर (भाषा) भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि हाल ही में उनका बल्लेबाजी फॉर्म औसत रहा है लेकिन वह अपने खेल को लेकर अच्छा महसूस कर रहे हैं जिससे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी दो टेस्ट के लिये उम्मीद बंधती है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में पहला टेस्ट नहीं खेल सके रोहित इस दौरे पर 3, 6 और 10 रन ही बना सके हैं। वह केएल राहुल को पारी की शुरूआत का मौका देने के लिये छह साल बाद मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे हैं जिससे उनका काम और चुनौतीपूर्ण हो गया है। गाबा पर तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद रोहित ने अपनी बल्लेबाजी का ईमानदारी से आकलन करते हुए कहा ,'' मैं अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहा हूं। इसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन मुझे पता है कि मैं कैसे तैयारी कर रहा हूं। इसमें कोई कमी नहीं है , बस क्रीज पर अधिक समय टिकने की जरूरत है और यह जल्दी ही होगा। उन्होंने कहा कि जब तक मेरा दिमाग, मेरा शरीर और मेरे पैर अच्छे चल रहे हैं, मैं खुश हूं। कई बार आंकड़ों से आपको लगता है कि बहुत समय से बड़ी पारी नहीं खेली लेकिन मेरे लिये यह मायने रखता है कि मुझे दिमाग में कैसा लग रहा है या मैं कैसी तैयारी कर पा रहा हूं। यह सबसे अहम है। रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले ली। पिछले आस्ट्रेलिया दौरे के नायक अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा अभी भी घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। एक के बाद एक अपने साथी खिलाड़ियों से बिछड़ना कैसा लगता है, यह पूछने पर रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों का आना जाना खेल का हिस्सा है और वह अधिकांश के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि हमने साथ में इतना खेला है कि जब ये जाते हैं तो उनकी कमी खलती है। हम हमेशा दोस्त हैं। हम दौरों पर साथ नहीं होंगे लेकिन मिलते रहेंगे। रोहित ने अश्विन के लिये मीडिया में उज्जवल भविष्य का संकेत देते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि अजिंक्य मुंबई में रहता है तो मैं उससे मिलता रहता हूं। पुजारा राजकोट में छिपा रहता है तो इतना मिलना नहीं हो पाता। अश्विन भी आपके साथ होगा तो मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि रहाणे ने संन्यास नहीं लिया है ( तुम मरवाओगे यार )। ऐसे सवाल पूछकर मुझे मुश्किल में डाल देते हो। पुजारा ने भी संन्यास नहीं लिया है। वो दोनों वापसी कर सकते हैं। तीसरे टेस्ट में फॉलोआन टालने पर भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न की आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों और मीडिया ने आलोचना की है लेकिन रोहित ने कहा कि उस समय जश्न में कोई बुराई नहीं थी। उन्होंने कहा कि इससे फर्क नहीं पड़ता। मैं इतनी बार यहां खेल चुका हूं कि दिमागी जंग को समझता हूं। मेरी निजी राय यह है कि उस समय हम खेल में पीछे थे और फॉलोआन टालना हमारे लिये बड़ी बात थी। इसकी खुशी मनाने में कोई बुराई नहीं है।

# अपनी गलतियों से सबक लेकर वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक टी20 में उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी



नवी मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के आक्रामक खेल का जवाब देने के लिये बृहस्पतिवार को निर्णायक तीसरे टी20 मैच में अपनी गलतियों से सबक लेकर उतरेगी जबकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर का खेलना अभी तय नहीं है। भारत ने पहले मैच में 49 रन से जीत दर्ज की लेकिन वेस्टइंडीज ने दूसरे मैच में उसे नौ विकेट से हराकर श्रृंखला में बराबरी की। वेस्टइंडीज ने 26 गेंद और नौ विकेट बाकी रहते जीत हासिल की और अपनी पारी में 27 चौके तथा दो छक्के लगाये। भारत का कोई भी गेंदबाज कैरेबियाई बल्लेबाजों को चुनौती नहीं दे सका और ओस ने काम और मुश्किल कर दिया। वेस्टइंडीज ने हालात का पूरा फायदा उठाते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। एक दिन में हालात में बहुत बदलाव नहीं होने वाला लेकिन भारत को अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार जरूर करना होगा। हरमनप्रीत पहले मैच में फील्डिंग के लिये नहीं आई और घुटने में चोट के कारण दूसरा मैच नहीं खेल सकी। पिछले तीन टी20 मैचों में दो अर्धशतक जमाने वाली हरमनप्रीत अगर नहीं खेलती है तो भारत को उनके अनुभव की कमी खलेगी। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने श्रृंखला में दूसरा अर्धशतक लगाकर भारत को अच्छा स्कोर देने की कोशिश की लेकिन बाकी बल्लेबाजों से उन्हें सहयोग नहीं मिल सका। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने काफी अनुशासित प्रदर्शन किया और बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। स्मृति और रिचा घोष (32) को छोड़कर कोई भारतीय बल्लेबाज डटकर नहीं खेल सकी। हरमनप्रीत की गैर मौजूदगी में जेमिमा रौड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी जबकि चौथे नंबर पर राघवी बिष्ट ने दूसरे मैच में पदार्पण किया। भारत को वेस्टइंडीज की अनुभवी डिएंड्रा डोटिन से भी सावधान रहना होगा जो अच्छे फॉर्म में हैं। इनके अलावा हेली मैथ्यूज और कियाना जोसेफ के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा।

# भारतीय अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी




ब्रिसबेन। भारतीय अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के समापन के बाद तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

ब्रिसबेन टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अश्विन ने कहा, ''यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रारूपों में भारतीय क्रिकेटर के रूप में मेरा आखिरी साल होगा। मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर के रूप में मुझमें अभी भी कुछ दमखम बाकी है, लेकिन मैं इसे व्यक्त करना चाहता हूं, क्लब स्तर के क्रिकेट में इसका प्रदर्शन करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने खूब मौज-मस्ती की। मैंने रोहित शर्मा और अपने कई साथियों के साथ बहुत सारी यादें बनाई हैं, भले ही हमने पिछले कुछ सालों में उनमें से कुछ को रिटायरमेंट के कारण खो दिया हो। हम ओ.जी. के आखिरी समूह हैं, हम ऐसा कह सकते हैं। मैं इसे इस स्तर पर खेलने की अपनी तारीख के रूप में चिह्नित करूंगा। जाहिर है कि बहुत से लोगों को धन्यवाद देना है, लेकिन अगर मैं बीसीसीआई और साथी टीम के साथियों को धन्यवाद नहीं देता तो मैं अपने कर्तव्यों में विफल हो जाऊंगा। अश्विन ने 106 टेस्ट में 24 की औसत से 537 विकेट लेकर भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना टेस्ट करियर समाप्त किया, जो केवल अनिल कुंबले से पीछे है, जिन्होंने 132 टेस्ट में 619 विकेट लिए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में चल रही सीरीज़ के पहले तीन टेस्ट में से सिर्फ़ एक खेला, एडिलेड में दिन-रात के मुक़ाबले में उन्होंने 53 रन देकर 1 विकेट लिया। पिछली सीरीज़ में, न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ घरेलू मैदान पर 3-0 की हार में, अश्विन ने 41.22 की औसत से सिर्फ़ नौ विकेट लिए थे। भारत के विदेशी मुक़ाबलों में नियमित रूप से में शामिल न होने और उनकी अगली टेस्ट सीरीज़ इंग्लैंड के विदेशी दौरे पर होने के कारण, भारत के अगले घरेलू सीज़न तक अश्विन 39 साल के हो जाएँगे। अपने विकेटों के अलावा, अश्विन ने छह शतकों और 14 अर्द्धशतकों के साथ 3503 टेस्ट रन भी बनाए, जिसमें छह शतक और 14 अर्द्धशतक शामिल हैं। वह एक ही टेस्ट में सबसे अधिक बार (4) शतक और पांच विकेट लेने का भारतीय रिकॉर्ड रखते हैं, जो केवल इयान बॉथम (5) से पीछे है। वह 3000 से ज़्यादा रन और 300 विकेट लेने वाले 11 ऑलराउंडरों में से एक बन गए। उन्होंने मुथैया मुरलीधरन के बराबर रिकॉर्ड 11 प्लेयर-ऑफ़-द-सीरीज़ पुरस्कार भी जीते। अश्विन ने भारत के लिए 116 वनडे और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने क्रमशः 156 और 72 विकेट लिए, इसके अलावा वनडे में एक अर्धशतक सहित उन्होंने 707 रन बनाए हैं, जिसमें 65 उनका सर्वाधिक स्कोर है। वहीं, टी-20 में उन्होंने 184 रन बनाए हैं। लेकिन यह लाल गेंद का प्रारूप था, जिसमें वह भारत के सबसे महान मैच विजेताओं में से एक बनकर उभरे।

# आधिकारिक तौर पर न्यूजीलैंड के पूर्णकालिक सफ़ेद गेंद कप्तान बने मिशेल सेंटनर

एजेंसी

वेलिंगटन। मिशेल सेंटनर को आधिकारिक तौर पर न्यूजीलैंड की व्हाइट-बॉल टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया है। वह केन विलियमसन की जगह पूर्णकालिक पदभार संभालेंगे, जिन्होंने यूएसए और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप से ब्लैक कैप्स के जल्दी बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बुधवार को उक्त घोषणा की। सेंटनर, जो दो व्हाइट-बॉल प्रारूपों में 100 से अधिक बार देश का प्रतिनिधित्व करने वाले केवल चार खिलाड़ियों में से एक हैं, पहले ही 24 टी20आई और 4 वनडे मैचों में टीम का नेतृत्व कर चुके हैं, जिसमें पिछले महीने श्रीलंका में टीम का आखिरी असाइनमेंट भी शामिल है। पूर्णकालिक कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल दिसंबर के अंत और जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ टी20आई और वनडे सीरीज से शुरू होगा। इन दो सीरीज से न्यूजीलैंड के लिए सफ़ेद गेंद वाले क्रिकेट का एक बड़ा दौर शुरू होगा, जिसमें फरवरी में पाकिस्तान में एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज, उसके बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और घरेलू समर के समापन के लिए पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20आई और वनडे सीरीज शामिल है। सेंटनर ने एनजेडसी के हवाले से कहा, यह स्पष्ट रूप से एक बड़ा सम्मान और विशेषाधिकार है जब आप छोटे बच्चे होते हैं तो हमेशा न्यूजीलैंड के लिए खेलने का सपना होता है, लेकिन दो प्रारूपों में आधिकारिक तौर पर अपने देश का नेतृत्व करने का अवसर मिलना विशेष है। यह एक नई चुनौती है और मैं सफ़ेद गेंद क्रिकेट के महत्वपूर्ण दौर में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं जो हमारे सामने है। जाहिर है कि हमारे कुछ अनुभवी खिलाड़ी अपने करियर के अंतिम चरण में हैं और उनके पास थोड़ा बदलाव है। मुझे लगता है कि समूह के बाकी खिलाड़ियों और युवा खिलाड़ियों के लिए यह रोमांचक है कि वे अब चुनौती स्वीकार करें और इस टीम को और सफलता की ओर ले जाएं।

# भारत को भविष्य में ईयू के कॉर्बन कर, एकतरफा शुल्क उपायों के लिए तैयार रहने की जरूरत : डीजीएफटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा है कि भारत को भविष्य में यूरोपीय संघ के कार्बन कर जैसी गैर-शुल्क और एकतरफा शुल्क संबंधी बाधाओं से निपटने के लिए खुद को तैयार करना होगा। सारंगी ने कहा कि अमेरिका तथा यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे देश ऐसे उपायों के जरिये अपने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, '' अमेरिका मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम और चिप अधिनियम के जरिये अपने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। वहीं यूरोपीय संघ सीबीएएम (कार्बन सीमा समायोजन तंत्र) के जरिये ऐसा करने की कोशिश कर रहा है३ वनों की कटाई का विनियमन विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से आने वाले सामान पर गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का एक और तरीका है। सारंगी ने कहा, '' इसलिए गैर-शुल्क उपायों के साथ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की प्रतिबद्धताओं का स्पष्ट उल्लंघन करने वाले संभावित शुल्क एक ऐसा संयोजन है, जिससे निपटने के लिए भारत को भविष्य में तैयार रहना होगा। विदेश व्यापार महानिदेशक ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सम्मेलन में यह बात कही। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्च शुल्क लगाने की धमकी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस पर स्थिति के अनुरूप काम करना होगा। डीजीएफटी ने कहा कि ट्रंप जो एक या दो वाक्य कह रहे हैं, उसे समझना ''बेहद कठिन'' है। उन्होंने कहा कि लेकिन उन्होंने जो कहा, उससे मैंने यह समझा है कि उनका मुख्य आशय यह है कि भविष्य में पारिस्परिक उपाय मायने रखेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे उपाय विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन होंगे, लेकिन पिछले ट्रंप प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर कुछ उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाया था। सारंगी ने कहा कि इसलिए हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां हमारे शुल्क अधिक हैं, लेकिन हम जरूरी नहीं, कि अमेरिका को निर्यात करें। उन्होंने कहा कि मिसाल के तौर पर कृषि क्षेत्र में भारत के शुल्क बहुत अधिक हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि वह अमेरिकी बाजार में निर्यात करें।

## एमएसएमई निर्यातकों के लिए ऊंची ब्याज दरें एक बड़ी बाधा: डीजीएफटी

**नयी दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि ऊंची ब्याज दरें निर्यातक समुदाय के लिए एक बड़ी बाधा हैं और वाणिज्य मंत्रालय इस मोर्चे पर उनकी मदद के लिए वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। सारंगी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय को वित्त मंत्रालय को ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) की प्रासंगिकता तथा विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में उसके योगदान को समझाने में 'कठिनाई' आ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई अध्ययन हैं जिनसे पता चलता है कि वित्तीय संस्थानों द्वारा बहुत ज्यादा गारंटी मांगी जाती है, जिसकी वजह से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए संस्थागत वित्त तक पहुंच में दिक्कत आती है और यह उन्हें निर्यात बाजार में आने से रोकती है। सारंगी ने कहा, '' इसलिए हम एमएसएमई के लिए बिना किसी गारंटी या सब्सिडी वाली व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वित्त मंत्रालय के साथ काम कर रहे हैं। विदेश व्यापार महानिदेशक ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत में अपने समकक्ष देशों की तुलना में ब्याज दरें ऊंची हैं। भारत में रेपो दर 6.5 प्रतिशत है, जबकि कई दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में यह 2.5 से 3.5 प्रतिशत के बीच है। उन्होंने कहा, '' इसलिए यह हमारे निर्यातकों, खासकर एमएसएमई के लिए निर्यात के मामले में प्रतिस्पर्धी बनने की राह में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि आईईएस '' हमारे निर्यातकों के सामने आने वाली'' बेहद ऊंची ब्याज दरों के प्रभाव को आंशिक रूप से बेअसर करने में सक्षम है। फिलहाल यह योजना 31 दिसंबर तक लागू है। सारंगी ने कहा, '' हमें उम्मीद है कि वित्त मंत्रालय के साथ हमारी बातचीत उन्हें यह समझाने में सफल होगी कि यह वास्तव में एमएसएमई के लिए एक बड़ा हस्तक्षेप है। इससे उन्हें न केवल बाजार में बने रहने में मदद मिलेगी, बल्कि यह सुनिश्चित होगा कि वैश्विक बाजार के साथ उनका एकीकरण कहीं बेहतर तथा मजबूत होगा।


# वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 31 दिसंबर तक संशोधित आईटीआर करें दाखिल

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) और वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में अंतर के बारे में जानकारी देने के लिए एक विशेष अभियान चला रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 है। आयकर विभाग ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं से कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आपके एआईएस और आईटीआर में दर्ज आय के बीच बेमेल के लिए कृपया अपने वार्षिक सूचना विवरण की समीक्षा करें। विभाग ने करदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि कृपया ध्यान दें। 31 दिसंबर, 2024 तक संशोधित या विलंबित आईटीआर दाखिल करें और इस अवसर को न चूकें ! उल्लेखनीय है कि आयकर रिटर्न (आईटीआर) और वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में अंतर के बारे में सूचित करने के लिए एक अभियान चला रहा है।

# मोबिक्विक समेत पांच कंपनियों की स्टॉक मार्केट में एंट्री, चार कंपनियों ने कराया मुनाफा, एक के निवेशक निराश

एजेंसी

नई दिल्ली। मोबिक्विक, विशाल मेगा मार्ट, साई लाइफ साइंसेज समेत पांच कंपनियों के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग के जरिए एंट्री हुई। इन पांच कंपनियों में से मोबिक्विक, साई लाइफ साइंसेज, विशाल मेगा मार्ट और पर्पल यूनाइटेड सेल्स के शेयरों ने अपने आईपीओ निवेशकों को बढ़िया मुनाफा कराया, वहीं सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट के शेयरों की कमजोरी लिस्टिंग से इस कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही नुकसान का सामना करना पड़ा। मोबिक्विक के शेयरों ने आज शेयर बाजार में शानदार एंट्री की। आईपीओ के तहत मोबिक्विक के शेयर 279 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज स्टॉक मार्केट में कंपनी के शेयर 440 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। इस तरह आईपीओ निवेशकों को लिस्टिंग के साथ ही करीब 58 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस शेयर में तेजी आ गई। सुबह 11 बजे मोबिक्विक के शेयर 525 रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचकर कारोबार कर रहे थे। इसी तरह देश की सबसे बड़े इंटीग्रेटेड कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग आर्गेनाइजेशन्स में शामिल साई लाइफ साइंसेज के शेयरों की भी आज घरेलू शेयर बाजार में जोरदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 549 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी 660 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 650 रुपये के भाव पर लिस्टिंग हुई। इस तरह लिस्टिंग के साथ ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 20 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर में और तेजी आई। दोपहर 11 बजे कंपनी के शेयर 697.90 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक 27.12 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। आज ही देश के कई राज्यों में फैले हाइपरमार्केट चेन विशाल मेगा मार्ट के शेयरों की स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री हुई। आईपीओ के तहत विशाल मेगा मार्ट के शेयर 78 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी 110 रुपये के भाव पर और एनएसई पर 104 रुपये के भाव पर लिस्टिंग हुई। इस तरह आईपीओ निवेशकों को करीब 34 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिला। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर 111.19 रुपये के स्तर तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसमें मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। सुबह 11 बजे विशाल मेगा मार्ट के शेयर 108.22 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इसी तरह पर्पल यूनाइटेड सेल्स के शेयरों की भी आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर धांसू एंट्री हुई। कंपनी के शेयर 126 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज इन शेयरों की लिस्टिंग 199 रुपये के भाव पर हुई। इस तरह आईपीओ निवेशकों को लिस्टिंग के साथ ही 58 प्रतिशत का मुनाफा मिल गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर में और तेजी आई। थोड़ी ही देर में ये शेयर 208.95 के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। आज ही हाउसकीपिंग और क्लीनिंग, डिसइंफ़ेक्टिंग एंड सैनिटाइजिंग जैसी सर्विस देने वाली कंपनी सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट के शेयर भी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए। हालांकि कंपनी के शेयरों ने लिस्टिंग के साथ ही निवेशकों को करारा झटका दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 76 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज इन शेयरों की लिस्टिंग 1 रुपये के नुकसान के साथ 75 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह लिस्टिंग के साथ ही आईपीओ निवेशकों को 1.32 प्रतिशत का नुकसान हो गया। लिस्टिंग के बाद भी निवेशकों को झटके का सामना करना पड़ा, क्योंकि थोड़ी ही देर बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये शेयर टूट कर 71.25 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। इस तरह आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 6.25 प्रतिशत के नुकसान का सामना करना पड़ा है।



# आईएनएस निर्देशक नौसेना के बेड़े में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। सर्वेक्षण पोत परियोजना के दूसरे पोत 'आईएनएस निर्देशक' को बुधवार को विशाखापत्तनम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में नौसेना में शामिल किया गया।

नौसेना के अनुसार नौसेना की पूर्वी कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कोलकाता में निर्माणाधीन सर्वेक्षण पोत परियोजना के चार जहाजों में से दूसरे को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने के लिए कमीशनिंग समारोह की मेजबानी की। इस पोत को हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने, नेविगेशन में सहायता करने और समुद्री संचालन का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

रक्षा राज्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अत्यधिक विशिष्ट जहाज - सर्वेक्षण पोत महासागरों का नक्शा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ये परिष्कृत प्लेटफॉर्म हैं जो समुद्री डेटा के अधिक सटीक मिलान, इसके सटीक प्रसंस्करण और परिणामस्वरूप, अत्यधिक विश्वसनीय चार्ट की अनुमति देते हैं जो समुद्री संचालन और सुरक्षा को बढ़ाते हैं।



उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण जहाज एक विश्वसनीय समुद्री कूटनीति उपकरण के रूप में भी काम करते हैं। उन्होंने कहा , ल्लजब हमारे सर्वेक्षण जहाज किसी मित्र देश के समर्थन में मिशन पर जाते हैं, तो वे भारत के विश्वास को दर्शाते हैं । ङ्क इससे हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने और लंबी अवधि में व्यापार के अवसरों को खोलने और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नए सर्वेक्षण जहाज हमें और भी शक्तिशाली बनाएंगे, क्योंकि विदेशी बेड़े हाइड्रोग्राफ़िक सहयोग के लिए भारतीय नौसेना की ओर देख रहे हैं।

अस्सी प्रतिशत से ज़्यादा स्वदेशी सामग्री से निर्मित इस पोत में मल्टी बीम इको साउंडर्स, साइड स्कैन सोनार, ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल , रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल आदि जैसे उन्नत हाइड्रोग्राफ़िक सिस्टम लगे हैं। ये गहरे समुद्र में सुरक्षित नेविगेशन और योजना के लिए सटीक मैपिंग को सक्षम करते हैं। यह पोत हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा और पर्यावरणीय संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा तथा क्षेत्रीय सहयोग, वैज्ञानिक अन्वेषण और शांति अभियानों में भारत के नेतृत्व को मजबूत करेगा। यह पोत मित्र देशों के साथ साझा समुद्री डेटा को बढ़ावा देकर सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) पहल को मजबूत करेगा।

# अमित शाह के खिलाफ विपक्ष का संसद भवन में प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडिया समूह के नेताओं ने संसद भवन परिसर में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि श्री शाह ने राज्यसभा में मंगलवार को संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए बाबा साहब का अपमान किया और विपक्षी दल इस अपमान को स्वीकार नहीं करेंगे। विपक्षी नेताओं ने कहा कि इसके लिए श्री शाह माफी मांगे।

विपक्षी दलों के इस विरोध-प्रदर्शन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ ही कई दलों के प्रमुख नेता मौजूद थे। प्रदर्शन कर रहे नेता बाबा साहब की तस्वीर हाथ में लेकर भीमराव अंबेडकर की जय और मोदी सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे।



कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मानसिकता का परिचय दिया है और बाबा साहब का संसद में अपमान किया है।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोथिया ने कहा, ल्लअमित शाह जी ने संसद में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के लिए अपमानजनक बयान दिया। इससे आरएसएस - भाजपा की मनुवादी सोच उजागर होती है। बाबा साहब के संविधान में दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को बराबरी का हक मिला है।

# सुप्रीम कोर्ट के समक्ष 128 पृष्ठों की सारांश वाली याचिका, आश्चर्यचकित हुए न्यायाधीश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वैवाहिक विवाद के एक मामले में एक महिला की ओर से दायर याचिका का 128 पृष्ठों का सारांश देख आश्चर्य व्यक्त किया? और अपीलकर्ता अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद तथ्यों के आधार पर उनकी अपील खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने भरण-पोषण याचिका को निचली अदालत में वापस भेजने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली महिला की याचिका पर सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया है कि वे इस बात पर ध्यान दें कि उनके (शीर्ष अदालत की पीठ के) समक्ष याचिकाएं उचित प्रारूप में दाखिल हों। पीठ ने 17 दिसंबर को अपने इस आदेश में कहा, व्यक्तिगत रूप से पेश हुईं अपीलकर्ता ने 128 पृष्ठों का एक सारांश दाखिल किया है, जिसमें बहुत सारे विवरण हैं। इसमें अधिकांश हमारे उद्देश्यों के लिए प्रासंगिक नहीं हैं। हम समझते हैं कि अपीलकर्ता एक प्रशिक्षित वकील नहीं है, लेकिन रजिस्ट्री को अपीलकर्ता से सारांश को छोटा करने के लिए कहना चाहिए। सारांश 128 पृष्ठों का नहीं हो सकता! शीर्ष अदालत ने महिला को व्यक्तिगत रूप से सुनने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2019 के आदेश के खिलाफ उसकी याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत रखरखाव के लिए उसकी याचिका को आगरा के परिवार न्यायालय के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश द्वारा योग्यता के आधार पर तय करने के लिए भेजा गया था। पीठ ने वर्तमान मामले में उल्लेख किया कि पिछली कुछ तारीखों पर अपीलकर्ता ने शीर्ष अदालत को मामले के लंबे इतिहास से रूबरू कराया है। अपीलकर्ता की शादी प्रतिवादी से वर्ष 2006 में हुई थी और बाद में वह वर्ष 2016 में क्रूरता के आधार पर तलाक की डिक्री प्राप्त करने में सफल रही। पीठ ने महिला की अपील खारिज करते हुए कहा, ल्लहमें ऐसा कोई कारण नहीं दिखता कि हमें विवादित आदेश में हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए। उक्त आदेश अपीलकर्ता के पक्ष में है। इसके अलावा इसने केवल पारिवारिक न्यायालय आगरा को मामले को नए सिरे से तय करने का निर्देश दिया है, जिसे पहले उसने गैर-अभियोजन के कारण खारिज कर दिया था। अपीलकर्ता ने परिवार न्यायालय, आगरा के समक्ष उपस्थित होने के बजाय सीधे इस न्यायालय के समक्ष उच्च न्यायालय के इस आदेश को चुनौती दी है, जो हमें उचित नहीं लगता।

# विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन जरूरी: बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया है।

श्री बिरला ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित मिशन ''लाइफ - पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के साथ इस चुनौती से निपटने में भारत सबसे आगे है। लोकसभा अध्यक्ष संसद भवन परिसर में भारतीय वन सेवा के 2023-25 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए 'संसदीय पद्धति और प्रक्रिया' विषय पर आयोजित परिबोधन पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस पाठ्यक्रम का आयोजन लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जा रहा है। श्री बिरला ने कहा कि भारतीय वन सेवा पर जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए अभियान चलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है । उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से देश के वन क्षेत्र का विस्तार करने और वन्यजीवों की रक्षा करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने का आग्रह भी किया।



उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति में प्रकृति पूजनीय है। हम पेड़ों की पूजा करते हैं और धरती को अपनी मां मानते हैं। श्री बिरला ने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी रीतियाँ और नीतियाँ प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना पर आधारित हैं । इसी को ध्यान में रखते हुए देश में बड़ी संख्या में वन पार्क बनाए गए हैं और वन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए नीतिगत प्रयास किए गए हैं जिससे इन क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संसद में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण असंतुलन से संबंधित मुद्दों पर नियमित रूप से चर्चा होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आत्मविश्वास, नए विचारों और तकनीक से सम्पन्न युवा अधिकारी इन चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संसद में पारित कानूनों का अध्ययन करने और नई चुनौतियों से निपटने के तरीकों को समझने की सलाह दी। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि वन उत्पादों का उपयोग वैज्ञानिक रीति से किया जाना चाहिए और इनका उचित मूल्य दिया जाना चाहिए। भारतीय वन सेवा के 112 प्रशिक्षु अधिकारी, जिनमें 22 महिला प्रशिक्षु और 90 पुरुष प्रशिक्षु शामिल हैं, इस परिबोधन पाठ्यक्रम में भाग ले रहे हैं। रॉयल भूटान सेवा के दो अधिकारी भी इस पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## मोदी सरकार क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध: किशन रेड्डी

**नयी दिल्ली/हैदराबाद।** केन्द्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने बुधवार को कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। श्री रेड्डी ने राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाताओं से बातचीत में क्षेत्रीय भाषाई विविधता को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश अपनी सांस्कृतिक और भाषाई विविधता में बेजोड़ है। देश भर में 121 भाषाएं बोली जाती हैं। हमारे संविधान ने शुरू में 14 आधिकारिक भाषाओं को मान्यता दी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तहत यह संख्या बढ़कर 21 हो गई है। उन्होंने कहा कि ये भाषाएं भारत की संस्कृति, विरासत और ज्ञान का भंडार हैं। श्री रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार की ऐतिहासिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) विद्यार्थियों को दो क्षेत्रीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करती है और मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा, ल्लयह क्रांतिकारी निर्णय शिक्षा प्रणाली को सरल बनाता है और अपनी मूल भाषा में सीखने के माध्यम से विकास को बढ़ावा देता है। भाजपा नेता ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम जैसे प्रयासों का जिक्र किया, जो काशी-तमिल संगम, काशी-तेलुगु संगम और काशी-सौराष्ट्र संगम जैसी पहलों के माध्यम से सांस्कृतिक तथा भाषाई आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है।

## कृषि क्षेत्र में भविष्य को आकार दे रही महिलायें सम्मानित

**नयी दिल्ली।** पेप्सिको इंडिया ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए कृषि क्षेत्र में भविष्य का आकार दे रही महिलाओं को रेवोल्यूशनारी पुरस्कार से सम्मानित किया है। भारत भर से दस महिला किसान सम्मानित की गईं, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व और प्रेरणा देने वाले उदाहरण प्रस्तुत किए। इन महिलाओं का चयन पूरे देश से प्राप्त नामांकनों के मूल्यांकन के बाद किया गया था। इस मूल्यांकन के लिए एक बाहरी जूरी का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद ने किया। जूरी ने पांच श्रेणियों में नामांकनों की समीक्षा की और विजेताओं का चयन किया गया।

# पेज एक का शेष

## उत्तराखंड में जनवरी...

ने कहा कि जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत यूसीसी लागू करने के लिए एक पोर्टल तथा मोबाइल एप भी तैयार किया गया है। ताकि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का यूसीसी कानून, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की मूल भावना पर चलते हुए, समाज को नई दिशा देगा। यह कानून विशेषकर, देवभूमि की महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के नए द्वार खोलेगा।

## गगन गिल को ...

पॉल कोर, संताली में 'सेचड सावंता रेन अंधा मनमी' (नाटक) के लेखक महेश्वर सोरेन, सिंधी में 'पूर्जो' (कहानी) के लेखक हूंदराज बलवाणी, तमिल में 'तिरुनेलवेली एजुकियम वा. वू. सी. यम 1908' (शोध) के लेखक ए. आर. वेंकटचलपति, तेलुगू में 'दीपिका' (साहित्यिक आलोचना) के लेखक पेनुमोंडा लक्ष्मीनारायण को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। बंगला, डोगरी एवं उर्दू में पुरस्कारों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों का अर्पण करने के लिए मार्च 2025 में राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, एक शॉल और एक लाख रुपए प्रदान किये जाएंगे। ये पुरस्कार पिछले पांच वर्ष में प्रकाशित पुस्तकों पर दिये जाते हैं। श्री राव ने बताया कि विजेताओं का चयन संबंधित भाषाओं के निर्णायक मंडल ने किया है और साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में आज कार्यकारी मंडल की बैठक में इन्हें अनुमोदित किया गया।

## माफी मांगे अमित ...

और जहां भी उनका दोस्त गलत होता है श्री मोदी उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति का संविधान मानते हैं इसलिए उनकी विचारधारा ने तिरंगा झंडे का तिरस्कार किया, नेहरू, महात्मा गांधी आदि के चित्र जलाएं हैं। उनके लिए यह स्वाभिमान की बात है इसलिए श्री शाह को कुछ नहीं कहा गया है। मनुस्मृति में महिलाओं के लिए कोई जगह नहीं है लेकिन श्री मोदी अपने गृहमंत्री की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के मन में यदि बाबा साहब के लिए कोई सम्मान है तो तत्काल अमित शाह माफी मांगे और यदि वह ऐसा नहीं करते तो श्री शाह को तत्काल बर्खाशत किया जाना चाहिए। तभी देश के लोग शांत रहेंगे वरना हर जगह सरकार के खिलाफ प्रदर्शन होंगे। बाबा साहब के लिए लोग जान देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा अगर मोदी जी श्री शाह को बाहर नहीं करते हैं तो फिर तय है कि आप बाबा साहब के गुणगान कर उनको लेकर सिर्फ नाटक ही कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्री अम्बेडकर समानता चाहते थे लेकिन श्री शाह और श्री मोदी उसी मनुस्मृति की तारीफ कर रहे हैं जिसमें महिलाओं के लिए कोई जगह नहीं है। इस मनुस्मृति में महिलाओं, दलितों, आदिवासियों के लिए कोई सम्मान ही नहीं है। श्री शाह को देश के लोगों से माफी मांगे अन्यथा श्री मोदी उन्हें तुरंत बर्खास्त करें।

## खड़गे जी को आत्मनिरीक्षण...

सच्चाई जान गयी है और जनता उनकी बातों को अब मानती नहीं है। श्री शाह ने कहा, मैं मीडिया से भी अनुरोध करना चाहता हूं कि वह मेरा पूरा बयान जनता के सामने रखें और नीर क्षीर करने में मदद करें। मैं उस पार्टी से हूं जो अंबेडकर जी का कभी अपमान नहीं कर सकती। पहले जनसंघ और फिर भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर चलने का प्रयास किया है। जब भी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही, हमने अंबेडकर जी के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया है। भारतीय जनता पार्टी ने आरक्षण को मजबूत करने का काम किया है। हम कंग्रेस के इस कुत्सित प्रयास की घोर निंदा करते हैं। श्री खड़गे द्वारा श्री शाह का इस्तीफा मांगे जाने के बारे में उन्होंने कहा, ल्लखड़गे जी, मेरा इस्तीफा मांग रहे हैं। मैं इस्तीफा दे भी दूं तो उससे कुछ नहीं होगा। आपको वहां (विपक्ष में) अभी 15 साल और बैठना है। मेरा इस्तीफा लेने से भी आपकी दाल नहीं गलने वाली नहीं है। उन्होंने संसद में संविधान लहराने वाले कंग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, लहराने वाला संविधान खोखला है। जनता के सामने एक झूठ बार बार नहीं चलता है। हम जानते हैं कि देश के संविधान को समावेशी बनाने में, दलितों, आदिवासियों, वंचितों, गरीबों को न्याय दिलाने में और देश में लोकतंत्र की नींव को गहरा करने में बाबा साहेब का बहुत बड़ा योगदान है। पूरा देश बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। इससे पहले श्री शाह ने अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि विगत सप्ताह में संसद में लोकसभा और राज्यसभा में संविधान को स्वीकार किए हुए 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निर्माताओं के योगदान और संविधान में प्रस्थापित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन हुआ। इस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव यात्रा, विकास यात्रा और उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी। उन्होंने कहा कि ये तो स्वाभाविक है कि जब लोकसभा और राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष होते हैं, तो हर मुद्दे पर लोगों का, दलों का और वक्ताओं का नजरिया अलग-अलग होता है। मगर संसद जैसे देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच में जब चर्चा होती है, तब इसमें एक बात आम होती है कि बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ल्लकल से कंग्रेस ने जिस तरह से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर रखने का प्रयास किया है, ये अत्यंत निंदनीय है और मैं इसकी निंदा करना चाहता हूं। ये इसलिए हुआ क्योंकि भाजपा के वक्ताओं ने संविधान पर, संविधान की रचना के मूल्यों पर और जब-जब कंग्रेस या भाजपा का शासन रहा, तब शासन ने संविधान के मूल्यों का किस तरह से मूल्यांकन, संरक्षण और संवर्धन किया, इस पर तथ्यों और अनेक उदाहरण के साथ भाजपा के वक्ताओं ने विषय रखे। उन्होंने कहा कि संसदीय चर्चा के दौरान यह प्रदर्शित हुआ कि कंग्रेस डॉ. भीमराव अंबेडकर के विरोध में थी। उनके निधन के बाद कंग्रेस ने उन्हें हाशिये पर डालने का प्रयास किया। जब संविधान समिति ने अपना काम पूरा कर लिया और 1951-52 और 1955 में चुनाव हुए, तो कंग्रेस ने उन्हें चुनाव में हराने के लिए विशेषतौर पर कई उपाय किए। गृह मंत्री ने कहा कि जब तक कंग्रेस सत्ता में रही बाबा साहेब अंबेडकर का कोई स्मारक नहीं बना। जहां-जहां विपक्ष की सरकारें आती गईं, स्मारक बनते गए। भाजपा की सरकारों ने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने बाबा साहेब के जीवन से संबंधित पंचतीर्थ का विकास किया, मध्य प्रदेश में महू, लंदन में बाब साहेब के स्मारक, नागपुर में दीक्षाभूमि, दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक और महाराष्ट्र के मुंबई में चैत्यभूमि का विकास करने का काम भाजपा की सरकारों ने किया। उन्होंने कहा कि जहां तक भारत रत्न देने का सवाल है, कंग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद ही अपने आप को भारत रत्न दिए हैं। 1955 में नेहरू जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया, 1971 में इंदिरा जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया। लेकिन बाबा साहेब को भारत रत्न 1990 में तब मिला जब कंग्रेस सत्ता में नहीं थी और भाजपा के समर्थन वाली सरकार थी। 1990 तक कंग्रेस बाबा साहेब को भारत रत्न न मिले, इसके लिए प्रयास करती रही। यहां तक कि बाबा साहेब की 100वीं जयंती को मनाने की मनाही कर दी गई। श्री शाह ने कहा कि कल से कंग्रेस ने फिर एक बार अपनी पुरानी पद्धति को अपनाकर, बातों को तोड़-मरोड़कर और सत्य को असत्य के कपड़े पहनाकर समाज में भ्रांति फैलाने का एक कुत्सित प्रयास किया है। संसद में चर्चा के दौरान ये सिद्ध हो गया कि बाबा साहेब अंबेडकर का कंग्रेस ने किस तरह से पुरजोर विरोध किया था। बाबा साहेब के न रहने के बाद भी किस प्रकार से कंग्रेस ने उन्हें हाशिये पर धकेलने का प्रयास किया। गृह मंत्री ने कहा कि इससे तय हो गया कि कंग्रेस अंबेडकर विरोधी, आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी है। कंग्रेस ने सावरकर जी का भी अपमान किया, कंग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान के सारे मूल्यों की धज्जियां उड़ा दी, नारी सम्मान को भी वर्षों तक दरकिनार किया, न्यायपालिका का हमेशा अपमान किया, सेना के शहीदों का अपमान किया और भारत की भूमि तक को संविधान तोड़कर दूसरे देशों को देने की हिमाकत कंग्रेस के शासन में हुई। एक सवाल के जवाब में श्री शाह ने कहा कि संसद के अंदर की गतिविधियों के बारे में बाहर नहीं कहा जा सकता है। भाजपा के विधिक प्रकोष्ठ में इस बात की संभावना देखी जाएगी कि कहीं कोई विधिक कार्यवाही की जा सकती है या नहीं।

## कांग्रेसी नहीं घेर...

मगर पुलिस बलों ने उनके इस प्रयास को विफल कर दिया। आंदोलन को अमादा सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस वाहनों में भरकर इको गार्डन ले गयी। सरकार के रवैये से नाराज प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार के इशारे पर पुलिस ने बलपूर्वक उन्हे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित किया है मगर कंग्रेसी चुप बैठने वाले नहीं है। वह नये सिरे से रणनीत बना कर फिर सड़कों पर उतरेंगे और किसान,युवा,गरीब विरोधी सरकार को हटा कर ही दम लेंगे। उधर गिरफ्तारी देने से पहले कंग्रेस कार्यालय पर मौजूद पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि योगी सरकार लूट, भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था को ध्वस्त है। जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की जा रही है और ये राजनीतिक लोगों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं मैं समझता हूं कि ये सरकार डरी हुई सरकार है। यूपी विधानसभा में 'घेराव' के कंग्रेस के आह्वान पर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि उनके पास कोई काम नहीं है इसलिए यही काम वे दिल्ली में कर रहे हैं और यही काम वो यहां कर रहे हैं। विधानसभा में उनको अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया जाता है लेकिन वे कोई चीज संवाद से हल नहीं करना चाहते हैं बल्कि हल्ला मचाना चाहते हैं। अविनाश पांडे ने कहा कि कायर और डरी हुई योगी सरकार हमें जन सरोकारों के मुद्दों को उठाने से रोक नहीं सकती। सरकार हमे अपने लोकतांत्रिक अधिकार से नहीं रोक सकती है।

## किसानों के...

पीठ ने कहा कि वह सभी हितधारकों को यह समझाने की कोशिश करेगी कि कुछ किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को करेगी। पीठ ने अदालत द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति से 13 दिसंबर को कहा था कि वह प्रदर्शनकारी किसानों से बात करे और उन्हें अपना विरोध अस्थायी रूप से स्थगित करने या पंजाब-हरियाणा सीमा पर राजमार्ग से इसे स्थानांतरित करने के लिए राजी करे। शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसानों को विरोध करने का संवैधानिक अधिकार है, जिसे 'गांधीवादी दर्शन' की तर्ज पर शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सकता है। पीठ ने तब केंद्र और पंजाब सरकार दोनों के प्रतिनिधियों को श्री दल्लेवाल से तत्काल मिलने, चिकित्सा सहायता प्रदान करने और उन्हें हड़ताल समाप्त करने के लिए मनाने का निर्देश दिया था। गौरतलब है कि कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कई महीने से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। शीर्ष अदालत ने गत 02 सितंबर को एक अलग मामले में सुनवाई करते हुए किसानों से बातचीत करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। किसान अपनी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर 13 फरवरी से धरना दे रहे हैं। एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा किसानों ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की मांगें कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने गत 02 दिसंबर को भी कहा था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकता है, लेकिन लोगों को असुविधा न हो।

## कुछ रिटायर्ड जजों ...

शीर्ष अदालत जो भी आदेश देगी, वह सभी उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लागू होगा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ जनवरी की तारीख तय की। पिछले महीने इस मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया था कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 6,000 से 15,000 रुपये के बीच मामूली पेंशन मिल रही है। पीठ उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायाधीश ने कहा था कि उन्हें 15,000 रुपये पेंशन मिल रही है। याचिकाकर्ता, जिला अदालत में 13 साल तक न्यायिक अधिकारी के रूप में सेवा देने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों ने पेंशन की गणना करते समय उनकी न्यायिक सेवा पर विचार करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा था, 'हमारे सामने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं, जिन्हें 6,000 रुपये और 15,000 रुपये पेंशन मिल रही है, जो चौंकाने वाला है। ऐसा कैसे हो सकता है? मार्च में एक अलग याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कहा था कि उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के पेंशन लाभ की गणना में इस आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता कि वे बार या जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा था कि जिला अदालत से पदोन्नत हुए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के पेंशन लाभों की गणना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उनके अंतिम वेतन के आधार पर की जानी चाहिए।

# मसूरीः शीतकालीन पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए विश्व फलक पर शुमार है पहाड़ों की रानी मूसरी
- विन्टरलाइन कार्निवाल, क्रिसमस और नववर्ष पर पर्यटकों को रिझाएगा मसूरी, उठाएंगे लुत्फ



देहरादून। प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए विश्व फलक पर शुमार पहाड़ों की रानी मूसरी अब पर्यटन का ग्लोबल डेस्टिनेशन बनेगा। उत्तराखंड का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मसूरी शीतकालीन पर्यटन को नए स्तर पर लेकर जाने की तैयारी में है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाओं और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजनाएं बनाई हैं। शीतकालीन सीजन के दौरान मसूरी को एक वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। यातायात जाम से राहत, पार्किंग सुविधाओं का विस्तार, शटल सेवाओं की व्यवस्था और स्थानीय व्यापारियों के साथ समन्वय की योजनाओं से मसूरी को और भी आकर्षक और सुलभ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने आगामी विन्टरलाइन कार्निवाल, क्रिसमस और नववर्ष के दौरान पर्यटकों की भारी आमद को देखते हुए यातायात और सुविधाओं की व्यवस्था पर गहन चर्चा की। इस संबंध में उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को सुगम और सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए कई प्रभावी योजनाओं पर जोर दिया गया। मसूरी में ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहतशीतकालीन पर्यटन के दौरान यातायात जाम मसूरी में एक प्रमुख समस्या बन जाता है। इस समस्या को हल करने के लिए जिलाधिकारी ने कुठालगेट के पास अस्थायी पार्किंग स्थल विकसित करने के निर्देश दिए। यह पार्किंग स्थल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिसमें कैफ़ेटेरिया, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सेवाएं उपलब्ध होंगी। पार्किंग से पर्यटकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए शटल सेवाएं और गोल्फ कार्ट जैसी सुविधाओं का भी प्रस्ताव रखा गया है। स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वयजिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस योजना को सफल बनाने के लिए स्थानीय व्यापारियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स से बातचीत की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना को लागू करने से पहले स्थानीय निवासियों और व्यापारियों की राय और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था ऐसी बनाई जाए कि न तो 'ब्रांड मसूरी' की छवि खराब हो और न ही पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े। सूचना प्रसार में होगा रेडियो का उपयोगपर्यटकों को यात्रा के दौरान किसी भी असुविधा से बचाने के लिए रेडियो जिंगल्स के माध्यम से महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रसारित की जाएंगी। इसके अलावा यातायात पुलिस को नियमित रूप से जाम की स्थिति और यातायात प्लान के अपडेट जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पर्यटक अपनी यात्रा को बेहतर तरीके से प्लान कर सकें। पर्यटन को बढ़ावा देने की पहलजिलाधिकारी ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन मसूरी की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसके लिए सुव्यवस्थित यातायात और सुविधाओं का होना आवश्यक है। परिवहन विभाग को निर्देश दिए गए कि वे पार्किंग स्थलों से पर्यटकों को शटल सेवा उपलब्ध कराने की योजना तैयार करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विन्टरलाइन कार्निवाल और अन्य कार्यक्रमों के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। सुरक्षित और व्यवस्थित अनुभव का वादाजिलाधिकारी ने कहा कि आपसी समन्वय और ठोस योजना के साथ मसूरी आने वाले पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को एक सुरक्षित और सुखद अनुभव प्रदान किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मसूरी में यातायात और सुविधाओं की ऐसी व्यवस्था हो, जो पर्यटकों को बार-बार इस खूबसूरत हिल स्टेशन की ओर खींच लाए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी शालिनी नेगी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल और एआरटीओ नवीन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पर्श गंगा दिवस : ऋषिकेश में गंगा की स्वच्छता के प्रति युवाओं का उत्साह, नदियों को बचाने का संकल्प



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

ऋषिकेश। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ ऋषिकेश परिक्षेत्र के अंतर्गत समस्त स्थानीय एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में त्रिवेणी घाट, ऋषिकेश में ''स्पर्श गंगा दिवस'' कार्यक्रम बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. सुनैना रावत, गढ़वाल मंडल के कार्यक्रम समन्वयक पीएस नेगी और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. गौरव वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुनैना रावत ने कहा कि स्पर्श गंगा का उद्देश्य केवल गंगा को स्वच्छ करना नहीं है बल्कि सभी जल स्त्रोतों, नदियों और गाड़-गढ़ेरों को स्वच्छ रखना है, ताकि हम सुरक्षित और शुद्ध जल प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर पीने योग्य जल की मात्रा घटती जा रही है और अगर हमें भविष्य में जल संकट से बचना है तो सभी जल स्त्रोतों की सफाई करना अत्यंत आवश्यक है।गढ़वाल मंडल के कोऑर्डिनेटर पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि ''स्पर्श गंगा दिवस'' की शुरुआत 2009 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने की थी और यह निरंतर गतिमान है। वर्तमान में नमामि गंगे के तहत इसे संचालित किया जा रहा है और ऋषिकेश परिक्षेत्र में इस कार्यक्रम को मनोज कुमार गुप्ता द्वारा विधिवत तरीके से चलाया जा रहा है, जो गर्व की बात है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक दिलेराम रवि ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज को नई दिशा देना है, ताकि देश समृद्ध हो सके। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के स्वयंसेवकों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर गौरव वार्ष्णेय व संचालन नरेन्द्र सिंह रावत तथा मनोज कुमार गुप्ता 'आचार्य मनुश्री' ने किया।कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार गुप्ता 'आचार्य मनुश्री' ने कहा कि स्पर्श गंगा के इस कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय इकाइयों और उनके अधिकारियों का अहम योगदान है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाजसेवी अमरीश गर्ग, डॉ. धीरेन्द्र रांगड, डॉ. रितेश जोशी, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी विजय पाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल खादी ग्रामोद्योग मेला, पशुपालन से लेकर नशा मुक्ति तक गूंज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोपेश्वर। चमोली जिले के पोखरी में सात दिवसीय हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल खादी ग्रामोद्योग मेले के चौथे दिन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शिरकत की। इस दौरान विधायक लखपत बुटोला ने उन्हें अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत श्रीगढ़ की महिला मंगल दल और टैगोर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने नन्दा जागर की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधायक लखपत बुटोला ने कहा कि यह मेला पोखरी के लोगों का है और इसमें राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि पहाड़ों में बंदरों द्वारा खेती को समाप्त किए जाने पर कोई ठोस कदम उठाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पोखरी में उपजिलाचिकित्सा की आवश्यकता और राजकीय चिकित्सालयों की स्थिति में सुधार की बात की।कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखंड सरकार पशुपालन के क्षेत्र में कई सकारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने विधायक की ओर से उठाई गई सभी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया और बताया कि सरकार 70 नई गौशालाएं बनाएगी, जिनमें से एक पोखरी में बनकर तैयार हो गई है। इसके अलावा, मंत्री ने युवाओं से नशामुक्त उत्तराखंड बनाने की अपील की। मेले में मेला कमेटी ने पोखरी पशु-चिकित्सक भवन निर्माण और प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर पशु-चिकित्सालय की स्थापना के लिए मांग पत्र कैबिनेट मंत्री को सौंपा।इसके बाद मेले में पूर्व सैनिकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनकी स्वास्थ्य सेवा और पेंशन संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। कर्नल डीएस बर्त्वाल ने बताया कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान सरकार के समक्ष रखा गया है और इस पर लगातार कार्य हो रहा है।कार्यक्रम के अंत में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और विधायक लखपत बुटोला ने पूर्व सैनिकों, राज्य आंदोलनकारियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर कर्नल डीएस बर्त्वाल, कैप्टन रमेश बर्त्वाल, लक्ष्मी प्रसाद पंत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## आंदोलनरत किसान आज पंजाब में 48 स्थानों पर रोकेंगे ट्रेनें

**चंडीगढ़।** हरियाणा-पंजाब की सीमा पर शंभू और खनौरी में आंदोलनरत किसानों ने आज पंजाब में 48 स्थानों पर तीन घंटे तक ट्रेनें रोकने का ऐलान किया है। रेल रोको आंदोलन दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। किसानों की इस घोषणा से पुलिस, रेलवे पुलिस और आरपीएफ की टीमें सतर्क हो गई हैं। रेल रोको आंदोलन पर किसान संगठन एकमत नहीं है। आज के आंदोलन से कई किसान संगठनों ने दूरी बना ली है। किसानों के विरोध के मुख्य केंद्र पंजाब का अमृतसर, जालंधर, होशियारपुर आदि जिले रहेंगे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि रेल रोको आंदोलन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस बीच किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को लेकर आज संयुक्त बैठक बुलाई गई है। इसमें आगामी रणनीति का ऐलान किया जाएगा। पंजाब सरकार ने 19 दिसंबर को चंडीगढ़ में किसान संगठनों की बैठक बुलाई है।

## व्यापार नीति आयोग का गठन करे राज्य सरकार : सुनील सेठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने भविष्य में व्यापारियों के हित के लिए व्यापार नीति आयोग के गठन की मांग उठाई। उन्होंने जल्द व्यापक स्तर पर प्रदेश के व्यापारियों के सहयोग से प्रदेश के व्यापारियों के हित में मुख्यमंत्री से मिल उनके सामने 21 सूत्रीय मांग पत्र रखने की बात की।

सुनील सेठी ने कहा कि भविष्य की योजनाओं नीतियों को देखते हुए व्यापारियों के लिए एक आकस्मिक अतिरिक्त व्यापार बीमा राशि का प्रावधान होना चाहिए, जिससे व्यापार प्रभावित होने पर उसके पारिवारिक पोषण की उसे मदद मिल सके। आकस्मिक घटना पर व्यापारियों के लिए राहत पेकेज की व्यवस्था हो, जिससे वो अपने परिवार का पालन पोषण में असमर्थ न हो। विभिन्न टैक्स देकर सरकार में विशेष योगदान देने वाले व्यापारी के लिए सरकार को विशेष सुविधाएं देनी चाहिए, जिससे वो भी विषम परिस्थितियों में अपना परिवार पाल सके। व्यापारी के लिए पेंशन की सुविधाएं मिले। सरकार को कुछ बेहतर व्यापारियों के लिए योजनाएं लानी चाहिए। वरिष्ट उपाध्यक्ष प्रीत कमल ने कहा कि विशेषकर रानीपुर पर पानी ड्रेनेज समस्या पर सरकार को कार्य करना चाहिए, जिससे बरसात के समय व्यापार प्रभावित न हो सके। महामंत्री नाथीराम सैनी ने कहा कि व्यस्थतम बजारों के पास फ्री पार्किंग की व्यवस्था, व्यापारियों के लिए बाजारों में आने वाले ग्राहकों के लिए सरकार को करनी चाहिए, जिससे अन्वाश्यक चालान से बचकर ग्राहक सुरक्षित वाहन पार्क कर बजारों में खरीदारी कर सके। बैठक के उपरांत एक पत्र भी मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। बैठक में भूदेव शर्मा, सोनू चौधरी, मुकेश अग्रवाल, अनिल कोरी, राकेश सिंह, हरीश अरोड़ा, पवन पांडे, एसके सैनी, रमन सिंह, गौरव गौतम उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटा पंचायती राज विभाग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। पंचायती राज के सचिव चंद्रेश यादव ने बुधवार को कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर हमारी तैयारियां पूर्ण है। इससे पहले नगर निकाय के लिए नगर विकास विभाग तैयारियां तेज कर चुका है। इसी संदर्भ में हमारी चुनाव विभाग के साथ बैठक है। उनकी बैठक के बाद ही इस संदर्भ में और चर्चा की जाएगी। उत्तराखंड में इन दिनों नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। इस बीच पंचायती राज विभाग भी स्त्री स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन को लेकर अपनी तैयारी में जुट गया है। त्रिस्तरीय पंचायत के कार्यकाल भी विगत दो दिसंबर को समाप्त हो चुके हैं। हरिद्वार जिले को छोड़कर प्रदेश के अन्य सभी 12 जिलों में एक साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं जिसके लिए दावेदारों ने अपनी दावेदारी प्रारंभ कर दी है। कांग्रेस ने एक कदम आगे बढ़कर दावेदारों के पत्र भी लेने प्रारंभ कर दिए हैं, जबकि अन्य राजनीतिक दल विशेषकर भाजपा के कार्यकर्ता तेयारी कर रहे हैं। प्रदेश के पंचायती राज सचिव चंद्रेश यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग के साथ पंचायती राज विभाग की बैठक है और इस बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव और अन्य तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि अभी सब का फोकस उत्तराखंड में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर है।

## मंदिर की मर्यादा भंग करना पड़ा भारी! आरोपित मजदूर, ठेकेदार और कंपनी पर केस दर्ज

देहरादून। श्रीभैरवनाथ मंदिर परिसर से जुड़ा एक विवादास्पद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रुद्रप्रयाग जनपद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति, ठेकेदार और कंपनी पर प्राथमिकी (क्क्रट) दर्ज कर ली है।दरअसल, गत 17 दिसंबर को एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें श्रीभैरवनाथ मंदिर परिसर में एक व्यक्ति जूतों सहित घूमते हुए और हाथ में डंडा लेकर मंदिर की मूर्तियों से छेड़छाड़ करते हुए नजर आ रहा है। यह वीडियो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला पाया गया। रुद्रप्रयाग पुलिस ने वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रारंभिक जांच की। जांच में पता चला कि यह वीडियो कुछ समय पुराना है और इसमें दिख रहा व्यक्ति केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों में लगी गावर कंपनी का मजदूर है।इस मामले में कोतवाली सोनप्रयाग पर मु.अ.सं. 73/2024, धारा 298 और 331 भारतीय दंड संहिता के तहत प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई है।

## माफी मांगे स्वामी शिवानंद वरना किया जाएगा चरित्र उजागरः भुल्लर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। भरतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विक्रल भुल्लर ने मातृसदन के स्वामी शिवानंद द्वारा भेजे गए मानहानि के नोटिस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहाकि कोई भी नोटिस उन्हें सच बोलने से नहीं रोक सकता। और ऐसे नोटिस से वह डरने वाले हैं। स्वामी शिवानंद द्वारा भेजे गए कूननी नोटिस को तथ्यात्मक जवाब देने के साथ बाबा के चरित्र को जनता के समक्ष उजागर किया जाएगा। प्रेस क्लब में बुधवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए विक्रम भुल्लर ने कहाकि स्वामी शिवानंद द्वारा उनकी पार्टी के मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेताओं और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों पर खनन को लेकर झूठे आरोप और अभद्र टिप्पणी की गई थी। कहाकि राजनेताओं और हरिद्वार की जनता के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना संत परम्परा और सामाजिक मर्यादा दोनों का अपमान है, जो स्वामी शिवानंद द्वारा किया गया। उन्होंने अमार्यादित भाषा और झूठे आरोप लगाने के लिए उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहाकि इस प्रकार का व्यवहार गंगा संरक्षण की लड़ाई को हिस्सा नहीं हो सकता। कहाकि यदि स्वामी शिवानंद गंगा के लिए सच में चिंतित हैं तो उन्हें इसके लिए ठोस और वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत करना चाहिए। अर्मायादित भाषा का प्रयोग कर और अराजकता फैलाकर स्वंय का महिमाण्डन किया जाना उचित नहीं हैं। विक्रम भुल्लर ने स्वामी शिवानंद पर गंगा संरक्षण की आड़ लेकर समाज में भ्रम और अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए शहर की जनता से ऐसे लोगों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहाकि अपने आरोपों के लिए स्वामी शिवानंद समाज से तत्काल माफी मागे अन्यथा उनकी स्वाथपूर्ण और झूठी राजनीति का हर मंच पर पर्दाफाश करने का कार्य किया जाएगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063